आप श्री का अंतिम चातुर्मास सन् 2001 में आपकी जन्मभूमि फलौदी नगर में ही सम्पन्न हुआ। चातुर्मास पूर्ण होने के पश्चात् आप श्री की निश्रा में मांडवला से पालीताणा का छःरी पालित पैदल यात्री संघ निकलने वाला था जिसके लगभग 4 दिन पूर्व क्रूर काल की ऐसी घडी आई जिसने हमारे पू. गुरुदेव को हमसे छीन लिया। 16-02-2002 की प्रातः 7.10 बजे प्रतिक्रमण व प्रभु-भक्ति करते-करते केशवणा गांव में समाधिमय अवस्था में आप श्री ने इस नश्वर देह का त्याग किया और हम सभी को रोता-बिलखता छोड गये।

शासन देव से यही प्रार्थना है कि पू. गुरुदेव की आत्मा को चिर शांति प्राप्त हो और आपके पट्टधारी पू. आ. श्री कलाप्रभसूरिश्वर जी म.सा. शासन प्रभावना के कार्य करते हुए आप के नाम को दिन दूना और रात चौगुना करें और लगभग 750 साध्वियों व 30 गुरु भगवन्तों के विशाल समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हुए जिन शासन को चमकायें।

आप गुरुओं की आज्ञानुसार इस वर्ष जयपुर श्री संघ को पू.सा. श्री दिनमणि श्री जी आदि ठाणा-5 का अनूठा चातुर्मास करवाने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। इस महान उपकार के लिये समस्त जयपुर श्री संघ आपका हार्दिक आभारी है। जब गुरु शासन को चमकाते हैं तो शिष्याएं पीछे क्यों?

आप सभी गुरु भगवन्तों का असीम व मंगल आशीर्वाद हम सभी को सतत् मिलता रहे, आपकी करुणामयी दृष्टि श्रीसंघ पर सदा बनी रहे और श्रीसंघ भी देव गुरु-धर्म के प्रति श्रद्धा विनय व समर्पण भाव में उत्तरोत्तर वृद्धि करता रहे, इसी मंगल भावना के साथ मैं पूज्य गुरुदेव के चरणों में शतः शतः वंदन करते हुए श्रद्धा सुमन समर्पित करती हूँ।

141, जय जवान कॉलोनी-II, जयपुर-18

गुरुदेव की अमूल्य श्रद्धा, विनय एवं भक्ति का परिचय वि.सं. 2028 के चातुर्मास में हमको देखने को मिला । प.पू. देवेन्द्र सूरिश्वर जी म.सा. वृद्धावस्था और पांव में फैक्चर से स्थिरवास रहे । लाकडीया गांव में चातुर्मास में रसिकभाई बापूलाल जी की ओर से छःरी पालित संघ का आयोजन हुआ । संघ के अग्रणियों ने पन्यास श्री कलापूर्ण सूरिजी को आचार्य पदवी प्रदान करने की भावना प्रगट की । उत्तर में आचार्य भगवंत ने कहा-"मैं तो कितनी बार कहता हूँ लेकिन पन्यास जी मेरा कहना मानते नहीं हैं । यह शब्द सुनते ही पूज्य पन्यास जी का हृदय अंदर से तडपने लगा । सरल स्वभावी गुरु के मुख से मेरे लिये ऐसे वचन? अग्रणी श्रावकों की विनती और गुरुदेव की आज्ञा शिरोमान्य कर, पू. श्री को कच्छ में आचार्य पदवी प्रदान की गई ।

वि.सं. 2039 के अहमदाबाद के शांति नगर में चातुर्मास में व्याख्यान वाचस्पति आचार्यदेव श्रीमद्‌विजय रामचन्द सूरि जी म.सा. के उद्‌गार थे प्रभु भक्ति, अध्यात्म भावना चाहिये तो आचार्य कलापूर्ण सूरि के पास जाओ । पूज्य श्री ने नम्र बनकर जहां से मिले ग्रहण करने का प्रयत्न किया ।

आचार्य श्री पहले तो कच्छ, गुजरात, राजस्थान में प्रसिद्ध थे । अंतिम छः साल में मद्रास, बेंगलोर, कोयम्बतुर, सोलापुर, राजनांद गांव में चातुर्मास करके अद्वितीय शासन प्रभावना की । मद्रास के उपनगरों में अनेकों अंजनशलाका, प्रतिष्ठाएं करवाई । मद्रास में चंदा प्रभु जिनालय की अतिभव्य अंजनशलाका, प्रतिष्ठा महोत्सव देश-विदेश में विख्यात है ।

पूज्य आचार्य श्री के दर्शन के लोग दिवाने थे । सर्वत्र आचार्य श्री भगवान की तरह छा गये थे ।

पूज्य आचार्य देव आदि साधुवृंद फलौदी नगर से चातुर्मास पूर्ण कर छःरी पालित संघ के साथ नाकोडा पहुंचे । वहां बस एक ही रट "प्रभु तुं...ही...तुंही...बस एक तुं ही, प्रभु भक्ति में अपने आपको भी भूल जाते थे । नरसिंह मेहता, मीरां की प्रभु भक्ति की याद ताजा हो जाती थी ।

नाकोडाजी से विहार कर छोटे-छोटे गांवों को लाभान्वित करते-करते केशवणा की धरती को पावन करने गुरुदेव पधारे । लेकिन भवितव्यता कुछ और हो थी । केशवणा में गुरुदेव अस्वस्थ हो गये और सिद्ध भगवंत का स्मरण करते करते मोक्ष के अनन्त सुख की ओर प्रयाण कर गये ।

ऐसे भव्य जीवन से स्व पर कल्याण के शिखर को प्राप्त करने वाले अध्यात्मयोगी पू. आचार्य भगवंत के चरणों में कोटि-कोटि वंदना...भावभीनी श्रद्धांजलि...

सोंथली वालो का रास्ता, जयपुर

गुरुदेव की अमूल्य श्रद्धा, विनय एवं भक्ति का परिचय वि.सं. 2028 के चातुर्मास में हमको देखने को मिला । प.पू. देवेन्द्र सूरिश्वर जी म.सा. वृद्धावस्था और पांव में फैक्चर से स्थिरवास रहे । लाकडीया गांव में चातुर्मास में रसिकभाई बापूलाल जी की ओर से छःरी पालित संघ का आयोजन हुआ । संघ के अग्रणियों ने पन्यास श्री कलापूर्ण सूरिजी को आचार्य पदवी प्रदान करने की भावना प्रगट की । उत्तर में आचार्य भगवंत ने कहा-''मैं तो कितनी बार कहता हूॅ लेकिन पन्यास जी मेरा कहना मानते नहीं हैं । यह शब्द सुनते ही पूज्य पन्यास जी का हृदय अंदर से तडपने लगा । सरल स्वभावी गुरु के मुख से मेरे लिये ऐसे वचन? अग्रणी श्रावकों की विनती और गुरुदेव की आज्ञा शिरोमान्य कर, पू. श्री को कच्छ में आचार्य पदवी प्रदान की गई ।

वि.सं. 2039 के अहमदाबाद के शांति नगर में चातुर्मास में व्याख्यान वाचस्पति आचार्यदेव श्रीमद्विजय रामचन्द सूरि जी म.सा. के उद्‌गार थे प्रभु भक्ति, अध्यात्म भावना चाहिये तो आचार्य कलापूर्ण सूरि के पास जाओ । पूज्य श्री ने नम्र बनकर जहां से मिले ग्रहण करने का प्रयत्न किया ।

आचार्य श्री पहले तो कच्छ, गुजरात, राजस्थान में प्रसिद्ध थे । अंतिम छः साल में मद्रास, बेंगलोर, कोयम्बतुर, सोलापुर, राजनांद गांव में चातुर्मास करके अद्वितीय शासन प्रभावना की । मद्रास के उपनगरों में अनेकों अंजनशलाका, प्रतिष्ठाएं करवाई । मद्रास में चंदा प्रभु जिनालय की अतिभव्य अंजनशलाका, प्रतिष्ठा महोत्सव देश-विदेश में विख्यात है ।

पूज्य आचार्य श्री के दर्शन के लोग दिवाने थे । सर्वत्र आचार्य श्री भगवान की तरह छा गये थे ।

पूज्य आचार्य देव आदि साधुवृंद फलौदी नगर से चातुर्मास पूर्ण कर छःरी पालित संघ के साथ नाकोडा पहुंचे । वहां बस एक ही रट ''प्रभु तुं...ही...तुंही...बस एक तुं ही, प्रभु भक्ति में अपने आपको भी भूल जाते थे । नरसिंह मेहता, मीरां की प्रभु भक्ति की याद ताजा हो जाती थी ।

नाकोडाजी से विहार कर छोटे-छोटे गांवों को लाभान्वित करते-करते केशवणा की धरती को पावन करने गुरुदेव पधारे । लेकिन भवितव्यता कुछ और हो थी । केशवणा में गुरुदेव अस्वस्थ हो गये और सिद्ध भगवंत का स्मरण करते करते मोक्ष के अनन्त सुख की ओर प्रयाण कर गये ।

ऐसे भव्य जीवन से स्व पर कल्याण के शिखर को प्राप्त करने वाले अध्यात्मयोगी पू. आचार्य भग्वंत के चरणों में कोटि-कोटि वंदना...भावभीनी श्रद्धांजलि...

सोंथली वालो का रास्ता, जयपुर

जितनी आसानी से भोजन पचता है रात को खाया हुआ उतनी आसानी से नहीं पचता। आजकल के वैज्ञानिक डाक्टर तो यहां तक कहते हैं, शाम को 7 बजे के बाद दूध भी नहीं पीना चाहिए, क्योंकि उसे भी रात के समय हजम होने में देर लगती है तो भोजन की तो बात ही क्या? परन्तु आधुनिक सभ्यता के दीवाने निशाचर सभ्यता के प्रतीक बन गये हैं। दिन में दो बार भोजन करना आजकल के युवकों को पसन्द कहां है ? रात को 10-11-12 बजे भोजन करके सोते हैं। जब रात को इतनी देर से खाना खायेंगे तो कब पानी पीयेंगे ? खाये हुए भोजन को पचाने में पानी बहुत जरूरी होता है। इस प्रकार रात को खाने से पाचन शक्ति बिगडती है। बदहजमी होती है और उससे अनेक प्रकार के रोग उत्पन्न होते हैं। सब रोगों की जड है कब्ज या बदहजमी। रात को भोजन करने से ये दोनों बीमारियां जड पकडती हैं। इसलिए यह आयुर्वेद का सिद्धान्त विज्ञान सम्मत है कि रात को खाने से हाजमा बिगडता है और रोग बढते हैं। आरोग्य का नाश होता है।

2. दूसरी बात - जो वैज्ञानिक कहते हैं - रात के समय में अनेक प्रकार के सूक्ष्म कीटाणु वैक्टीरिया पैदा होते हैं। जो साधारण आँखों से दिखाई भी नहीं देते। वैक्टीरिया हमारे खाद्य पदार्थों पर भी आक्रमण करते हैं, कुछ वैक्टीरिया तो इतने धीठ हैं, जो साधारणतया अग्नि पर पकाये जाने पर भी नष्ट नहीं होते। वे केवल सूर्य के प्रकाश से ही नष्ट होते हैं। वे विषाणु वैक्टीरिया आपके मूल्यवान - स्वादिष्ट भोजन को भी जहरीला बना देते हैं और यह ऐसा जहरीला भोजन पेट में जाकर शक्ति - बल बढाने के स्थान पर आपकी शक्ति को खाता जायेगा। रोगों की वृद्धि करेगा। इस प्रकार विज्ञान और आयुर्वेद की दृष्टि से रात्रि भोजन स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त हानिकारक हैं।

3. प्राकृतिक दृष्टि से भी रात्रि भोजन त्याज्य है। आप देखते हैं सामान्य रूप में पशु-पक्षी सन्ध्या होने के साथ ही अपने-अपने घौसलो मे, नीडों में या दडवों में चले जाते हैं। रात भर वे न तो कुछ खाते हैं, और न ही जल पीते हैं। प्रातः सूर्योदय होने पर ही वे चार-पानी दाना चुगने निकलते हैं। इससे पता चलता है कि दिन में भोजन और रात में विश्राम यही प्रकृति का सहज क्रम है। रात को या तो हिंसक पशु अपना शिकार ढूंढने निकलते है या फिर आधुनिक वातावरण में रहने वाले शहरी पशु ही रात को खाते है। मनुष्य के लिए प्राकृतिक एवं स्वाभाविक नियम यही है कि वह रात में विश्राम करे, भजन-भक्ति ध्यान आदि में लीन रहे और दिन में श्रम करें।

पुराणों में अलंकारिक भाषा में बताया है - देवैस्तु भुक्तं पुर्वान्हे, मध्यान्हे ऋषिभिस्तथा।... दिन के बारह बजे तक

जितनी आसानी से भोजन पचता है रात को खाया हुआ उतनी आसानी से नहीं पचता। आजकल के वैज्ञानिक डाक्टर तो यहां तक कहते हैं, शाम को 7 बजे के बाद दूध भी नहीं पीना चाहिए, क्योंकि उसे भी रात के समय हजम होने में देर लगती है तो भोजन की तो बात ही क्या? परन्तु आधुनिक सभ्यता के दीवाने निशाचर सभ्यता के प्रतीक बन गये हैं। दिन में दो बार भोजन करना आजकल के युवकों को पसन्द कहां है ? रात को 10-11-12 बजे भोजन करके सोते हैं। जब रात को इतनी देर से खाना खायेंगे तो कब पानी पीयेंगे ? खाये हुए भोजन को पचाने में पानी बहुत जरूरी होता है। इस प्रकार रात को खाने से पाचन शक्ति बिगडती है। बदहजमी होती है और उससे अनेक प्रकार के रोग उत्पन्न होते हैं। सब रोगों की जड है कब्ज या बदहजमी। रात को भोजन करने से ये दोनों बीमारियां जड पकडती हैं। इसलिए यह आयुर्वेद का सिद्धान्त विज्ञान सम्मत है कि रात को खाने से हाजमा बिगडता है और रोग बढते हैं। आरोग्य का नाश होता है।

2. दूसरी बात - जो वैज्ञानिक कहते हैं - रात के समय में अनेक प्रकार के सूक्ष्म कीटाणु वैक्टीरिया पैदा होते हैं। जो साधारण आँखों से दिखाई भी नहीं देते। वैक्टीरिया हमारे खाद्य पदार्थों पर भी आक्रमण करते हैं, कुछ वैक्टीरिया तो इतने धीठ हैं, जो साधारणतया अग्नि पर पकाये जाने पर भी नष्ट नहीं होते। वे केवल सूर्य के प्रकाश से ही नष्ट होते हैं। वे विषाणु वैक्टीरिया आपके मूल्यवान - स्वादिष्ट भोजन को भी जहरीला बना देते हैं और यह ऐसा जहरीला भोजन पेट में जाकर शक्ति - बल बढाने के स्थान पर आपकी शक्ति को खाता जायेगा। रोगों की वृद्धि करेगा। इस प्रकार विज्ञान और आयुर्वेद की दृष्टि से रात्रि भोजन स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त हानिकारक हैं।

3. प्राकृतिक दृष्टि से भी रात्रि भोजन त्याज्य है। आप देखते हैं सामान्य रूप में पशु-पक्षी सन्ध्या होने के साथ ही अपने-अपने घौसलो मे, नीडों में या दडवों में चले जाते हैं। रात भर वे न तो कुछ खाते हैं, और न ही जल पीते हैं। प्रातः सूर्योदय होने पर ही वे चार-पानी दाना चुगने निकलते हैं। इससे पता चलता है कि दिन में भोजन और रात में विश्राम यही प्रकृति का सहज क्रम है। रात को या तो हिंसक पशु अपना शिकार ढूंढने निकलते है या फिर आधुनिक वातावरण में रहने वाले शहरी पशु ही रात को खाते है। मनुष्य के लिए प्राकृतिक एवं स्वाभाविक नियम यही है कि वह रात में विश्राम करे, भजन-भक्ति ध्यान आदि में लीन रहे और दिन में श्रम करें।

पुराणों में अलंकारिक भाषा में बताया है - देवैस्तु भुक्तं पुर्वान्हे, मध्यान्हे ऋषिभिस्तथा।... दिन के बारह बजे तक

भोजन में इस प्रकार जीव जन्तु चले जाने से अनेक महारोग उत्पन्न हो जाते हैं । इस प्रकार जीव हिंसा भी होती है और अनेक दुःसाध्य रोगों की उत्पत्ति होती है। इन सभी दोषों के कारण जैन परम्परा में रात को भोजन करने का पूर्ण निषेध है। प्राचीन समय में जैनों की पहचान थी कि जैन कौन ? जो रात को भोजन नहीं करते । वैदिक धर्म के ग्रन्थों में भी रात्रि भोजन को राक्षसी भोजन कहा है। मानव मात्र के लिए रात को खाना पाप और रोग उत्पत्ति का कारण माना गया है।

6. अध्यात्म दृष्टि से रात्रि भोजन त्यागना बहुत बडा तप का लाभ माना गया है। आचार्यो ने कहा है-

ये रात्रौ सर्वदाहार वर्जयन्ति सुमेधसः।
तेषां पक्षोपवासस्य फलं मासेन जायते ।

जो व्यक्ति एक महीने रात्रि भोजन का त्याग करता है, उसे महीने में पंद्रह दिन के तप का लाभ मिलता है। कितना बडा तप है यह ? और इतना सहज । बिना किसी कष्ट के सहज रूप में रात्रि भोजन त्यागने से आप 15 दिन की तपस्या का फल भी पा सकते हैं। वैदिक ग्रंथों में कहा है-

एक भक्ताशनान्नित्य अग्नि होत्र फलं भवेत् ।
अनस्तभोजनो नित्यं तीर्थयात्रा फलं लभेत् ।

जो व्यक्ति दोपहर में एक समय ही भोजन करता है, वह अग्निहोत्र यज्ञ का फल प्राप्त करता है, और जो रात्रि में भोजन नहीं करता वह घर बैठे ही तीर्थयात्रा का पुण्य-फल पा लेता है ।

इस प्रकार हम देखते हैं कि जैन धर्म में रात्रि भोजन का जो निषेध है उसके पीछे आरोग्य की दृष्टि भी है, अहिंसा की दृष्टि भी है और तप की दृष्टि भी है । तीनों ही दृष्टियों से रात्रि भोजन त्याज्य है । रात्रि भोजन को नरक का कारण भी माना है । कहा गया है- जो रात्रि भोजन करता है, राक्षस उसका भोजन करते हैं । वह नरक में जाता है और घोर कष्ट व पीडा भोगता है ।

उपसंहार

आहार शुद्धि के विषय में जैन आचार्यो ने अनेक दृष्टियों से विचार किया है। उसमें हिताहार-मिताहार का भी विशेष महत्त्व है । जो खाये वह हितकारी एवं स्वास्थ्य लाभ देने वाला हो । इसी के साथ अल्पमात्रा में खायें । भूख से कम, पेट की शक्ति से कम खायें । सामान्यतः पेट के चार भाग जल के लिए और एक भाग वायु संचरण के लिए रखना चाहिए। जो आदमी भूख से आधे पेट भोजन करता है वह कभी बीमार नहीं पडता।

डाक्टरों के अनुसार हल्का और अल्पमात्रा में भोजन करने से पचाने के लिए पेट को और रक्त संचार के लिए हृदय को भी कम श्रम करना पडता है इसलिए उस आदमी का हृदय अधिक दिन तक कार्य क्षम रहता है और स्वस्थ भी रहता है ।

तैत्तिरीय उपनिषद् में एक मंत्र है-

भोजन में इस प्रकार जीव जन्तु चले जाने से अनेक महारोग उत्पन्न हो जाते हैं । इस प्रकार जीव हिंसा भी होती है और अनेक दुःसाध्य रोगों की उत्पत्ति होती है । इन सभी दोषों के कारण जैन परम्परा में रात को भोजन करने का पूर्ण निषेध है । प्राचीन समय में जैनों की पहचान थी कि जैन कौन ? जो रात को भोजन नहीं करते । वैदिक धर्म के ग्रन्थों में भी रात्रि भोजन को राक्षसी भोजन कहा है । मानव मात्र के लिए रात को खाना पाप और रोग उत्पत्ति का कारण माना गया है।

6. अध्यात्म दृष्टि से रात्रि भोजन त्यागना बहुत बडा तप का लाभ माना गया है। आचार्यो ने कहा है-

ये रात्रौ सर्वदाहार वर्जयन्ति सुमेधसः।
तेषां पक्षोपवासस्य फलं मासेन जायते ।

जो व्यक्ति एक महीने रात्रि भोजन का त्याग करता है, उसे महीने में पंद्रह दिन के तप का लाभ मिलता है । कितना बडा तप है यह ? और इतना सहज । बिना किसी कष्ट के सहज रूप में रात्रि भोजन त्यागने से आप 15 दिन की तपस्या का फल भी पा सकते हैं। वैदिक ग्रंथों में कहा है-

एक भक्ताशनान्नित्य अग्नि होत्र फलं भवेत् ।
अनस्तभोजनो नित्यं तीर्थयात्रा फलं लभेत् ।

जो व्यक्ति दोपहर में एक समय ही भोजन करता है, वह अग्निहोत्र यज्ञ का फल प्राप्त करता है, और जो रात्रि में भोजन नहीं करता वह घर बैठे ही तीर्थयात्रा का पुण्य-फल पा लेता है ।

इस प्रकार हम देखते हैं कि जैन धर्म में रात्रि भोजन का जो निषेध है उसके पीछे आरोग्य की दृष्टि भी है, अहिंसा की दृष्टि भी है और तप की दृष्टि भी है । तीनों ही दृष्टियों से रात्रि भोजन त्याज्य है । रात्रि भोजन को नरक का कारण भी माना है । कहा गया है-जो रात्रि भोजन करता है, राक्षस उसका भोजन करते हैं । वह नरक में जाता है और घोर कष्ट व पीडा भोगता है ।

उपसंहार

आहार शुद्धि के विषय में जैन आचार्यो ने अनेक दृष्टियों से विचार किया है। उसमें हिताहार-मिताहार का भी विशेष महत्त्व है । जो खाये वह हितकारी एवं स्वास्थ्य लाभ देने वाला हो । इसी के साथ अल्पमात्रा में खायें । भूख से कम, पेट की शक्ति से कम खायें । सामान्यतः पेट के चार भाग जल के लिए और एक भाग वायु संचरण के लिए रखना चाहिए । जो आदमी भूख से आधे पेट भोजन करता है वह कभी बीमार नहीं पडता।

डाक्टरों के अनुसार हल्का और अल्पमात्रा में भोजन करने से पचाने के लिए पेट को और रक्त संचार के लिए हृदय को भी कम श्रम करना पडता है इसलिए उस आदमी का हृदय अधिक दिन तक कार्य क्षम रहता है और स्वस्थ भी रहता है ।

तैत्तिरीय उपनिषद् में एक मंत्र है-

आत्म-शुद्धि में बाधक-राग-द्वेष

-प.पू. आ. देव श्रीमद्विजय जिनोत्तमसूरीश्वर जी म.सा.

धर्मप्रेमी महानुभावों !

आत्म-साधना के मार्ग में ही नहीं अपितु सामाजिक जीवन में भी अशांति का कारण राग-द्वेष ही है। मानव-मन के अनुकूल जब विषयों की प्राप्ति होती है तो 'राग' की उत्पत्ति होती है तथा जब मानव-मन के प्रतिकूल विषयों एवं अवस्थाओं की प्राप्ति होती है तो द्वेष भावना का उदय होता है जब एक व्यक्ति या वस्तु के प्रति राग होता है तो साथ ही किसी न किसी व्यक्ति या वस्तु के साथ द्वेष-भावना भी अवश्य होती है। ये राग-द्वेष की जोडी, मनुष्य के जीवन में जहर घोलती है। जीवन में अशांति एवं अव्यवस्था फैलाती है, जिससे कि सामान्य जन जीवन दूषित हो जाता है फिर अध्यात्म जगत की तो बात ही क्या है ?

भारतीय साधना-पद्धति में राग-द्वेष दोनों को ही दूषित तत्त्व बताया गया है। ये दोनों तत्त्व हमें अपने नैतिक पथ से भ्रष्ट कर देते हैं। जब तक हमारी आँखों पर राग या द्वेष का चश्मा लगा रहता है, तब तक हम तत्वार्थ निर्णय नहीं कर सकते। वस्तु के स्वरूप को नही पहचान सकते, क्योंकि तत्वार्थ निर्णय के लिए निष्पक्ष धारणा आवश्यक है। यदि रागात्मक या द्वेषात्मक धारणा पहले से ही बनी हुई है तो फिर तत्त्वार्थ-निर्णय कैसे हो सकता है ?

अध्यात्म के प्रसंग में इनके विद्यमान रहते आत्म-साधना सफल नही हो सकती। राग से कामनाओं, इच्छाओं की उत्पत्ति होती है तथा द्वेष से क्रोध की उत्पत्ति होती है।

सङ्गात् संजायते कामः कामात् क्रोधोऽभिजायते। *(गीता-२/६२)*

अर्थात् आसक्ति से विषयों की कामना उत्पन्न होती है और कामना में विघ्न पडने पर क्रोध उत्पन्न होता है। यहां प्रश्न उठता है कि क्रोध का कारण राग अर्थात् काम है या द्वेष? उत्तर है-दोनों ही, क्योंकि काम तो क्रोध का निमित्त कारण है तथा द्वेष उपादान कारण।

आसक्ति का ही दूसरा पर्याय है-राग। राग से रंजित मनुष्य का मानस अनेक कामनाओं के प्रति आकर्षित रहता है। उन

आत्म-शुद्धि में बाधक-राग-द्वेष

-प.पू. आ. देव श्रीमद्विजय जिनोत्तमसूरीश्वर जी म.सा.

धर्मप्रेमी महानुभावों !

आत्म-साधना के मार्ग में ही नहीं अपितु सामाजिक जीवन में भी अशांति का कारण राग-द्वेष ही है। मानव-मन के अनुकूल जब विषयों की प्राप्ति होती है तो 'राग' की उत्पत्ति होती है तथा जब मानव-मन के प्रतिकूल विषयों एवं अवस्थाओं की प्राप्ति होती है तो द्वेष भावना का उदय होता है जब एक व्यक्ति या वस्तु के प्रति राग होता है तो साथ ही किसी न किसी व्यक्ति या वस्तु के साथ द्वेष-भावना भी अवश्य होती है। ये राग-द्वेष की जोडी, मनुष्य के जीवन में जहर घोलती है। जीवन में अशांति एवं अव्यवस्था फैलाती है, जिससे कि सामान्य जन जीवन दूषित हो जाता है फिर अध्यात्म जगत की तो बात ही क्या है ?

भारतीय साधना-पद्धति में राग-द्वेष दोनों को ही दूषित तत्त्व बताया गया है। ये दोनों तत्त्व हमें अपने नैतिक पथ से भ्रष्ट कर देते है। जब तक हमारी आँखों पर राग या द्वेष का चश्मा लगा रहता है, तब तक हम तत्वार्थ निर्णय नहीं कर सकते। वस्तु के स्वरूप को नही पहचान सकते, क्योंकि तत्वार्थ निर्णय के लिए निष्पक्ष धारणा आवश्यक है। यदि रागात्मक या द्वेषात्मक धारणा पहले से ही बनी हुई है तो फिर तत्त्वार्थ-निर्णय कैसे हो सकता है ?

अध्यात्म के प्रसंग में इनके विद्यमान रहते आत्म-साधना सफल नही हो सकती। राग से कामनाओं, इच्छाओं की उत्पत्ति होती है तथा द्वेष से क्रोध की उत्पत्ति होती है।

सङ्गात् संजायते कामः कामात् क्रोधोऽभिजायते। *(गीता-२/६२)*

अर्थात् आसक्ति से विषयों की कामना उत्पन्न होती है और कामना में विघ्न पडने पर क्रोध उत्पन्न होता है। यहां प्रश्न उठता है कि क्रोध का कारण राग अर्थात् काम है या द्वेष? उत्तर है-दोनों ही, क्योंकि काम तो क्रोध का निमित्त कारण है तथा द्वेष उपादान कारण।

आसक्ति का ही दूसरा पर्याय है-राग। राग से रंजित मनुष्य का मानस अनेक कामनाओं के प्रति आकर्षित रहता है। उन

पुण्यवानों ! हमें अनुकूलता में हर्ष और प्रतिकूलता में विषाद होता है। चिन्ता, भय, शोक, ईर्ष्या-ये सब द्वेष के कारण होते हैं। पक्षपात, कामान्धता आदि राग के कारण उत्पन्न होते हैं इसलिए अनुकूल-प्रतिकूल वृत्तियों का नाश होने से सारे विकारों का नाश होकर, मनुष्य में स्वाभाविक समता-वृत्ति आ जाती है। उसके लिए हर्ष-विषाद, लाभ-हानि आदि में समता ही प्रतीत होती है। वह किसी को अच्छा या बुरा नहीं मानता। उसके लिए सब समान हो जाते हैं।

भारतीय संस्कृति में तो समता के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला गया है। समता भाव में वह अमोघ शक्ति है जो कि शत्रु को भी मित्र बना देती है। ''यह तेरा है, यह मेरा है'' भाव विषमता पैदा करता है। परन्तु भारतीय संस्कृति तो सबको समता-दर्शन का पाठ पढाती है। यह अपना है, यह पराया है-इस प्रकार की भावना तो तुच्छ पुरुष रखते हैं, किन्तु समता-धारकों के लिए तो सारा विश्व ही समान है। कहा भी है-

अयं निजः परोवेति गणना लघु चेतसाम् ।
उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्वकम् ॥

समताधारियों की दृष्टि में किसी प्रकार की विषमता का समावेश नही हो सकता। समता-योग का सर्वोच्च सोपान है, जिस पर चढने के पश्चात् आत्म-दर्शन सहज एवं स्वाभाविक हो जाता है। भगवान महावीर ने समता को अपने जीवन का महनीय अंग बनाकर समता के अनेक सुन्दर उपदेश दिये हैं, जिनको यदि जीवन में उतार लिया जाये तो जीवन ज्योतिर्मय हो जायेगा।

आया तुले पयासु
(सू.कृ.श्रु.१ अ.११ गा.३)

अर्थात् अपनी आत्मा के समान सबकी आत्मा को समझो। जो व्यक्ति अपनी आत्मा के समान ही सबकी आत्मा को समझेगा, वह भला कैसे किसी को कष्ट दे सकेगा? किसी से कैसे द्वेष कर सकेगा ? प्राणीमात्र को सुख अनुकूल लगता है तथा दुःख प्रतिकूल। संसार में कोई मरना नहीं चाहता, सब जीना चाहते हैं। समता के विषय में व्यासजी ने भी ऐसे ही विचार दिए हैं-

आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत्

अर्थात् अपने को प्रतिकूल कष्टप्रद लगने वाले कार्यो को दूसरों के लिए मत करो।

भगवान महावीर ने तो शत्रु अथवा मित्र सभी प्राणियों के विषय में समभाव रखने के लिए अहिंसा की परिभाषा में ही स्वीकार किया है, साथ ही यह भी कहा है कि आजीवन किसी भी प्राणी की मन, वचन काया से हिंसा न करना एक दुष्कर व्रत है-

समया सव्व भूएसु, सत्तु मित्तेसु वा जगे ।
पाणाइवाय-विरई, जावज्जीवाए दुक्करम् ॥
(उत्तरा.अ.१९ गा.२५)

सत्य की सफलता भी समता पर अवलम्बित है। समताधारी मानव कभी

पुण्यवानों ! हमें अनुकूलता में हर्ष और प्रतिकूलता में विषाद होता है । चिन्ता, भय, शोक, ईर्ष्या-ये सब द्वेष के कारण होते हैं । पक्षपात, कामान्धता आदि राग के कारण उत्पन्न होते हैं इसलिए अनुकूल-प्रतिकूल वृत्तियों का नाश होने से सारे विकारों का नाश होकर, मनुष्य में स्वाभाविक समता-वृत्ति आ जाती है । उसके लिए हर्ष-विषाद, लाभ-हानि आदि में समता ही प्रतीत होती है। वह किसी को अच्छा या बुरा नहीं मानता। उसके लिए सब समान हो जाते हैं ।

भारतीय संस्कृति में तो समता के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला गया है । समता भाव में वह अमोघ शक्ति है जो कि शत्रु को भी मित्र बना देती है । ''यह तेरा है, यह मेरा है'' भाव विषमता पैदा करता है । परन्तु भारतीय संस्कृति तो सबको समता-दर्शन का पाठ पढाती है । यह अपना है, यह पराया है-इस प्रकार की भावना तो तुच्छ पुरुष रखते हैं, किन्तु समता-धारकों के लिए तो सारा विश्व ही समान है । कहा भी है-

अयं निजः परोवेति गणना लघु चेतसाम् ।
उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्वकम् ॥

समताधारियों की दृष्टि में किसी प्रकार की विषमता का समावेश नही हो सकता । समता-योग का सर्वोच्च सोपान है, जिस पर चढ़ने के पश्चात् आत्म-दर्शन सहज एवं स्वाभाविक हो जाता है । भगवान महावीर ने समता को अपने जीवन का महनीय अंग बनाकर समता के अनेक सुन्दर उपदेश दिये हैं, जिनको यदि जीवन में उतार लिया जाये तो जीवन ज्योतिर्मय हो जायेगा ।

आया तुले पयासु

(सू.कृ.श्रु.१ अ.११ गा.३)

अर्थात् अपनी आत्मा के समान सबकी आत्मा को समझो । जो व्यक्ति अपनी आत्मा के समान ही सबकी आत्मा को समझेगा, वह भला कैसे किसी को कष्ट दे सकेगा? किसी से कैसे द्वेष कर सकेगा ? प्राणीमात्र को सुख अनुकूल लगता है तथा दुःख प्रतिकूल । संसार में कोई मरना नहीं चाहता, सब जीना चाहते हैं । समता के विषय में व्यासजी ने भी ऐसे ही विचार दिए हैं-

आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत्

अर्थात् अपने को प्रतिकूल कष्टप्रद लगने वाले कार्यो को दूसरों के लिए मत करो ।

भगवान महावीर ने तो शत्रु अथवा मित्र सभी प्राणियों के विषय में समभाव रखने के लिए अहिंसा की परिभाषा में ही स्वीकार किया है, साथ ही यह भी कहा है कि आजीवन किसी भी प्राणी की मन, वचन काया से हिंसा न करना एक दुष्कर व्रत है-

समया सव्व भूएसु, सत्तु मित्तेसु वा जगे ।
पाणाइवाय-विरई, जावज्जीवाए दुक्करम् ॥

(उत्तरा.अ.१९ गा.२५)

सत्य की सफलता भी समता पर अवलम्बित है । समताधारी मानव कभी

चाहने वाला, द्वेषी तथा बन्धुगणों में धर्मात्माओं और पापियों में समभाव रखने वाला निश्चित श्रेष्ठ महापुरुष है।

कितना सुन्दर प्रतिपादन है-शास्त्रों में, समतायोगी का। ऐसी समता आने पर अवकाश ही कहां है, विषमता को ठहरने का। राग-द्वेष के सभी रास्ते बंद हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में जो अपूर्व शांति सुख एवं आनन्द की अनुभूति होती है, वह आत्मा की सहज अभिव्यक्ति है। समता की प्रतिष्ठा में आत्मा का स्वरूप निखरने लगता है। समता में वह शक्ति है जिससे विषमता की कडियां, संकीर्णता की भावनाएं टूटने लगती हैं, बिखरने लगती हैं। उनका नामोनिशान तक नहीं रहता। सर्वत्र समता का सूर्य चमकने लगता है।

आज मानव-जीवन में जितनी समस्याएं हैं, जितनी विसंगतियां हैं, जितनी हलचल एवं विरोध की संभावनाएं हैं, जितनी अशांतियाँ हैं, उन्हें विज्ञान की अनुसंधानात्मक प्रवृत्तियाँ शांत नहीं कर सकतीं, क्योंकि उनका अनुसंधान बहिर्मुखी है। बहिर्जगत् को देकर प्रवृत्त होता है, आज का भौतिक विज्ञान। अशांतियां बाहर की नहीं अन्तर की हैं। विरोध अन्तस्तल में है। विसंगतियां शारीरिक नहीं मानसिक हैं। उनका निदान तथा शोधन आत्म-विज्ञान से ही सम्भव है। अतः आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है कि हम अपनी अनुसंधानात्मक प्रवृत्ति को आध्यात्मिक बनायें, तभी विषमताएं दूर होंगी तथा आत्मा एवं परमात्मा में भेद प्रतीति नहीं होगी-

तुझ में मुझ में भेद न पाऊँ, ऐसा हो सन्धान।
अजर-अमर अखिलेश निरंजन, जयंति सिद्ध भगवान्॥

ये पंक्तियाँ, यदि हमारे जीवन का आदर्श बन जाएं तो 'तेरे मेरे' का भेद दूर हो जायेगा, मिट जायेगा, समता प्रतिष्ठित हो जायेगी। समता की प्रतिष्ठा में जो सुख है, वह सुख भौतिकता में कहां ? किन्तु ये समता प्राप्त होगी-निष्काम भाव से, कर्म फलाफल की लाभ-अलाभ की आसक्ति मूर्च्छा के त्याग के बाद। कहा भी है-

समः शत्रौ च मित्रे च तथा मानापमानयोः।
शीतोष्ण-सुखदुखेषु समः सङ्गविवर्जितः॥
तुल्यनिन्दास्तुतिर्मौनी, सन्तुष्टो येन केनचित्।
अनिकेतः स्थिरमतिः, भक्तिमान्मे प्रियो नरः॥

इतना ही नहीं गीता में विस्तारपूर्वक इसकी विवेचना है, जिससे कोई भी जीव क्लेश या उद्वेग को प्राप्त नहीं होता और जो स्वयं भी किसी जीव से उद्वेग को प्राप्त नहीं होता तथा हर्ष, अमर्ष, भय उद्वेग आदि से रहित होता है, वही परमात्मा का श्रेष्ठ भक्त है, जिसकी कोई आकांक्षा नहीं है। जो बाह्याभ्यन्तर शुद्धि से सम्पन्न है, पक्षपात रति, दुःखों से विमुक्त, वह आरम्भ-समारम्भ का परित्यागी अर्थात् मन-वाणी तथा शरीर द्वारा प्रारम्भ से होने वाले सम्पूर्ण स्वाभाविक कर्मों में कर्त्तापन के अभिमान का त्यागी, जो

चाहने वाला, द्वेषी तथा बन्धुगणों में धर्मात्माओं और पापियों में समभाव रखने वाला निश्चित श्रेष्ठ महापुरुष है।

कितना सुन्दर प्रतिपादन है-शास्त्रों में, समतायोगी का। ऐसी समता आने पर अवकाश ही कहां है, विषमता को ठहरने का। राग-द्वेष के सभी रास्ते बंद हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में जो अपूर्व शांति सुख एवं आनन्द की अनुभूति होती है, वह आत्मा की सहज अभिव्यक्ति है। समता की प्रतिष्ठा में आत्मा का स्वरूप निखरने लगता है। समता में वह शक्ति है जिससे विषमता की कड़ियां, संकीर्णता की भावनाएं टूटने लगती हैं, बिखरने लगती हैं। उनका नामोनिशान तक नहीं रहता। सर्वत्र समता का सूर्य चमकने लगता है।

आज मानव-जीवन में जितनी समस्याएं हैं, जितनी विसंगतियां हैं, जितनी हलचल एवं विरोध की संभावनाएं हैं, जितनी अशांतियॉ हैं, उन्हें विज्ञान की अनुसंधानात्मक प्रवृत्तियॉ शांत नहीं कर सकतीं, क्योंकि उनका अनुसंधान बहिर्मुखी है। वहिर्जगत् को देकर प्रवृत्त होता है, आज का भौतिक विज्ञान। अशांतियां बाहर की नहीं अन्तर की हैं। विरोध अन्तस्तल में है। विसंगतियां शारीरिक नहीं मानसिक हैं। उनका निदान तथा शोधन आत्म-विज्ञान से ही सम्भव है। अतः आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है कि हम अपनी अनुसंधानात्मक प्रवृत्ति को आध्यात्मिक बनायें, तभी विषमताएं दूर होंगी तथा आत्मा एवं परमात्मा में भेद प्रतीति नहीं होगी-

तुझ में मुझ में भेद न पाऊँ, ऐसा हो सन्धान।
अजर-अमर अखिलेश निरंजन, जयति सिद्ध भगवान्॥

ये पंक्तियॉ, यदि हमारे जीवन का आदर्श बन जाएं तो 'तेरे मेरे' का भेद दूर हो जायेगा, मिट जायेगा, समता प्रतिष्ठित हो जायेगी। समता की प्रतिष्ठा में जो सुख है, वह सुख भौतिकता में कहां ? किन्तु ये समता प्राप्त होगी-निष्काम भाव से, कर्म फलाफल की लाभ-अलाभ की आसक्ति मूर्च्छा के त्याग के बाद। कहा भी है-

समः शत्रौ च मित्रे च तथा मानापमानयोः।
शीतोष्ण-सुखदुखेषु समः सङ्गविवर्जितः॥
तुल्यनिन्दास्तुतिर्मौनी, सन्तुष्टो येन केनचित्।
अनिकेतः स्थिरमतिः, भक्तिमान्मे प्रियो नरः॥

इतना ही नहीं गीता में विस्तारपूर्वक इसकी विवेचना है, जिससे कोई भी जीव क्लेश या उद्वेग को प्राप्त नहीं होता और जो स्वयं भी किसी जीव से उद्वेग को प्राप्त नहीं होता तथा हर्ष, अमर्ष, भय उद्वेग आदि से रहित होता है, वही परमात्मा का श्रेष्ठ भक्त है, जिसकी कोई आकांक्षा नहीं है। जो बाह्याभ्यन्तर शुद्धि से सम्पन्न है, पक्षपात रति, दुःखों से विमुक्त, वह आरम्भ-समारम्भ का परित्यागी अर्थात् मन-वाणी तथा शरीर द्वारा प्रारम्भ से होने वाले सम्पूर्ण स्वाभाविक कर्मों में कर्त्तापन के अभिमान का त्यागी, जो

कठोर वचनों से आक्रोश करे, तिरस्कृत करे तब भी भिक्षु को उन पर क्रोध नहीं करना चाहिए, क्योंकि क्रोध से भिक्षु भी उस अज्ञानी के समान हो जाता है। अतः मन को शांत रखना चाहिए।

भगवान ने केवल ऐसा उपदेश ही नहीं दिया, अपितु उनका समस्त जीवन समता का एक ज्वलन्त उदाहरण है-

श्रमण भगवान महावीर के जीवन में तप, तितिक्षा और धन की त्रिवेणी का संगम था। वे कठोर तप के साथ ध्यान के शान्त प्रकोष्ठ में प्रवेश करके अन्तर्लीन हो जाते—ऐसे प्रसंगों में अनेक देव, पिशाच, क्रूर पशु एवं हिंसक मनुष्य उन पर प्राणान्तक आक्रमण करते-कोई सहज स्वभाव के कारण, कोई द्वेषवश, किन्तु महावीर उन उपसर्गों को शान्त-दान्त, निष्क्लान्त भाव से अन्तर्लीन होकर सहन करते थे।

गोशाल की बला से मुक्त होकर श्रमण भगवान महावीर ने विविध तप करते हुए श्रावस्ती नगरी में वर्षावास किया। यहां पर उन्होंने ध्यान योग की अनेक प्रक्रियाओं द्वारा साधना को और प्रखर बनाया। चातुर्मासोपरान्त प्रभु ने कठोर सर्दी में भद्र, महाभद्र तथा सर्वतो भद्र की कठोर तपश्चरण विधि स्वीकार की और साथ ही ध्यान की श्रेष्ठतम श्रेणी पर आरूढ हुए। तभी का एक प्रसंग मैं आपको बता रहा हूँ—

तीन दिन का उपवास करके श्रमण भगवान महावीर पेढाल उद्यान में कायोत्सर्ग करके खडे थे और उत्कृष्ट ध्यान-प्रतिमा में लीन थे। तन, मन और प्राण स्थिर थे, वे अकम्प वज्रसंकल्पी की भांति ध्यानस्थ थे। इस अपूर्व ध्यानलीनता को देखकर देवराज इन्द्र भी गद्गद् होकर बोले—''आज ध्यान धीरता और तितिक्षा में श्रमण वर्धमान महावीर की कोई तुलना नहीं है। कोई देव या दानव इनकी निश्चलता को भंग नहीं कर सकता।'' देवताओं की सभा में उस समय संगम नामक एक देव उपस्थित था जो कि ईर्ष्यालु एवं अहंकारी था। उसने कहा-''देवराज के मुख से मनुष्य की प्रशंसा शोभा नहीं देती, यह मिथ्या स्तुति केवल श्रद्धातिरेक का प्रदर्शन है। मनुष्य में क्षमता ही नहीं कि वह देवशक्ति के सामने टिक सके। यदि आप हस्तक्षेप न करें तो मैं इसकी परीक्षा करके महावीर को ध्यानच्युत कर सकता हूँ।'' देवराज मौन रहे। संगम पेढाल उद्यान पहुँचा। अचानक सायं-सायं की आवाज से दिशाएं कांप उठीं। भयंकर धूल भरी आंधी से महावीर के शरीर पर मिट्टी का ढेर जम गया। ऑख, नाक, कान और पूरा शरीर धूल से दब गया पर महावीर ने अपने निश्चय के अनुसार ऑख की पलकें भी बंद नहीं कीं।

आंधी बंद हुई कि वज्र जैसे तीक्ष्ण मुँह वाली चींटियां चारों ओर से महावीर के शरीर को बुरी तरह से काटने लगीं, लेकिन महावीर का मन वज्र-सा दृढ रहा।

कठोर वचनों से आक्रोश करे, तिरस्कृत करे तब भी भिक्षु को उन पर क्रोध नहीं करना चाहिए, क्योंकि क्रोध से भिक्षु भी उस अज्ञानी के समान हो जाता है। अतः मन को शांत रखना चाहिए।

भगवान ने केवल ऐसा उपदेश ही नहीं दिया, अपितु उनका समस्त जीवन समता का एक ज्वलन्त उदाहरण है-

श्रमण भगवान महावीर के जीवन में तप, तितिक्षा और धान की त्रिवेणी का संगम था। वे कठोर तप के साथ ध्यान के शान्त प्रकोष्ठ में प्रवेश करके अन्तर्लीन हो जाते—ऐसे प्रसंगों में अनेक देव, पिशाच, क्रूर पशु एवं हिंसक मनुष्य उन पर प्राणान्तक आक्रमण करते-कोई सहज स्वभाव के कारण, कोई द्वेषवश, किन्तु महावीर उन उपसर्गों को शान्त-दान्त, निष्क्लान्त भाव से अन्तर्लीन होकर सहन करते थे।

गोशाल की बला से मुक्त होकर श्रमण भगवान महावीर ने विविध तप करते हुए श्रावस्ती नगरी में वर्षावास किया। यहां पर उन्होंने ध्यान योग की अनेक प्रक्रियाओं द्वारा साधना को और प्रखर बनाया। चातुर्मासोपरान्त प्रभु ने कठोर सर्दी में भद्र, महाभद्र तथा सर्वतो भद्र की कठोर तपश्चरण विधि स्वीकार की और साथ ही ध्यान की श्रेष्ठतम श्रेणी पर आरूढ हुए। तभी का एक प्रसंग मैं आपको बता रहा हूँ—

तीन दिन का उपवास करके श्रमण भगवान महावीर पेढाल उद्यान में कायोत्सर्ग करके खडे थे और उत्कृष्ट ध्यान-प्रतिमा में लीन थे। तन, मन और प्राण स्थिर थे, वे अकम्प वज्रसंकल्पी की भांति ध्यानस्थ थे। इस अपूर्व ध्यानलीनता को देखकर देवराज इन्द्र भी गद्‌गद् होकर बोले—''आज ध्यान धीरता और तितिक्षा में श्रमण वर्धमान महावीर की कोई तुलना नहीं है। कोई देव या दानव इनकी निश्चलता को भंग नहीं कर सकता।'' देवताओं की सभा में उस समय संगम नामक एक देव उपस्थित था जो कि ईर्ष्यालु एवं अहंकारी था। उसने कहा-''देवराज के मुख से मनुष्य की प्रशंसा शोभा नहीं देती, यह मिथ्या स्तुति केवल श्रद्धातिरेक का प्रदर्शन है। मनुष्य में क्षमता ही नहीं कि वह देवशक्ति के सामने टिक सके। यदि आप हस्तक्षेप न करें तो मैं इसकी परीक्षा करके महावीर को ध्यानच्युत कर सकता हूँ।'' देवराज मौन रहे। संगम पेढाल उद्यान पहुँचा। अचानक सायं-सायं की आवाज से दिशाएं कांप उठीं। भयंकर धूल भरी आंधी से महावीर के शरीर पर मिट्टी का ढेर जम गया। ऑख, नाक, कान और पूरा शरीर धूल से दब गया पर महावीर ने अपने निश्चय के अनुसार ऑख की पलकें भी बंद नहीं कीं।

आंधी बंद हुई कि वज्र जैसे तीक्ष्ण मुँह वाली चींटियां चारों ओर से महावीर के शरीर को बुरी तरह से काटने लगी, लेकिन महावीर का मन वज्र-सा दृढ रहा।

बढते हुए माया-लोभ ये चारों काले कुत्सित कषाय पुनर्जन्म रूपी संसार वृक्ष की जडों को सींचते हैं ।

राग के मार्ग में बाधा पडने पर क्रोध उत्पन्न होता है । क्रोध में तमागुण की अधिकता होती है इसमें मानव, दानव बन जाता है । मानव का सन्तुलन बिगड जाता है। क्रोध के कारण कई अनर्थ हो जाते हैं ।

अक्सर देखा जाता है कि मनुष्य जिस कर्म को बुद्धि द्वारा बुरा समझता है, उसे करना भी नहीं चाहता फिर भी छोड नहीं पाता और जिस काम को अच्छा समझता उसे करना चाहता है, किन्तु उसे कर नहीं पाता। इस प्रकार त्याज्य कर्म को न त्यागना तथा कर्त्तव्य को न करना-प्रमाद कहलाता है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, राग, द्वेष, झूठ, कपट, चोरी, हिंसा, व्यभिचार आदि दुराचारों का त्याग न करने से ज्ञान, वैराग्य, सद्गुण, सदाचार, योग, भक्ति का आचरण न करने से मनुष्य में दोष ही दोष उत्पन्न होने लगते हैं।

पाण्डव गीता में कहा है—

जानामि धर्मं न च मे प्रवृत्तिः
जानाम्यधर्मं न च मे निवृत्तिः ।
केनापि देवेन हृदि स्थितेन
यथा नियुक्तोऽस्मि तथा करोमि ॥

अर्थात् मैं धर्म को जानता हूँ, परन्तु मेरी उसमें प्रवृत्ति नहीं होती । मैं अधर्म को जानता हूँ किन्तु उससे मेरी निवृत्ति नहीं होती, किन्तु मेरे हृदय में कोई ऐसी शक्ति है जो मुझे जैसा प्रेरित करती है, मैं वैसा ही करता हूँ—यह उक्ति दुर्योधन की है । यह ठोस सिद्धान्त नहीं है, क्योंकि जो धर्म, अधर्म का विवेकी पुरुष होगा वह कभी भ्रान्त दशा में नहीं रहेगा। मन के दास तो अविवेकी पुरुष ही होते हैं, ज्ञानी नहीं । यही दुर्योधन जैसी दशा है तो वस्तुतः हम धर्म, अधर्म तत्त्व को जानते ही नहीं । आज के मानव की स्थिति तो जरूर इस श्लोक में प्रतिबिम्बित है ही ।

अर्जुन ने कृष्ण से पूछा है-

अथ केन प्रयुक्तोऽयम्, पापं चरति पुरुषः ।
अनिच्छन्नपि वार्ष्णेय ! बलिदिव नियोजितः ॥

हे कृष्ण ! तो फिर यह मनुष्य जबरदस्ती नियोजित की भांति किससे प्रेरित होकर पाप का आचरण करता है?

कृष्ण ने उत्तर दिया-

काम एष क्रोध एष रजोगुण-समुद्भवः ।
महाशनो महापाप्मा विद्धयेनमिह वैरिणम् ॥

(गीता/३-३७)

अर्थात् रजोगुण से उत्पन्न हुआ यह काम ही क्रोध है । यह ही महाअशन अर्थात् अग्नि के सदृश भोगों से न तृप्त होने वाला बडा पापी है- दुराचरण में प्रवृत्त करवाने में तुम इसे ही अपना शत्रु समझो ।

ज्ञानी महापुरुषों ने कहा है-काम, लोभ, मान, मोह आदि मानव के शरीरस्थ शत्रु हैं । यदि किसी भी प्रकार से इन पर मनुष्य विजय प्राप्त कर ले तो उसे किसी

बढते हुए माया-लोभ ये चारों काले कुत्सित कषाय पुनर्जन्म रूपी संसार वृक्ष की जडों को सींचते हैं।

राग के मार्ग में बाधा पडने पर क्रोध उत्पन्न होता है। क्रोध में तमागुण की अधिकता होती है इसमें मानव, दानव बन जाता है। मानव का सन्तुलन बिगड जाता है। क्रोध के कारण कई अनर्थ हो जाते हैं।

अक्सर देखा जाता है कि मनुष्य जिस कर्म को बुद्धि द्वारा बुरा समझता है, उसे करना भी नहीं चाहता फिर भी छोड नहीं पाता और जिस काम को अच्छा समझता उसे करना चाहता है, किन्तु उसे कर नहीं पाता। इस प्रकार त्याज्य कर्म को न त्यागना तथा कर्त्तव्य को न करना-प्रमाद कहलाता है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, राग, द्वेष, झूठ, कपट, चोरी, हिंसा, व्यभिचार आदि दुराचारों का त्याग न करने से ज्ञान, वैराग्य, सद्गुण, सदाचार, योग, भक्ति का आचरण न करने से मनुष्य में दोष ही दोष उत्पन्न होने लगते हैं।

पाण्डव गीता में कहा है—

जानामि धर्मं न च मे प्रवृत्तिः
जानाम्यधर्मं न च मे निवृत्तिः।
केनापि देवेन हृदि स्थितेन
यथा नियुक्तोऽस्मि तथा करोमि॥

अर्थात् मैं धर्म को जानता हूँ, परन्तु मेरी उसमें प्रवृत्ति नहीं होती। मैं अधर्म को जानता हूँ किन्तु उससे मेरी निवृत्ति नहीं होती, किन्तु मेरे हृदय में कोई ऐसी शक्ति है जो मुझे जैसा प्रेरित करती है, मैं वैसा ही करता हूँ—यह उक्ति दुर्योधन की है। यह ठोस सिद्धान्त नहीं है, क्योंकि जो धर्म, अधर्म का विवेकी पुरुष होगा वह कभी भ्रान्त दशा में नहीं रहेगा। मन के दास तो अविवेकी पुरुष ही होते हैं, ज्ञानी नहीं। यही दुर्योधन जैसी दशा है तो वस्तुतः हम धर्म, अधर्म तत्त्व को जानते ही नहीं। आज के मानव की स्थिति तो जरूर इस श्लोक में प्रतिबिम्बित है ही।

अर्जुन ने कृष्ण से पूछा है-

अथ केन प्रयुक्तोऽयम्, पापं चरति पुरुषः।
अनिच्छन्नपि वार्ष्णेय! बलिदिव नियोजितः॥

हे कृष्ण! तो फिर यह मनुष्य जबरदस्ती नियोजित की भांति किससे प्रेरित होकर पाप का आचरण करता है?

कृष्ण ने उत्तर दिया-

काम एष क्रोध एष रजोगुण-समुद्भवः।
महाशनो महापाप्मा विद्धयेनमिह वैरिणम्॥

(गीता/३-३७)

अर्थात् रजोगुण से उत्पन्न हुआ यह काम ही क्रोध है। यह ही महाअशन अर्थात् अग्नि के सदृश भोगों से न तृप्त होने वाला बडा पापी है- दुराचरण में प्रवृत्त करवाने में तुम इसे ही अपना शत्रु समझो।

ज्ञानी महापुरुषों ने कहा है-काम, लोभ, मान, मोह आदि मानव के शरीरस्थ शत्रु हैं। यदि किसी भी प्रकार से इन पर मनुष्य विजय प्राप्त कर ले तो उसे किसी

छोडकर अपने जीवन को जंजाल बना लेते हैं। अशांति/टेंशन में जीवन-यापन करते हैं। अतः आवश्यक है कि राग-द्वेषात्मक आसुरी सम्पद् को छोडें, क्योंकि ये नरक के द्वार हैं।

त्रिविध नरकस्येदं, द्वारं नाशनमात्मनः।
कामः क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत्त्रयं त्यजेत्॥
एतैर्विमुक्तः कौन्तेय! तमोद्वारैस्त्रिभिर्नरः।
आचरत्यात्मनः श्रेयस्ततो याति परां गतिम्॥

राग-द्वेष के कारण उत्पन्न काम, क्रोध, लोभ रूपी आसुरी सम्पदा नरक का द्वार है। यह आत्मा को पतन के गर्त में ले जाती है। अतः आत्म-कल्याण-साधक व्यक्ति को इससे मुक्त होकर, आत्म-स्वरूप को प्राप्त करना चाहिए।

पुण्यवानों! मेरे कहने का, विश्लेषण का तात्पर्य यह है कि राग-द्वेष आध्यात्मिक जगत् के लिए ही नहीं, अपितु मानवता के प्रति भी अभिशाप हैं। इनसे मानव की वृत्तियां दूषित होती हैं। विषयों के प्रति आसक्ति बढती है। आसक्ति से कामनाएं उत्पन्न होती हैं। कामनाओं की पूर्ति में बाधा आने पर द्वेष, क्रोध की भावना भडकती है। अतः राग-द्वेष सारे अनर्थों की जड हैं। आश्चर्य तो यह है कि मानव यह सब जानता हुआ भी अनजान है कि राग-द्वेष हमारे शत्रु हैं, क्योंकि जब भी उसकी इन्द्रियों का सम्पर्क विषयों से होता है तो भौतिक आनन्द की अनुभूति होती है और वह भटक जाता है। राग का चश्मा उसके नेत्रों पर लग जाता है। राग के चश्में से उसे दृश्यमान जगत् अपना/आत्मीय प्रतीत होता है, वह दीवाना हो जाता है। उसे विषय आनन्ददायक प्रतीत होते हैं। राग के पथ में बाधक तत्त्वों की उपस्थिति के होते ही द्वेष की भावना भडकती है। बस, वह इसी प्रकार बारम्बार राग-द्वेष में लीन रहता है। साध्य-बिन्दु से भटक जाता है। बस! यह भटकाव ही उसके लिए खतरनाक है। आप स्वयं सोच सकते हैं कि राही यदि रास्ते से भटक जाये तो क्या वह मंजिल पा सकता है? नहीं! तो ठीक यही दशा राग-द्वेष के कारण आत्म-पथ से भटके हुए मानव की भी है। वह आत्म-पथ से भटक कर शांति नहीं पा सकता, आत्म-दर्शन आत्मानन्द नहीं प्राप्त कर सकता।

राग-द्वेषजयी, वीतराग प्रभु के चरणों में भाव-वन्दन।

चातुर्मास
श्री सम्मेदशिखर जी तीर्थ

किसी को गाली देने की जगह वाणी में माधुर्य लाओ। चेहरे पर लाई जाने वाली मुस्कान और वाणी में रहने वाली मिठास अपनी ओर से दिया जाने वाला सम्माननीय उपहार है।

छोडकर अपने जीवन को जंजाल बना लेते हैं। अशांति/टेंशन में जीवन-यापन करते हैं। अतः आवश्यक है कि राग-द्वेषात्मक आसुरी सम्पद् को छोडें, क्योंकि ये नरक के द्वार हैं।

त्रिविध नरकस्येदं, द्वारं नाशनमात्मनः।
कामः क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत्त्रयं त्यजेत्॥
एतैर्विमुक्तः कौन्तेय! तमोद्वारैस्त्रिभिर्नरः।
आचरत्यात्मनः श्रेयस्ततो याति परां गतिम्॥

राग-द्वेष के कारण उत्पन्न काम, क्रोध, लोभ रूपी आसुरी सम्पदा नरक का द्वार है। यह आत्मा को पतन के गर्त में ले जाती है। अतः आत्म-कल्याण-साधक व्यक्ति को इससे मुक्त होकर, आत्म-स्वरूप को प्राप्त करना चाहिए।

पुण्यवानों! मेरे कहने का, विश्लेषण का तात्पर्य यह है कि राग-द्वेष आध्यात्मिक जगत् के लिए ही नहीं, अपितु मानवता के प्रति भी अभिशाप हैं। इनसे मानव की वृत्तियां दूषित होती हैं। विषयों के प्रति आसक्ति बढती है। आसक्ति से कामनाएं उत्पन्न होती हैं। कामनाओं की पूर्ति में बाधा आने पर द्वेष, क्रोध की भावना भडकती है। अतः राग-द्वेष सारे अनर्थों की जड हैं। आश्चर्य तो यह है कि मानव यह सब जानता हुआ भी अनजान है कि राग-द्वेष हमारे शत्रु हैं, क्योंकि जब भी उसकी इन्द्रियों का सम्पर्क विषयों से होता है तो भौतिक आनन्द की अनुभूति होती है और वह भटक जाता है। राग का चश्मा उसके नेत्रों पर लग जाता है। राग के चश्में से उसे दृश्यमान जगत् अपना/आत्मीय प्रतीत होता है, वह दीवाना हो जाता है। उसे विषय आनन्ददायक प्रतीत होते हैं। राग के पथ में बाधक तत्त्वों की उपस्थिति के होते ही द्वेष की भावना भडकती है। बस, वह इसी प्रकार बारम्बार राग-द्वेष में लीन रहता है। साध्य-बिन्दु से भटक जाता है। बस! यह भटकाव ही उसके लिए खतरनाक है। आप स्वयं सोच सकते हैं कि राही यदि रास्ते से भटक जाये तो क्या वह मंजिल पा सकता है? नहीं! तो ठीक यही दशा राग-द्वेष के कारण आत्म-पथ से भटके हुए मानव की भी है। वह आत्म-पथ से भटक कर शांति नहीं पा सकता, आत्म-दर्शन आत्मानन्द नहीं प्राप्त कर सकता।

राग-द्वेषजयी, वीतराग प्रभु के चरणों में भाव-वन्दन।

चातुर्मास
श्री सम्मेदशिखर जी तीर्थ

किसी को गाली देने की जगह वाणी में माधुर्य लाओ। चेहरे पर लाई जाने वाली मुस्कान और वाणी में रहने वाली मिठास अपनी ओर से दिया जाने वाला सम्माननीय उपहार है।

उपदेश देते हुए कहा था कि-''बाहर के शत्रु शत्रु नहीं है, शत्रु तो आत्मा के भीतर में है, वे है-राग, द्वेष, काम, क्रोध, मोह-लोभ। इसे जीतने का प्रयत्न करना चाहिए।''

''वास्तव में ये भौतिक पदार्थो की लालसा ही हमारी आत्मा की दुश्मन है, जो बाहरी व्यक्ति को दुश्मन होने का कहती है। सत्य यह है कि-''अप्पाणमेव जुज्जाही, किं वे जुज्जेण बज्जओ'' अर्थात्-राग-द्वेष, काम-क्रोध, मोह-लोभ वाली आत्मा ही शत्रु है, उसके साथ युद्ध करना चाहिए, नाशवंत धन, राज्य, सोना आदि के लिए युद्ध करना निस्सार- बेकार है।''

ऐसा उपदेश सुनकर 98 पुत्रों ने युद्ध का विचार छोडकर, चारित्र-संयम-दीक्षा लेकर अंतरशत्रु पर विजय प्राप्त कर केवलज्ञान प्राप्त किया था और शाश्वत मोक्षलक्ष्मी पाई थी।

24 तीर्थंकरों का-''जीव मात्र को थोडी सी भी पीडा नहीं करना यानी अहिंसा, भौतिक लालसा का त्याग यानी अपरिग्रह, सत्य (अस्तेय), अचौर्य व ब्रह्मचर्य स्वरूप'' इन पंचशील के उपदेशों का भारतीय जनता पर इतना गहरा प्रभाव पडा है कि-भारतीय जन जन में ''जीओ और जीने दो'' का नारा गूंज रहा है। अहिंसा, अपरिग्रह आदि पंचशील का प्रभाव इतना हुआ है कि- एक भी राजा ने- एक भी भारतीय ने कभी विदेश में जाकर किसी से लडाई नहीं की है, हां शील-सदाचार-सत्यादि मूल्यों के लिए लडाई लडनी भी पडी तो लडाई की है, किन्तु जमीन, धन, वैभव को लूटने के लिए कोई भारतीय विदेश नहीं गया है।

जैनियों की पंचशील के विषय में प्रेम-मैत्री-स्नेह भाव की इतनी विशाल भावना है कि Live or Let Live जीओ और जीने दो की शुभ भावना से भी आगे बढकर दूसरों के लिए जीओ, यह उत्तम भावना है। गाय व शेर, बाघ और बकरी, सांप-नउला, चूहा-बिल्ली, परस्पर वैर भूल जाएं ऐसी भावना जैनियों की है, कि इस विश्व में नफरत मात्र का नाश हो व प्रेम-मैत्रीभाव बढे।

जैनाचार्यो का योगदान

जैनियों के ज्ञानी, त्यागी, संयमी, तपस्वी गुरु-जैनाचार्यों आदि मुनियों ने पवित्र आचार-विचार का प्रचार-प्रसार किया है, देश की ज्ञान संपत्ति में अपार वृद्धि की है। जैसे-

❑ 14 पूर्वधर श्री भद्रबाहु स्वामी ने जैनागमों व सूत्रों पर निर्युक्तियां रचकर ज्ञान के खजाने को समझने में सरल बनाया है।

❑ 10 पूर्वधर श्री उमास्वाति म. ने तत्वार्थसूत्र व प्रशमरति जैसे संस्कृति रक्षक व शुद्ध आचारवर्धक महान ग्रंथ दिये है।

❑ श्री शीलांकाचार्य ने ग्यारह अंगों पर विशेष टीकाएं रचकर ज्ञानमार्ग को पुष्ट किया है।

❑ श्री सिद्धसेन दिवाकर सूरिजी ने प्रमाणनयतत्वालोकालंकार, द्वादशारनयचक्र

उपदेश देते हुए कहा था कि-''बाहर के शत्रु शत्रु नहीं है, शत्रु तो आत्मा के भीतर में है, वे है-राग, द्वेष, काम, क्रोध, मोह-लोभ। इसे जीतने का प्रयत्न करना चाहिए।''

''वास्तव में ये भौतिक पदार्थो की लालसा ही हमारी आत्मा की दुश्मन है, जो बाहरी व्यक्ति को दुश्मन होने का कहती है। सत्य यह है कि-''अप्पाणमेव जुज्जाही, किं वे जुज्जेण बज्जओ'' अर्थात्-राग-द्वेष, काम-क्रोध, मोह-लोभ वाली आत्मा ही शत्रु है, उसके साथ युद्ध करना चाहिए, नाशवंत धन, राज्य, सोना आदि के लिए युद्ध करना निस्सार- बेकार है।''

ऐसा उपदेश सुनकर 98 पुत्रों ने युद्ध का विचार छोडकर, चारित्र-संयम-दीक्षा लेकर अंतरशत्रु पर विजय प्राप्त कर केवलज्ञान प्राप्त किया था और शाश्वत मोक्षलक्ष्मी पाई थी।

24 तीर्थंकरों का-''जीव मात्र को थोडी सी भी पीडा नहीं करना यानी अहिंसा, भौतिक लालसा का त्याग यानी अपरिग्रह, सत्य (अस्तेय), अचौर्य व ब्रह्मचर्य स्वरूप'' इन पंचशील के उपदेशों का भारतीय जनता पर इतना गहरा प्रभाव पडा है कि-भारतीय जन जन में ''जीओ और जीने दो'' का नारा गूंज रहा है। अहिंसा, अपरिग्रह आदि पंचशील का प्रभाव इतना हुआ है कि- एक भी राजा ने- एक भी भारतीय ने कभी विदेश में जाकर किसी से लडाई नहीं की है, हां शील-सदाचार-सत्यादि मूल्यों के लिए लडाई लडनी भी पडी तो लडाई की है, किन्तु जमीन, धन, वैभव को लूटने के लिए कोई भारतीय विदेश नहीं गया है।

जैनियों की पंचशील के विषय में प्रेम-मैत्री-स्नेह भाव की इतनी विशाल भावना है कि Live or Let Live जीओ और जीने दो की शुभ भावना से भी आगे बढकर दूसरों के लिए जीओ, यह उत्तम भावना है। गाय व शेर, बाघ और बकरी, सांप-नउला, चूहा-बिल्ली, परस्पर वैर भूल जाएं ऐसी भावना जैनियों की है, कि इस विश्व में नफरत मात्र का नाश हो व प्रेम-मैत्रीभाव बढे।

जैनाचार्यो का योगदान

जैनियों के ज्ञानी, त्यागी, संयमी, तपस्वी गुरु-जैनाचार्यों आदि मुनियों ने पवित्र आचार-विचार का प्रचार-प्रसार किया है, देश की ज्ञान संपत्ति में अपार वृद्धि की है। जैसे-

- 14 पूर्वधर श्री भद्रबाहु स्वामी ने जैनागमों व सूत्रों पर निर्युक्तियां रचकर ज्ञान के खजाने को समझने में सरल बनाया है।
- 10 पूर्वधर श्री उमास्वाति म. ने तत्वार्थसूत्र व प्रशमरति जैसे संस्कृति रक्षक व शुद्ध आचारवर्धक महान ग्रंथ दिये है।
- श्री शीलांकाचार्य ने ग्यारह अंगों पर विशेष टीकाएं रचकर ज्ञानमार्ग को पुष्ट किया है।
- श्री सिद्धसेन दिवाकर सूरिजी ने प्रमाणनयतत्वालोकालंकार, द्वादशारनयचक्र

देखकर जैन बना था । उसने देश की संस्कृति में दया, दान व उदारता से सविशेष प्राण फूंका था ।

❐ आम राजा ने आचार्य श्री बप्पभट्टसूरिजी के सदुपदेश से लोकहित के कार्य किये थे ।

❐ गुजरात के राजा कुमारपाल ने आचार्य श्री हेमचंद्रसूरीश्वर जी के सदुपदेश से अपने 17 प्रदेशों में अहिंसा का डंका बजाया था, सात व्यसनों को गधे पर बिठाकर देशपार किया था और पांच हजार मंदिर बनवाये थे ।

❐ राजा हर्ष ने आचार्य श्री मानतुंगसूरिजी म. के बेडी टूटने व भक्तामर स्तोत्र रचे जाने के आश्चर्य से प्रभावित होकर जैन धर्म के प्रति अनुराग वाला बना था और जनहित के कार्य किये थे ।

❐ गुजरात का राजा सिद्धराज जयसिंह भी जैन धर्म से प्रभावित हुआ था ।

जैन मंत्री-दीवान का देश में योगदान

❐ वस्तुपाल-तेजपाल जैन मंत्रियों ने राजा वीरधवल के कर्णावती राज्य को मुस्लिम आक्रमणों से बचाया था । इन भाइयों ने विश्व प्रसिद्ध देलवाडा के जिनालय का निर्माण कर भारतीय शिल्प कला में चार चांद लगाये हैं ।

❐ भामाशाह नाम के जैन मंत्री ने अपनी लाखों की सम्पत्ति मेवाड सूर्य के महाराणा प्रताप के चरणों में समर्पित कर दी थी, जिससे 12 वर्ष तक 25 हजार की सेना का पालन-पोषण हो सका था, जिसके कारण संस्कृति की अपार रक्षा हो सकी थी ।

❐ मेवाड के मंत्री दयाल शाह ने भी अनेक जनोपयोगी कार्य किये थे और दयालशा किले पर विशाल चौमुखजी जिनालय का निर्माण करवाया था ।

❐ मंत्री पेथडशाह ने अकाल के तीन वर्ष तक पूरे भारतवर्ष को अपने कोठारों से अनाज देकर अकाल से जनता को बचाया था ।

❐ मंत्री विमलशाह ने आबू व अचलगढ पर विश्वप्रसिद्ध जिनालय निर्माण करवाये थे ।

❐ मांडवगढ के मंत्री पेथडशाह ने भी अनेक जनोपयोगी कार्य किये थे ।

❐ आज भी जैनियों द्वारा अनेक जीवदया, अनुकम्पा के कार्य होते हैं गोशाला-पिंजरापोल में प्रतिदिन एक करोड से भी अधिक रुपयों का खर्च जैन ही करते हैं ।

जैन श्रावकों का देश में योगदान

❐ जैन धर्म के सिद्धांतों से प्रभावित होकर इंग्लैण्ड के सुप्रसिद्ध नाट्यकार/विचारक जार्ज बर्नाड शॉ ने मांसाहार तक त्याग दिया था । उन्होंने पुनःजन्म में जैन बनने की इच्छा व्यक्त की थी ।

❐ महात्मा गांधी को ईसाई (क्रिश्चियन) बनते हुए श्रीमद्‌राजचंद्र ने रोका था । श्रीमद् राजचंद्र को महात्मा गांधी अपने गुरु के रूप में मानते थे ।

देखकर जैन बना था। उसने देश की संस्कृति में दया, दान व उदारता से सविशेष प्राण फूंका था।

❑ आम राजा ने आचार्य श्री बप्पभट्टसूरिजी के सदुपदेश से लोकहित के कार्य किये थे।

❑ गुजरात के राजा कुमारपाल ने आचार्य श्री हेमचंद्रसूरीश्वर जी के सदुपदेश से अपने 17 प्रदेशों में अहिंसा का डंका बजाया था, सात व्यसनों को गधे पर बिठाकर देशपार किया था और पांच हजार मंदिर बनवाये थे।

❑ राजा हर्ष ने आचार्य श्री मानतुंगसूरिजी म. के बेडी टूटने व भक्तामर स्तोत्र रचे जाने के आश्चर्य से प्रभावित होकर जैन धर्म के प्रति अनुराग वाला बना था और जनहित के कार्य किये थे।

❑ गुजरात का राजा सिद्धराज जयसिंह भी जैन धर्म से प्रभावित हुआ था।

जैन मंत्री-दीवान का देश में योगदान

❑ वस्तुपाल-तेजपाल जैन मंत्रियों ने राजा वीरधवल के कर्णावती राज्य को मुस्लिम आक्रमणों से बचाया था। इन भाइयों ने विश्व प्रसिद्ध देलवाडा के जिनालय का निर्माण कर भारतीय शिल्प कला में चार चांद लगाये हैं।

❑ भामाशाह नाम के जैन मंत्री ने अपनी लाखों की सम्पत्ति मेवाड सूर्य के महाराणा प्रताप के चरणों में समर्पित कर दी थी, जिससे 12 वर्ष तक 25 हजार की सेना का पालन-पोषण हो सका था, जिसके कारण संस्कृति की अपार रक्षा हो सकी थी।

❑ मेवाड के मंत्री दयाल शाह ने भी अनेक जनोपयोगी कार्य किये थे और दयालशा किले पर विशाल चौमुखजी जिनालय का निर्माण करवाया था।

❑ मंत्री पेथडशाह ने अकाल के तीन वर्ष तक पूरे भारतवर्ष को अपने कोठारों से अनाज देकर अकाल से जनता को बचाया था।

❑ मंत्री विमलशाह ने आबू व अचलगढ पर विश्वप्रसिद्ध जिनालय निर्माण करवाये थे।

❑ मांडवगढ के मंत्री पेथडशाह ने भी अनेक जनोपयोगी कार्य किये थे।

❑ आज भी जैनियों द्वारा अनेक जीवदया, अनुकम्पा के कार्य होते हैं गोशाला-पिंजरापोल में प्रतिदिन एक करोड से भी अधिक रुपयों का खर्च जैन ही करते हैं।

जैन श्रावकों का देश में योगदान

❑ जैन धर्म के सिद्धांतों से प्रभावित होकर इंग्लैण्ड के सुप्रसिद्ध नाट्यकार/विचारक जार्ज बर्नाड शॉ ने मांसाहार तक त्याग दिया था। उन्होंने पुनःजन्म में जैन बनने की इच्छा व्यक्त की थी।

❑ महात्मा गांधी को ईसाई (क्रिश्चियन) बनते हुए श्रीमद्राजचंद्र ने रोका था। श्रीमद् राजचंद्र को महात्मा गांधी अपने गुरु के रूप में मानते थे।

धर्म

-मुनिवर्य श्री मणिरत्न सागर जी म.

मोक्ष के देव, गुरु और धर्म यह तीन मार्ग बताये गये हैं उनमे से धर्म तीसरा मार्ग है।

धर्म तत्व

जो नीच गति से जाते हुए जीव को रोककर उच्च गति में ले जाता है, सारांश जो मोक्ष की तरफ ले जाता है उसे धर्म कहते हैं।

धर्म के मूल प्रकार

(1) आध्यात्मिक धर्म (2) व्यावहारिक धर्म

(1) आध्यात्मिक धर्म—अनंत लक्षण, अनंत ज्ञान, अनंत दर्शन, अनंत चरित्र, अनंत क्रियादि है उसमें एकचित्त होना, लीन होना। उसके लिए व्यवहारिक धर्म की आवश्यकता है।

(2) व्यावहारिक धर्म—दान, शील, तप की भावना, इस प्रकार की करणी जैसे कि सामायिक, प्रतिक्रमण पौषध, गुरुभक्ति, स्वामीभक्ति, तीर्थयात्रा, जिनशासन में बताये हुए धर्म के कार्य करना उसे व्यवहारिक धर्म की आराधना समझना।

धर्म के दस नियम

(1) संयम—पांच इंद्रियों का निग्रह। जीव, हिंसादि पांच अव्रतों का त्याग। क्रोधादि चार कषायों पर जय पाना। मन-वचन काया को काबू में रखना।

(2) सत्य—कठोरता, परनिंदा, असभ्यता, संदिग्धता इत्यादि का त्याग और मधुर, उदार हितकारी, यथार्थ वचन का उपयोग।

(3) शौच—लोभ का अभाव।

(4) ब्रह्मचर्य—अब्रह्मचर्य का त्याग। व्रतों के पालन के लिए ज्ञानादि गुणों की वृद्धि के लिए और क्रोधादि कषायों का नाश करने के लिए गुरुकुल वास में बैठना।

(5) अकांचनता—शरीर की आसक्ति नहीं रखना।

(6) तप—मलीन कृतियों को निर्मल करने के लिए और आवश्यक वल रखने के लिए आत्मदमन करना।

(7) क्षमा—सहनशीलता, गुस्से को निर्माण न होने देना और गुस्सा आ जावे तो विवेकबल से उसका नाश करना।

(8) महत्ता—अंदर और वाहर की नम्रता और रूप बल, ऐश्वर्य और तप के अभिमान का त्याग करना।

धर्म

-मुनिवर्य श्री मणिरत्न सागर जी म.

मोक्ष के देव, गुरु और धर्म यह तीन मार्ग बताये गये हैं उनमे से धर्म तीसरा मार्ग है।

धर्म तत्व

जो नीच गति से जाते हुए जीव को रोककर उच्च गति में ले जाता है, सारांश जो मोक्ष की तरफ ले जाता है उसे धर्म कहते हैं।

धर्म के मूल प्रकार

(1) आध्यात्मिक धर्म (2) व्यावहारिक धर्म

(1) आध्यात्मिक धर्म—अनंत लक्षण, अनंत ज्ञान, अनंत दर्शन, अनंत चरित्र, अनंत क्रियादि है उसमें एकचित्त होना, लीन होना। उसके लिए व्यवहारिक धर्म की आवश्यकता है।

(2) व्यावहारिक धर्म—दान, शील, तप की भावना, इस प्रकार की करणी जैसे कि सामायिक, प्रतिक्रमण पौषध, गुरुभक्ति, स्वामीभक्ति, तीर्थयात्रा, जिनशासन में बताये हुए धर्म के कार्य करना उसे व्यवहारिक धर्म की आराधना समझना।

धर्म के दस नियम

(1) संयम—पांच इंद्रियों का निग्रह। जीव, हिंसादि पांच अव्रतों का त्याग। क्रोधादि चार कषायों पर जय पाना। मन-वचन काया को काबू में रखना।

(2) सत्य—कठोरता, परनिंदा, असभ्यता, संदिग्धता इत्यादि का त्याग और मधुर, उदार हितकारी, यथार्थ वचन का उपयोग।

(3) शौच—लोभ का अभाव।

(4) ब्रह्मचर्य—अब्रह्मचर्य का त्याग। व्रतों के पालन के लिए ज्ञानादि गुणों की वृद्धि के लिए और क्रोधादि कषायों का नाश करने के लिए गुरुकुल वास में बैठना।

(5) अकांचनता—शरीर की आसक्ति नहीं रखना।

(6) तप—मलीन कृतियों को निर्मल करने के लिए और आवश्यक वल रखने के लिए आत्मदमन करना।

(7) क्षमा—सहनशीलता, गुस्से को निर्माण न होने देना और गुस्सा आ जावे तो विवेकबल से उसका नाश करना।

(8) महत्ता—अंदर और वाहर की नम्रता और रूप बल, ऐश्वर्य और तप के अभिमान का त्याग करना।

मूर्ति : श्रेष्ठ आलंबन...

-गणिवर्य श्री पूर्णचन्द्रविजय जी म.
(आ. कलापूर्णसूरीजी म.सा. के शिष्य)

आराधना में आगे बढने के लिए...

उपासना में उज्जवलता लाने के लिए...

भक्ति में भव्यता का रंग प्रकट करने के लिए...

परमात्मा की मूर्ति एक सफल एवं पुष्ट आलंबन है ।

नयन और मन से सम्मिलित बन कर परमात्ममूर्ति को देखकर जो एक दिव्य भावना एवं भक्ति का पवित्र स्रोत भक्त आत्मा के अंतर पट पर प्रवाहित होता है उसका अद्‌भुत आनंद वही भक्त अनुभूत कर सकता है, उसे शब्द में संजोना बडा मुश्किल है ।

मूर्ति के प्रतिकृति, प्रतिमा, बिम्ब, अर्चा आदि पर्यायवाची नाम है जिसके माध्यम से ही हम यह रौद्र एवं दुःखपूर्ण भवसागर पार करने की क्षमता धारण कर सकते हैं ।

भवसागर को पार करना है, तिरना है तो प्रवहण नौका समान जिनमूर्ति है । साक्षात् प्रभु के विरह में प्रभु के जैसे ही कार्य करने की अप्रतिम शक्ति जिनमूर्ति में समाविष्ट है ।

कोई यदि प्रश्न करे कि बिना मूर्ति ही हम आराधना के क्षेत्र में प्रगति हासिल कर सकेंगे तो यह बात तथ्य से सम्मत नहीं है । जैसे अन्ध मनुष्य के लिए बिना लकडी का आलंबन माईलों का पंथ काटना अशक्य है वैसे ही भव जंगल के दुर्गम पंथ को को पार करना और मोक्ष मंजिल तक मूर्ति के आलंबन बिना पहुँचना सचमुच अशक्य है ।

मूर्ति से निराकार वस्तु हमारी बुद्धि से - समझने के लिए साकार बनती है ।

अलक्ष्य एवं परोक्ष वस्तु लक्ष्य एवं प्रत्यक्ष बन जाती है ।

परिकर रहित प्रतिमा सिद्धावस्था की एवं परिकर सहित प्रतिमा अरिहंतावस्था की प्रतीक है ।

जब उपासक भक्त योग मुद्रा में शांत रस भर प्रभु प्रतिमा के सन्मुख स्थिर हो जाता है, तब वह प्रभु में तन्मय - तदरूप बनकर प्रभु का दर्शन पूजन, अनुभव करता है । यह वास्तव में प्रभु प्रतिमा का प्रकृष्ट प्रभाव एवं उपकार है और उसकी श्रेष्ठ सफलता है ।

मूर्ति सिर्फ पाषाण ही नहीं है, उसे पत्थर कहना अयोग्य एवं अनुचित है । जब हम हमारे श्रद्धेय एवं पिता व्यक्ति की फोटु का भी कितना अदब या बहुमान रखते हैं, तो यह तो देवाधिदेव तीर्थंकर की प्रतिमा है, हमारे अनादि अनंतकाल के राग-द्वेषादि कल्मष एवं पापमल धोने वाली परम पवित्र मूर्ति है, उसके सामने कितना आदर एवं बहुमान भाव होना चाहिए ?

महान आचार्य प्रवर द्वारा अंजनशलाका के परम पवित्र मंत्रों से, प्रतिष्ठा विधि के आमान्य से, लक्षण एवं विधि विधान की प्रक्रिया से

मूर्ति : श्रेष्ठ आलंबन...

-गणिवर्य श्री पूर्णचन्द्रविजय जी म.
(आ. कलापूर्णसूरीजी म.सा. के शिष्य)

आराधना में आगे बढने के लिए...

उपासना में उज्जवलता लाने के लिए...

भक्ति में भव्यता का रंग प्रकट करने के लिए...

परमात्मा की मूर्ति एक सफल एवं पुष्ट आलंबन है ।

नयन और मन से सम्मिलित बन कर परमात्ममूर्ति को देखकर जो एक दिव्य भावना एवं भक्ति का पवित्र स्रोत भक्त आत्मा के अंतर पट पर प्रवाहित होता है उसका अद्‍भुत आनंद वही भक्त अनुभूत कर सकता है, उसे शब्द में संजोना बडा मुश्किल है ।

मूर्ति के प्रतिकृति, प्रतिमा, बिम्ब, अर्चा आदि पर्यायवाची नाम है जिसके माध्यम से ही हम यह रौद्र एवं दुःखपूर्ण भवसागर पार करने की क्षमता धारण कर सकते हैं ।

भवसागर को पार करना है, तिरना है तो प्रवहण नौका समान जिनमूर्ति है । साक्षात् प्रभु के विरह में प्रभु के जैसे ही कार्य करने की अप्रतिम शक्ति जिनमूर्ति में समाविष्ट है ।

कोई यदि प्रश्न करे कि बिना मूर्ति ही हम आराधना के क्षेत्र में प्रगति हासिल कर सकेंगे तो यह बात तथ्य से सम्मत नहीं है । जैसे अन्ध मनुष्य के लिए बिना लकडी का आलंबन माईलों का पंथ काटना अशक्य है वैसे ही भव जंगल के दुर्गम पंथ को को पार करना और मोक्ष मंजिल तक मूर्ति के आलंबन बिना पहुँचना सचमुच अशक्य है ।

मूर्ति से निराकार वस्तु हमारी बुद्धि से - समझने के लिए साकार बनती है ।

अलक्ष्य एवं परोक्ष वस्तु लक्ष्य एवं प्रत्यक्ष बन जाती है ।

परिकर रहित प्रतिमा सिद्धावस्था की एवं परिकर सहित प्रतिमा अरिहंतावस्था की प्रतीक है ।

जब उपासक भक्त योग मुद्रा में शांत रस भर प्रभु प्रतिमा के सन्मुख स्थिर हो जाता है, तब वह प्रभु में तन्मय - तदरूप बनकर प्रभु का दर्शन पूजन, अनुभव करता है । यह वास्तव में प्रभु प्रतिमा का प्रकृष्ट प्रभाव एवं उपकार है और उसकी श्रेष्ठ सफलता है ।

मूर्ति सिर्फ पाषाण ही नहीं है, उसे पत्थर कहना अयोग्य एवं अनुचित है । जब हम हमारे श्रद्धेय एवं पिता व्यक्ति की फोटु का भी कितना अदब या बहुमान रखते हैं, तो यह तो देवाधिदेव तीर्थंकर की प्रतिमा है, हमारे अनादि अनंतकाल के राग-द्वेषादि कल्मष एवं पापमल धोने वाली परम पवित्र मूर्ति है, उसके सामने कितना आदर एवं बहुमान भाव होना चाहिए ?

महान आचार्य प्रवर द्वारा अंजनशलाका के परम पवित्र मंत्रों से, प्रतिष्ठा विधि के आमान्य से, लक्षण एवं विधि विधान की प्रक्रिया से

घोषित किया था ।

मूर्ति में मनोवैज्ञानिक असर भी गहरा है, जो व्यक्ति के मन को भीतर तक छू लेता है। स्थूल से सूक्ष्म की ओर, प्रत्यक्ष से परोक्ष की ओर एवं संकीर्णता से कांचले में से निकल कर विशाल अंतर व्योम की ओर ले जाने की उसमें सक्षम शक्ति निहित है । पापी को पाप के गहरे अंधेरे में से निकालकर प्रभु मूर्ति पुण्य के प्रकाश की ओर ले जाने के लिए प्रभु मूर्ति में अद्भुत शक्ति है ।

नामदेव नामक लुटेरे के जीवन में भी प्रतिदिन परमात्ममूर्ति के सामने दस मिनट बैठने की प्रतिज्ञा से एक दिन ऐसा चमत्कार हुआ कि उसने सदैव के लिए खून, हत्या, लूट आदि सब पापों को तिलांजलि दे दी और वह संत नामदेव बन गया।

बैजु बावरा भी अपने प्रतिस्पर्धी एवं शत्रु संगीत सम्राट तानसेन का खून करना चाहता था लेकिन एक दिन वह किसी मंदिर में पहुंच गया और वहाँ प्रभुभक्ति में संगीत के माध्यम से ऐसा तल्लीन बन गया कि उसकी उसकी रौद्रभावना खत्म हो गई और उसने शत्रु तानसेन के साथ शत्रुता मिटा कर पक्का मित्र बना दिया। मन्त्रीश्वर पेथडशा ने आबू के पर्वतीय विभाग में सुवर्णसिद्धि को सफल करके जब वहाँ के रमणीय जिनमंदिर में वे आदीश्वर प्रभु की मूर्ति का दर्शन करते है तब उनकी सुवर्ण के प्रति मूर्च्छा खत्म हो जाती है और वहाँ प्रभु के सामने प्राप्त हुई सभी सुवर्ण महोरों का उपयोग सात क्षेत्र में ही करने का संकल्प करते हैं ।

मूर्ति की प्रभावकता के ऐसे कई हजारों प्रसंग भूतकाल के और वर्तमानकाल के है, जो कि अत्यंत प्रेरणादायक हैं ।

यह है मूर्ति की अद्भुत प्रभाविकता...।

यह है मूर्ति का मानसिक गहरा असर ।

मूर्ति एक आकार है, और आकार यानी - चित्र का सर्वथा असर है ।

बच्चों को पहले या आज प्राथमिक ज्ञान देने के लिए सचित्र पुस्तकों का उपयोग ही किया जाता है । सायन्स, भूगोल, हिस्टरी आदि कई विषयों को बडे विद्यार्थियों को सिखाने के लिए भी प्रचुरमात्रा में चित्र, आकार एवं नक्शे आदि का उपयोग किया जाता है। जैन धर्म के तत्वों को, पदार्थो को समझाने के लिए भी सचित्र पुस्तकों का उपयोग होने लगा है ।

कहा जाता है कि एक ओर हजार शब्द हैं और दूसरी ओर सिर्फ एक ही चित्र है तो दोनों में से ज्यादा असर किसका रहेगा । विज्ञापन एवं जाहेरातकला के विकास में भी आकार एवं चित्र की ही तो महत्ता है। अकाल के समय का करुण दृश्य एवं कत्लखाने के अतिकरुण चित्र एवं शाकाहार प्रदर्शनी आदि देखकर आज भी जनसमूह के दिल में अनुकंपा जीवदया की लागणी पुष्ट हो जाती है। चित्र का असर अधिक काल तक हमारे मन भीतर में गहरे रूप में अवस्थित रहता है। इसलिए तो कामुकता एवं वासना को भडकाने वाले चित्रों एवं दृश्य देखना ब्रह्मचर्य और जीवनशुद्धि के लिए नितांत वर्जित है । वर्तमान समय में पाश्चात्य अंध अनुकरण से या आधुनिक विलासभर वातावरण से जगह-जगह पर खराब एवं विकृत चित्र दृश्यमान होते जा रहे है ।

घोषित किया था ।

मूर्ति में मनोवैज्ञानिक असर भी गहरा है, जो व्यक्ति के मन को भीतर तक छू लेता है। स्थूल से सूक्ष्म की ओर, प्रत्यक्ष से परोक्ष की ओर एवं संकीर्णता से कांचले में से निकल कर विशाल अंतर व्योम की ओर ले जाने की उसमें सक्षम शक्ति निहित है । पापी को पाप के गहरे अंधेरे में से निकालकर प्रभु मूर्ति पुण्य के प्रकाश की ओर ले जाने के लिए प्रभु मूर्ति में अद्भुत शक्ति है ।

नामदेव नामक लुटेरे के जीवन में भी प्रतिदिन परमात्ममूर्ति के सामने दस मिनट बैठने की प्रतिज्ञा से एक दिन ऐसा चमत्कार हुआ कि उसने सदैव के लिए खून, हत्या, लूट आदि सब पापों को तिलांजलि दे दी और वह संत नामदेव बन गया।

बैजु बावरा भी अपने प्रतिस्पर्धी एवं शत्रु संगीत सम्राट तानसेन का खून करना चाहता था लेकिन एक दिन वह किसी मंदिर में पहुंच गया और वहाँ प्रभुभक्ति में संगीत के माध्यम से ऐसा तल्लीन बन गया कि उसकी उसकी रौद्रभावना खत्म हो गई और उसने शत्रु तानसेन के साथ शत्रुता मिटा कर पक्का मित्र बना दिया। मन्त्रीश्वर पेथडशा ने आबू के पर्वतीय विभाग में सुवर्णसिद्धि को सफल करके जब वहाँ के रमणीय जिनमंदिर में वे आदीश्वर प्रभु की मूर्ति का दर्शन करते है तब उननी सुवर्ण के प्रति मूर्च्छा खत्म हो जाती है और वहाँ प्रभु के सामने प्राप्त हुई सभी सुवर्ण महोरों का उपयोग सात क्षेत्र में ही करने का संकल्प करते हैं ।

मूर्ति की प्रभावकता के ऐसे कई हजारों प्रसंग भूतकाल के और वर्तमानकाल के है, जो कि अत्यंत प्रेरणादायक हैं ।

यह है मूर्ति की अद्भुत प्रभाविकता...।

यह है मूर्ति का मानसिक गहरा असर ।

मूर्ति एक आकार है, और आकार यानी - चित्र का सर्वथा असर है ।

बच्चों को पहले या आज प्राथमिक ज्ञान देने के लिए सचित्र पुस्तकों का उपयोग ही किया जाता है । सायन्स, भूगोल, हिस्टरी आदि कई विषयों को बडे विद्यार्थियों को सिखाने के लिए भी प्रचुरमात्रा में चित्र, आकार एवं नक्शे आदि का उपयोग किया जाता है। जैन धर्म के तत्वों को, पदार्थो को समझाने के लिए भी सचित्र पुस्तकों का उपयोग होने लगा है ।

कहा जाता है कि एक ओर हजार शब्द हैं और दूसरी ओर सिर्फ एक ही चित्र है तो दोनों में से ज्यादा असर किसका रहेगा । विज्ञापन एवं जाहेरातकला के विकास में भी आकार एवं चित्र की ही तो महत्ता है। अकाल के समय का करुण दृश्य एवं कत्लखाने के अतिकरुण चित्र एवं शाकाहार प्रदर्शनी आदि देखकर आज भी जनसमूह के दिल में अनुकंपा जीवदया की लागणी पुष्ट हो जाती है। चित्र का असर अधिक काल तक हमारे मन भीतर में गहरे रूप में अवस्थित रहता है। इसलिए तो कामुकता एवं वासना को भडकाने वाले चित्रों एवं दृश्य देखना ब्रह्मचर्य और जीवनशुद्धि के लिए नितांत वर्जित है । वर्तमान समय में पाश्चात्य अंध अनुकरण से या आधुनिक विलासभर वातावरण से जगह-जगह पर खराब एवं विकृत चित्र दृश्यमान होते जा रहे है ।

भुवनेश्वर की उदयगिरी, खंडगिरि की हाथी गुफाएं, सितानवाजल की गुफा, नासिक के पास 2,400 वर्ष प्राचीन गुफा, एलोरा के गुफामंदिर, गुजरात मे गिरनार के, मथुरा के स्तूप ये सब जैनमूर्ति, जैन स्थापत्य एवं जैन चित्रकला का बेनमून ज्वल्लंत प्रतीक है ।

पूरे एशिया में ही नही, बल्कि पूरे दुनिया में आश्चर्यकारी ऐसे शत्रुजय पर्वत (गुजरात) के छोटे विभाग में हजारों जिनप्रतिमाओं से युक्त अनेकानेक जिनमंदिरो का निर्माण यह विश्व का अभूतपूर्व रिकार्ड है ।

आबु-देलवाडा अचलगढ, राणकपुर, कुमारीयाजी तारंगा आदि अनेक तीर्थो का इतिहास एव इनकी भव्यता आज भी इतनी ही प्रेरणादायक हैं ।

कीमती रत्नों से लेकर मामूली रेत से बनी हुई लाखो नहीं, अपितु करोडों जिनमूर्तियों से यह भारतवर्ष की धरातल विभूषित एवं मंडित बनी हुई है । आज भी वह परम्परा अक्षुण्ण चालू है, जिसमें हजारों लाखों दान प्रेमी भक्तभावुकों द्वारा मंदिरो की भव्यता एवं जिनशासन की शोभा वृद्धिगत हो रही है ।

अपनी आत्मा को पवित्र एव महान बनाने का केन्द्र स्थान मदिर है, जहा भक्तियोग की उपासना-साधना की जाती है । मंदिर का वातावरण पवित्र होता है, इफेक्टिव और [illegible]प्टिव होता है, वहां पर निर्मल भावों का शुभ परमाणु का संचय होता है । जहां पर बैठने से [illegible] विचार, विनष्ट हो जाते हैं, परमात्म मूर्ति देखने से देहाभिमान गलित हो जाता है, एवं [illegible] के साथ उत्कृष्ट एवं प्रवल पुण्य का निर्माण होता है ।

जिस प्रकार युद्धप्रयाण के समय सैनिक भरत बाहुबली, अर्जुन, हनुमान, खारवेल, महाराणा प्रताप, शिवाजी जैसे वीरों के आदर्श सामने रखकर अपने में अतुल शक्ति का संचय करता है, उसी प्रकार आत्मा भी परमात्ममूर्ति सन्मुख भक्तियोग के माध्यम से उच्च आदर्श को सामने रखते हुए अपनी आत्मशक्ति को उजागर करता है एव भगवद्भाव तक पहुंचने की पराकाष्टा भी कभी प्राप्त कर लेता है ।

वर्तमान मे भी बडे स्थानों में, प्रमुख मार्ग में महान एवं राजकीय पुरुषो के स्टेच्यु-प्रतिमा लगाई जाती है, जिससे जनता को उनके कार्यो की प्रेरणा मिलती है ।

अमेरिका के न्यूर्याक में प्रवेश करते ही वहां पर स्वतंत्र देवी का 60 फूट ऊंचा स्टेच्यु बनाया गया है, जिसे देखने से प्रेक्षक के मन में अमेरिकन लोगों की स्वातत्र्य की भावना का अनुमान किया जाता है ।

मन एक समुद्र जैसा है, उसमें कई लहरे, तरंगे पैदा होती रहती हैं । प्रभु प्रतिमा दर्शन से भी मन में वीतरागता की भावना जागती है, मन मे आनंद हर्ष की लहरें फैल जाती है, जीवन में उच्चप्रेरणा मिलती है ।

जिनेश्वर भगवंत को साक्षात कल्पवृक्ष की उपमा दी गई है, जिनके पावन दर्शन से दुरित-पापों का ध्वस होता है, वंदन से वांछित इष्ट की प्राप्ति होती है एवं पूजन से लक्ष्मी की पूर्णता मिलती है ।

भक्त सिर्फ दर्शन ही नहीं, [illegible], [illegible], ध्यान, स्तवन आदि में [illegible] एव [illegible]

भुवनेश्वर की उदयगिरी, खंडगिरि की हाथी गुफाएं, सितानवाजल की गुफा, नासिक के पास 2,400 वर्ष प्राचीन गुफा, एलोरा के गुफामंदिर, गुजरात मे गिरनार के, मथुरा के स्तूप ये सब जैनमूर्ति, जैन स्थापत्य एवं जैन चित्रकला का बेनमून ज्वल्लंत प्रतीक है ।

पूरे एशिया में ही नही, बल्कि पूरे दुनिया में आश्चर्यकारी ऐसे शत्रुजय पर्वत (गुजरात) के छोटे विभाग में हजारों जिनप्रतिमाओं से युक्त अनेकानेक जिनमंदिरो का निर्माण यह विश्व का अभूतपूर्व रिकार्ड है।

आबु-देलवाडा अचलगढ, राणकपुर, कुमारीयाजी तारंगा आदि अनेक तीर्थो का इतिहास एव इनकी भव्यता आज भी इतनी ही प्रेरणादायक हैं ।

कीमती रत्नों से लेकर मामूली रेत से बनी हुई लाखो नहीं, अपितु करोडों जिनमूर्तियों से यह भारतवर्ष की धरातल विभूषित एवं मंडित बनी हुई है। आज भी वह परम्परा अक्षुण्ण चालू है, जिसमें हजारों लाखों दान प्रेमी भक्तभावुकों द्वारा मंदिरो की भव्यता एवं जिनशासन की शोभा वृद्धिगत हो रही है ।

अपनी आत्मा को पवित्र एव महान बनाने का केन्द्र स्थान मदिर है, जहा भक्तियोग की उपासना-साधना की जाती है। मंदिर का वातावरण पवित्र होता है, इफेक्टिव और पोझिटिव होता है, वहां पर निर्मल भावों का शुभ परमाणु का संचय होता है। जहां पर बैठने से बुरे विचार, विनष्ट हो जाते हैं, परमात्म मूर्ति देखने से देहाभिमान गलित हो जाता है, एवं मनःशुद्धि के साथ उत्कृष्ट एवं प्रबल पुण्य का निर्माण होता है ।

जिस प्रकार युद्धप्रयाण के समय सैनिक भरत बाहुबली, अर्जुन, हनुमान, खारवेल, महाराणा प्रताप, शिवाजी जैसे वीरों के आदर्श सामने रखकर अपने में अतुल शक्ति का संचय करता है, उसी प्रकार आत्मा भी परमात्ममूर्ति सन्मुख भक्तियोग के माध्यम से उच्च आदर्श को सामने रखते हुए अपनी आत्मशक्ति को उजागर करता है एव भगवद्भाव तक पहुंचने की पराकाष्टा भी कभी प्राप्त कर लेता है ।

वर्तमान मे भी बडे स्थानों में, प्रमुख मार्ग में महान एवं राजकीय पुरुषो के स्टेच्यु-प्रतिमा लगाई जाती है, जिससे जनता को उनके कार्यो की प्रेरणा मिलती है ।

अमेरिका के न्यूर्याक में प्रवेश करते ही वहां पर स्वतंत्र देवी का 60 फूट ऊंचा स्टेच्यु बनाया गया है, जिसे देखने से प्रेक्षक के मन में अमेरिकन लोगों की स्वातत्र्य की भावना का अनुमान किया जाता है ।

मन एक समुद्र जैसा है, उसमें कई लहरे, तरंगे पैदा होती रहती हैं। प्रभु प्रतिमा दर्शन से भी मन में वीतरागता की भावना जागती है, मन मे आनंद हर्ष की लहरें फैल जाती है, जीवन में उच्चप्रेरणा मिलती है ।

जिनेश्वर भगवंत को साक्षात कल्पवृक्ष की उपमा दी गई हे, जिनके पावन दर्शन से दुरित-पापों का ध्वस होता हे, वंदन से वांछित इष्ट की प्राप्ति होती हे एवं पूजन से लक्ष्मी की पूर्णता मिलती है ।

भक्त सिर्फ दर्शन ही नहीं, वन्दन, पूजन, ध्यान, स्तवन आदि में उल्लसित एवं लीन

गया ।

रावण ने अष्टापद पर्वत पर चौवीस तीर्थकरों की मूर्ति सन्मुख मंदोदरी राणी के साथ सुंदर तालबद्ध संगीतमय प्रभु भक्ति की पराकाष्टा में तीर्थकर नामकर्म का निर्माण किया।

आज से करीब 75,000 वर्ष पूर्व श्री कृष्ण की सेना पर जरासंध ने जरा नामक दुष्ट विद्या छोडी, जिनके दुष्प्रभाव से सेना मूर्च्छित बन गई। उस समय श्रीकृष्ण ने अठ्ठम तप के प्रभाव से पद्मावती माता द्वारा श्री पार्श्वनाथ भगवान मूर्ति पाताल लोक में से, जो कि अतीत चोविसी के नव में दामोदर भगवान के समय में आषाढी श्रावक ने भराई थी, संप्राप्त हुई और उस मूर्ति के स्नान-प्रक्षाल जल का सेना पर छिटकाव करने से जराविघा का प्रभाव विनष्ट हो गया। पुनः सैन्य सज्ज बनने से श्रीकृष्ण ने शत्रु पर विजय पाया; जिसके हर्ष में आकर उन्होंने शंख बजाया तब से उस गांव का नाम शंखेश्वर प्रसिद्ध हुआ और मूर्ति भी शंखेश्वर पार्श्वनाथ के रूप में सुप्रसिद्ध बनी, आज शंखेश्वर तीर्थ में वह मूर्ति विश्व भर में सुविख्यात, अतिप्राचीन एवं महाचमत्कारिक मानी जाती है ।

पुरुषादानी श्री स्थंभन पार्श्वनाथ भगवान की भव्य मूर्ति के स्नात्रजल से नवांगी टीकाकार श्री अभयदेव सूरिजी का कुष्ट रोग दूर हो गया था ।

श्री सिद्धसेन दिवाकर सूरि ने कल्याण मंदिर स्तोत्र की रचना करते हुए शिवलिंग का प्रस्फुट होकर श्री अवंति पार्श्वनाथ की प्रतिमा प्रगट हुई और जिनशासन की अद्वितीय प्रभावना हुई ।

ऐसे एक नहीं, हजारों दृष्टांत है, जिनके आदर्शो से हम में भी श्रद्धा और भक्ति के साथ प्रभु मूर्ति के श्रेष्ठ आलंबन के प्रति भावुकता बनी रहती है ।

आइए, हम सब भावात्मक वन कर प्रभु प्रतिमा से प्रवाहित होता शांतसुधारस का अनुभव कर तृप्त बनें ।

चातुर्मास - बलसाड (गुजरात)

दोषी व्यक्ति की दृष्टि सतत् अन्य के दोषों की ओर रहती है एवं वह आत्मा अन्य के दोषों के गीत गाते गाते गुणों से गरीब हो जाता है ।
मनुष्यत्व को फूल बहुत मुश्किल से खिलता है । इस फूल को यों ही मत मुरझा देना । मनुष्य होना ही सर्वोत्तम उपलब्धि है ।

गया ।

रावण ने अष्टापद पर्वत पर चौवीस तीर्थकरों की मूर्ति सन्मुख मंदोदरी राणी के साथ सुंदर तालबद्ध संगीतमय प्रभु भक्ति की पराकाष्टा में तीर्थकर नामकर्म का निर्माण किया।

आज से करीब 75,000 वर्ष पूर्व श्री कृष्ण की सेना पर जरासंध ने जरा नामक दुष्ट विद्या छोडी, जिनके दुष्प्रभाव से सेना मूर्च्छित बन गई। उस समय श्रीकृष्ण ने अठ्ठम तप के प्रभाव से पद्यावती माता द्वारा श्री पार्श्वनाथ भगवान मूर्ति पाताल लोक में से, जो कि अतीत चोविसी के नव में दामोदर भगवान के समय में आषाढी श्रावक ने भराई थी, संप्राप्त हुई और उस मूर्ति के स्नान-प्रक्षाल जल का सेना पर छिटकाव करने से जराविघा का प्रभाव विनष्ट हो गया। पुनः सैन्य सज्ज बनने से श्रीकृष्ण ने शत्रु पर विजय पाया; जिसके हर्ष में आकर उन्होंने शंख बजाया तब से उस गांव का नाम शंखेश्वर प्रसिद्ध हुआ और मूर्ति भी शंखेश्वर पार्श्वनाथ के रूप में सुप्रसिद्ध बनी, आज शंखेश्वर तीर्थ में वह मूर्ति विश्व भर में सुविख्यात, अतिप्राचीन एवं महाचमत्कारिक मानी जाती है ।

पुरुषादानी श्री स्थंभन पार्श्वनाथ भगवान की भव्य मूर्ति के स्नात्रजल से नवांगी टीकाकार श्री अभयदेव सूरिजी का कुष्ट रोग दूर हो गया था ।

श्री सिद्धसेन दिवाकर सूरि ने कल्याण मंदिर स्तोत्र की रचना करते हुए शिवलिंग का प्रस्फुट होकर श्री अवंति पार्श्वनाथ की प्रतिमा प्रगट हुई और जिनशासन की अद्वितीय प्रभावना हुई ।

ऐसे एक नहीं, हजारों दृष्टांत है, जिनके आदर्शो से हम में भी श्रद्धा और भक्ति के साथ प्रभु मूर्ति के श्रेष्ठ आलंबन के प्रति भावुकता बनी रहती है ।

आइए, हम सब भावात्मक बन कर प्रभु प्रतिमा से प्रवाहित होता शांतसुधारस का अनुभव कर तृप्त बनें ।

चातुर्मास - बलसाड (गुजरात)

दोषी व्यक्ति की दृष्टि सतत् अन्य के दोषों की ओर रहती है एवं वह आत्मा अन्य के दोषों के गीत गाते गाते गुणों से गरीब हो जाता है ।
मनुष्यत्व को फूल बहुत मुश्किल से खिलता है । इस फूल को यों ही मत मुरझा देना । मनुष्य होना ही सर्वोत्तम उपलब्धि है ।

सेठ अब अपने जीवन यापन के लिये एक समय सात्विक भोजन करते व प्रभु भजन तथा शुभ भावों में अपना समय बिताते। सेठ जी की दिनचर्या देख सभी जन आश्चर्य चकित थे। सेठजी के जीवन में अब न तो प्रमाद था न किसी के प्रति राग, न द्वेष, न लोभ, मानों वह तो एक गृह योगी बन गये।

इस तरह से सेठ जी के छह दिन गुजर गये। सातवें दिन प्रातः संत एकनाथ स्वयं सेठजी के घर पहुंचे और सेठजी से पूछा कि सेठजी ! आपका क्या हाल चाल है? छह दिन कैसे बीते ? सेठजी प्रणाम करते हुये बोले कि हे गुरुदेव ! जब से आपश्री के मुँह से मैंने मृत्यु की बात सुनी तब से मैने पाप कर्म को मन, वचन और काया से छोड़ दिया। आपने जब कह दिया कि ''सात दिन के अंदर मौत हो जायेगी'' जब मौत सामने नजर आ रही हो तो मैं पाप कर्म कैसे करू ?

यह सुनकर सत एकनाथ मुस्कुराते हुये बोले कि भैया ! मैंने रवि, सोम आदि सात दिनों में जो तुम्हें मृत्यु की बात कही, उस मौत से डरकर तुमने पाप प्रवृति को छोड दिया है। इसी तरह से हमेशा पाप से डरोगें तो पापी से एक दिन परमात्मा बन जाओगे। अरे भाई ! यह केवल तुम्हारे लिये ही नही है अपितु सभी जनों के लिये है। इन्हीं सात दिनों में से किसी भी एक दिन प्रत्येक जीव को मरना ही मरना है। यह सभी प्राणियों के लिये शाश्वत नियम है लेकिन हॉ जीवन में यदि मृत्यु का स्मरण रहे तो बहुत सारे पापो से आत्मा बच जाती है।

हमारे ज्ञानी भगवंतों ने भी कहा है कि इस क्षण भगुर जीवन में धर्म की साधना-आराधना कर लें ! इस जीवन में मौत पर हमारी दृष्टि सदा वैसे ही रहे जैसे कि युद्ध-भूमि मे गये हुये सैनिक की दृष्टि अपने प्रति स्पर्धी पर, जैसे चरने के लिये वन में गई हुई गाय का मन अपने बछडे पर रहता है।

एक संत ने कल्याण का उपाय बताते हुये किसी से कहा -

दो बातन को भूल मत, जो चाहत कल्याण। एक मौत को, दूजो श्री भगवान ॥

चातुर्मास - जैन नगर, मेरठ

व्यक्ति की अपेक्षाएं जब उपेक्षित होती हैं, वह भीतर से उद्विग्न और असंतुलित हो जाता है। वास्तव में महान व्यक्ति वही होता हैं जो अपनी अपेक्षाएं स्वयं से रखते हैं दूसरों से नहीं।

सेठ अब अपने जीवन यापन के लिये एक समय सात्विक भोजन करते व प्रभु भजन तथा शुभ भावों में अपना समय बिताते। सेठ जी की दिनचर्या देख सभी जन आश्चर्य चकित थे। सेठजी के जीवन में अब न तो प्रमाद था न किसी के प्रति राग, न द्वेष, न लोभ, मानों वह तो एक गृह योगी बन गये।

इस तरह से सेठ जी के छह दिन गुजर गये। सातवें दिन प्रातः संत एकनाथ स्वयं सेठजी के घर पहुंचे और सेठजी से पूछा कि सेठजी ! आपका क्या हाल चाल है? छह दिन कैसे बीते ? सेठजी प्रणाम करते हुये बोले कि हे गुरुदेव ! जब से आपश्री के मुँह से मैंने मृत्यु की बात सुनी तब से मैने पाप कर्म को मन, वचन और काया से छोड़ दिया। आपने जब कह दिया कि "सात दिन के अंदर मौत हो जायेगी" जब मौत सामने नजर आ रही हो तो मैं पाप कर्म कैसे करू ?

यह सुनकर सत एकनाथ मुस्कुराते हुये बोले कि भैया ! मैंने रवि, सोम आदि सात दिनों में जो तुम्हें मृत्यु की बात कही, उस मौत से डरकर तुमने पाप प्रवृति को छोड दिया है। इसी तरह से हमेशा पाप से डरोगें तो पापी से एक दिन परमात्मा बन जाओगे। अरे भाई ! यह केवल तुम्हारे लिये ही नही है अपितु सभी जनों के लिये है। इन्हीं सात दिनों में से किसी भी एक दिन प्रत्येक जीव को मरना ही मरना है। यह सभी प्राणियों के लिये शाश्वत नियम है लेकिन हॉ जीवन में यदि मृत्यु का स्मरण रहे तो बहुत सारे पापो से आत्मा बच जाती है।

हमारे ज्ञानी भगवंतों ने भी कहा है कि इस क्षण भगुर जीवन में धर्म की साधना-आराधना कर लें ! इस जीवन में मौत पर हमारी दृष्टि सदा वैसे ही रहे जैसे कि युद्ध-भूमि मे गये हुये सैनिक की दृष्टि अपने प्रति स्पर्धी पर, जैसे चरने के लिये वन में गई हुई गाय का मन अपने बछडे पर रहता है।

एक संत ने कल्याण का उपाय बताते हुये किसी से कहा -

दो बातन को भूल मत, जो चाहत कल्याण। एक मौत को, दूजो श्री भगवान ॥

चातुर्मास - जैन नगर, मेरठ

व्यक्ति की अपेक्षाएं जब उपेक्षित होती हैं, वह भीतर से उद्विग्न और असंतुलित हो जाता है। वास्तव में महान व्यक्ति वही होता हैं जो अपनी अपेक्षाएं स्वयं से रखते हैं दूसरों से नहीं।

हे वैरी?

मेरी (आत्मा की) दुश्मन निद्रा ? तुं कहा से आ गई?

क्यों आई? मेरी साधना में तेरी कोई आवश्यकता नही है।

बहुत वर्षो की साधना के बाद मैंने यह जागृत अवस्था पाई है, और उसे तुं क्यों बिगाड रही है? निद्रा कह रही है।

मैं तो भोली भाली हूँ, आपके आमत्रण से आयी हूँ,

दूसरी तरफ मैं यम की दासी के रूप में चिर निद्रा के नाम से प्रसिद्ध हूँ। मेरे एक हाथ में मुक्ति भी है और दूसरे हाथ में फांसी भी है। इस प्रकार अध्यात्म योगियों ने निद्रा को हितकर नहीं माना।

अध्यात्म योगियों के ठीक विपरीत ससारी गृहस्थ नीद न आए तो नींद के लिए छटपटाता है। उसे लाने के लिए हजार उपाय करता है। नीद की गोलियां और इन्जेक्शन भी लेता है। किसी भी तरह वह पडा रहना चाहता है। एक दृष्टि से सोचने पर बात सही भी लगती है कि- जिसके सामने कोई आत्म कल्याण का लक्ष्य ही नही है वह बेचारा नींद के लिए प्रवृत्ति नहीं करेगा तो क्या करेगा ?

नीतिकार कहते हैं कि-

जो सोवत है सो खोवत है ! जो जागत है सो पावत है ॥

अर्थात् जो व्यक्ति नींद आलस्य प्रमाद में मग्न रहता है वह बहुत कुछ लाभ खोता है। उसके हाथ से लाभ शुभ के कई प्रसंग चले जाते हैं। परन्तु कहते है कि-

अब पछताये होत क्या, जब चिडिया चुग गई खेत।

प्रभु महावीर को प्रश्न?

एक बार की वात है। समवसरण में श्री वीर प्रभु की देशना के बाद जयन्ती श्राविका ने प्रभु से प्रश्न पूछा कि हे कृपानाथ ? इस संसार में किसका सोना अच्छा है? और किसका जागना अच्छा? उत्तर देते हुए भगवान महावीर ने फरमाया कि- **आयरिया छम्मिणं, अधम्मिणं तु सुत्तया सेया ॥**

धर्मी आत्माओं का जगना अच्छा और अधर्मी आत्माओं का सोते हुए रहना अच्छा है क्योंकि अधर्मी जागता रहेगा तो पाप करता रहेगा, कइयों को अपने पाप में सहभागी बनायेगा। इस तरह अधर्मी बहुत अनर्थ करेगा। अतः धर्मी का जाग और अधर्मी का सोते रहना स्व पर उभय के लिए लाभदायक रहेगा। परन्तु आज इस कलियुग में ठीक इससे विपरीत देखा जा रहा है धर्मी सो रहे है और अधर्मी जाग रहे है। अब आप ही सोचिये कि क्या परिणाम आयेगा? अधर्मी के जागते रहने से पापाचार बढता रहेगा और धर्मी के सोते रहने से धर्माचरण घटता रहेगा। कलियुग में यही प्रमाण बढता है। वर्तमान जगत मे ठीक विपरीत यही दृश्य देख रहे हैं, आज भयंकर कलियुग चल रहा है यह कहन मे रत्तीभर भी संदेह नहीं होता है।

आरोग्य की दृष्टि से निद्रा—

हे वैरी?

मेरी (आत्मा की) दुश्मन निद्रा ? तुं कहा से आ गई?

क्यों आई? मेरी साधना में तेरी कोई आवश्यकता नही है।

बहुत वर्षो की साधना के बाद मैंने यह जागृत अवस्था पाई है, और उसे तुं क्यों बिगाड रही है? निद्रा कह रही है।

मैं तो भोली भाली हूॅं, आपके आमत्रण से आयी हूॅं,

दूसरी तरफ मैं यम की दासी के रूप में चिर निद्रा के नाम से प्रसिद्ध हूॅं। मेरे एक हाथ में मुक्ति भी है और दूसरे हाथ में फांसी भी है। इस प्रकार अध्यात्म योगियों ने निद्रा को हितकर नहीं माना।

अध्यात्म योगियों के ठीक विपरीत ससारी गृहस्थ नीद न आए तो नींद के लिए छटपटाता है। उसे लाने के लिए हजार उपाय करता है। नीद की गोलियां और इन्जेक्शन भी लेता है। किसी भी तरह वह पडा रहना चाहता है। एक दृष्टि से सोचने पर बात सही भी लगती है कि- जिसके सामने कोई आत्म कल्याण का लक्ष्य ही नही है वह बेचारा नींद के लिए प्रवृत्ति नहीं करेगा तो क्या करेगा ?

नीतिकार कहते हैं कि-

जो सोवत है सो खोवत है ! जो जागत है सो पावत है ॥

अर्थात् जो व्यक्ति नींद आलस्य प्रमाद में पड़ा रहता है वह बहुत कुछ लाभ खोता है। उसके हाथ से लाभ शुभ के कई प्रसंग चले जाते हैं। परन्तु कहते है कि-

अब पछताये होत क्या, जब चिडिया चुग गई खेत।

प्रभु महावीर को प्रश्न?

एक बार की बात है। समवसरण में श्री वीर प्रभु की देशना के बाद जयन्ती श्राविका ने प्रभु से प्रश्न पूछा कि हे कृपानाथ ? इस संसार में किसका सोना अच्छा है? और किसका जागना अच्छा? उत्तर देते हुए भगवान महावीर ने फरमाया कि- **आयरिया छम्मिणं, अधम्मिणं तु सुत्तया सेया ॥**

धर्मी आत्माओं का जगना अच्छा और अधर्मी आत्माओं का सोते हुए रहना अच्छा है क्योंकि अधर्मी जागता रहेगा तो पाप करता रहेगा, कइयों को अपने पाप में सहभागी बनायेगा। इस तरह अधर्मी बहुत अनर्थ करेगा। अतः धर्मी का जाग और अधर्मी का सोते रहना स्व पर उभय के लिए लाभदायक रहेगा। परन्तु आज इस कलियुग में ठीक इससे विपरीत देखा जा रहा है धर्मी सो रहे है और अधर्मी जाग रहे है। अब आप ही सोचिये कि क्या परिणाम आयेगा? अधर्मी के जागते रहने से पापाचार बढता रहेगा और धर्मी के सोते रहने से धर्माचरण घटता रहेगा। कलियुग में यही प्रमाण बढता है। वर्तमान जगत मे ठीक विपरीत यही दृश्य देख रहे हैं, आज भयंकर कलियुग चल रहा है यह कहने मे रत्तीभर भी संदेह नहीं होता है।

आरोग्य की दृष्टि से निद्रा—

आहार और नींद में संबंध

आहारे उंध वधे घणी, निद्रा दुःख भंडार ।
नैवेद्य धरी प्रभु आगले, वरीये पद अणाहार ॥

वीर विजय जी महाराज कहते हैं कि ज्यों-ज्यों आहार का प्रमाण बढता है त्यों-त्यों नीद का प्रमाण भी बढता जाता है । ऐसी निद्रा दुःख का भंडार रूप होती है । इस नींद के पीछे अनेक दुःख आते हैं इसलिये इस कर्मोदय को टालने के लिए आहार का अर्थात् नैवेद्य का भरा हुआ थाल प्रभु के आगे त्याग भावना से अर्पण करें जिससे अणाहारी निराहारी मोक्ष का पद प्राप्त कर सकते हैं । योगशास्त्र में भी कहते हैं कि आहार और निद्रा में परस्पर जन्य जनक भाव सम्बन्ध हैं । आहार बढने से नींद बढती है और नींद बढने से आहार बढता है । दोनों बढते ही जाये तो बुद्धि जडता की तरफ ढलती है ।

अतः अल्पाहारी-हिताहारी-मिताहारी परिमिताहारी एवं अल्प निद्रालु बनना ही लाभदायक है ।

निद्रा का शास्त्रीय स्वरूप-

सुहपडिवोहा निद्दा, निद्दा निद्दाय दुःख पडिबोहा पयलाटिओवविट्ठस्स पयल पयला उ चंकमओ दिण विंति अत्थकरद्धा, द्धाणद्धी अद्ध चक्की अद्धबला

1. जिस प्रकार की नींद में आसानी से जग सकते हो उसे निद्रा कहते हैं जिस नींद में सुख रूप से जागने का स्वभाव हो अथवा जगाने पर एक क्षण में आसानी से जो जाग जाय उसे प्रथम प्रकार की निद्रा कहते हैं ।

2. नींद की एक विशेष अवस्था जिसमें बडी मुश्किल से बहुत टटोलने पर उठे उसे दूसरे प्रकार की निद्रा कहते हैं ।

3. जिसमें खडे-खडे या बैठे-बैठे भी नींद आवे उसे प्रचला प्रकार की नींद कहते हैं ।

4. चलते-चलते जो नींद आती है उसे प्रचला प्रचला नामक नीद कहते हैं ।

5. दिन में जिस विषयक कार्य का तीव्र आकांक्षा से जो चिन्तन किया हो और दिन में वह कार्य न करके सो गया हो और रात को नींद में से उठकर उस कार्य को निद्रावस्था में ही करें वैसी नींद को थीणद्धि स्त्यानर्द्धि नामक पांचवें प्रकार की नींद कहते हैं । इस प्रकार की नींद में मनुष्य ठीक जागते हुए की तरह सारे ही काम कर लेता है । फिर भी उसे पता नहीं रहता है । पुनः आकर सो जाता है । सुबह उठने के बाद कुछ याद नहीं रहता है कि मैंने यह काम किया है इस प्रकार की नींद में अर्द्ध चक्रवर्ती अर्थात् वासुदेव के आधे बल के जितनी शक्ति रहती है । परन्तु यह कैसे? इस प्रश्न के उत्तर में कर्म शास्त्रकार स्पष्टीकरण करते हैं कि जो जीव वज्रऋषभनाराच संघयण नामक प्रथम संघयण वाला होता है उसे यदि थीणद्धि निद्रा नामक दर्शनावरणीय कर्म उदय हो तो उसमें अर्धचक्रवर्ती अर्थात् वासुदेव के बल का आधा बल-शक्ति थीणद्धि निद्रा के उदय में रहती है । परन्तु ऐसा जीव मरकर नरक में जाता है । छेवट्ठा नामक छट्ठे प्रकार का संघयण जिसके उदय में हो, (हमारे जैसे जीव) ऐसे जीवों को यदि थीणद्धि निद्रा नामक दर्शनावरणीय कर्म

आहार और नींद में संबंध

आहारे उंध वधे घणी, निद्रा दुःख भंडार ।
नैवेद्य धरी प्रभु आगले, वरीये पद अणाहार ।।

वीर विजय जी महाराज कहते हैं कि ज्यों-ज्यों आहार का प्रमाण बढता है त्यों-त्यों नीद का प्रमाण भी बढता जाता है । ऐसी निद्रा दुःख का भंडार रूप होती है । इस नींद के पीछे अनेक दुःख आते हैं इसलिये इस कर्मोदय को टालने के लिए आहार का अर्थात् नैवेद्य का भरा हुआ थाल प्रभु के आगे त्याग भावना से अर्पण करें जिससे अणाहारी निराहारी मोक्ष का पद प्राप्त कर सकते हैं । योगशास्त्र में भी कहते हैं कि आहार और निद्रा में परस्पर जन्य जनक भाव सम्बन्ध हैं । आहार बढने से नींद बढती है और नींद बढने से आहार बढता है । दोनों बढते ही जाये तो बुद्धि जडता की तरफ ढलती है ।

अतः अल्पाहारी-हिताहारी-मिताहारी परिमिताहारी एवं अल्प निद्रालु बनना ही लाभदायक है ।

निद्रा का शास्त्रीय स्वरूप-

सुहपडिवोहा निद्दा, निद्दा निद्दाय दुःख पडिबोहा पयलाठिओववित्रुस्स पयल पयला उ चंकमओ दिण विंति अत्थकरद्धा, द्धाणद्धी अद्ध चक्की अद्धबला

1. जिस प्रकार की नींद में आसानी से जग सकते हो उसे निद्रा कहते हैं जिस नींद में सुख रूप से जागने का स्वभाव हो अथवा जगाने पर एक क्षण में आसानी से जो जाग जाय उसे प्रथम प्रकार की निद्रा कहते हैं ।

2. नींद की एक विशेष अवस्था जिसमें बडी मुश्किल से बहुत टटोलने पर उठे उसे दूसरे प्रकार की निद्रा कहते हैं ।

3. जिसमें खडे-खडे या बैठे-बैठे भी नींद आवे उसे प्रचला प्रकार की नींद कहते हैं ।

4. चलते-चलते जो नींद आती है उसे प्रचला प्रचला नामक नीद कहते हैं ।

5. दिन में जिस विषयक कार्य का तीव्र आकांक्षा से जो चिन्तन किया हो और दिन में वह कार्य न करके सो गया हो और रात को नींद में से उठकर उस कार्य को निद्रावस्था में ही करें वैसी नींद को थीणद्धि स्त्यानर्द्धि नामक पांचवें प्रकार की नींद कहते हैं । इस प्रकार की नींद में मनुष्य ठीक जागते हुए की तरह सारे ही काम कर लेता है । फिर भी उसे पता नहीं रहता है । पुनः आकर सो जाता है । सुबह उठने के बाद कुछ याद नहीं रहता है कि मैंने यह काम किया है इस प्रकार की नींद में अर्द्ध चक्रवर्ती अर्थात् वासुदेव के आधे बल के जितनी शक्ति रहती है । परन्तु यह कैसे? इस प्रश्न के उत्तर में कर्म शास्त्रकार स्पष्टीकरण करते हैं कि जो जीव वज्रऋषभनाराच संघयण नामक प्रथम संघयण वाला होता है उसे यदि थीणद्धि निद्रा नामक दर्शनावरणीय कर्म उदय हो तो उसमें अर्धचक्रवर्ती अर्थात् वासुदेव के बल का आधा बल-शक्ति थीणद्धि निद्रा के उदय में रहती है । परन्तु ऐसा जीव मरकर नरक में जाता है । छेवट्ठा नामक छट्ठे प्रकार का संघयण जिसके उदय में हो, (हमारे जैसे जीव) ऐसे जीवों को यदि थीणद्धि निद्रा नामक दर्शनावरणीय कर्म

अच्छे सुंदर लड्डू रखे हुए थे। कई लड्डू होने पर भी उस गृहस्थ ने एक भी लड्डू मुनि को भिक्षा में नहीं दिया। वह साधु लड्डू खाने का ही विचार करता रहा, इसी चिन्ता में रात्रि में सो गया। थीणद्धि निद्रा नामक दर्शनावरणीय कर्म के भारी उदय से वह साधु मध्य रात्रि में उठकर उस लड्डू वाले गृहस्थ के घर गया। द्वार तोडकर घर में घुसकर उसने खूब लड्डू खाये। शेष बचे हुए लड्डू अपने पात्र में लेकर उपाश्रय आकर पुनः सो गया। प्रातःकाल सभी साधु उठे। लड्डू खाने वाला साधु भी उठा, पर मानों उसे कुछ भी याद नहीं हो इस तरह वह अपनी नित्य क्रिया करने लगा। अपने गुरु को जाकर कहा कि मैंने आज ऐसा स्वप्न देखा है, परन्तु अन्य साधुगण वस्त्र-पात्र आदि की प्रतिलेखन क्रिया करने लगे तब एक पात्र में खूब लड्डू देखे। सबके बीच यह भारी आश्चर्य प्रकट हुआ काफी पूछ परख की, परन्तु कोई सत्य प्रकट नही हुआ। आखिर गुरु ने उसके स्वप्न के आधार पर थीणद्धि निद्रा नामक दर्शनावरणीय कर्म का भारी उदय समझकर उसे दीक्षा से निकाल दिया।

(3) हाथी मारक

एक वार की बात है कि एक छोटे साधु को रास्ते में एक हाथी ने बहुत परेशान किया। घबराकर साधु किसी तरह जान छुडाकर भागकर उपाश्रय में आ गए। दिनभर उनमें हाथी के प्रति बडा भारी क्रोध चलता रहा। इसी क्रोध के विचार में रात को सो गये।थीणद्धि निद्रा नामक दर्शनावरणीय कर्म के भारी उदय से वे साधु उठकर नगर के बंद द्वार तोडकर गांव के बाहर उस हाथी के पास गये। वज्रऋषभनाराच नामक प्रथम संघयण वाले उन्होंने थीणद्धि निद्रा के उदय में अर्ध-चक्रवर्ती अर्थात् तीन खण्ड के मालिक वासुदेव के अर्ध बल जितनी शक्ति से उस हाथी के दोनों दांत खींचकर निकाल डाले और दांतों से ही प्रहार कर हाथी को मार डाला। शेष रात्रि में लौटते समय उपाश्रय के बाहर ही दोनों दांत रखकर अन्दर आकर अपने संथारे पर सो गए। प्रातः उठकर गुरु के पास जाकर कहा कि आज मैंने ऐसा स्वप्न देखा है। कुछ देर में सभी साधु विहार के लिए निकले। बाहर निकलते ही जब हाथी के दोनों दांत देखे तब शंका पडी। गुरु ने सभी साधुओं को पूछा, किसी ने भी कोई जवाब नहीं दिया गांव के बाहर जाते ही उस साधु के उपकरण दिखाई दिये। इस प्रमाण से गुरु उस साधु को थीणद्धि निद्रा नामक दर्शनावरणीय कर्म के उदय वाला जानकर उससे साधुवेश छीनकर निकाल दिया।

साधुमंडलीमा रहे रे, एक लघु अणगार,
थीणद्धिनिद्रापरवशेरे रे, हणियो हस्तीमहंत,
सूतो भर निद्रावशे रे, भूतलीये दोय दंत ॥
अंग अशुचि शिष्यनुं रे, संशय मरियो साघ
ज्ञानी वयणे काढीयो रे, हंसवनेथी व्याघ ॥

(4) वट-वृक्ष छेदक

भूतकाल की बात है कि एक साधु विशेष बडे पात्र लेकर अन्य सभी साधुओं की

अच्छे सुंदर लड्डू रखे हुए थे। कई लड्डू होने पर भी उस गृहस्थ ने एक भी लड्डू मुनि को भिक्षा में नहीं दिया। वह साधु लड्डू खाने का ही विचार करता रहा, इसी चिन्ता में रात्रि में सो गया। थीणद्धि निद्रा नामक दर्शनावरणीय कर्म के भारी उदय से वह साधु मध्य रात्रि में उठकर उस लड्डू वाले गृहस्थ के घर गया। द्वार तोडकर घर में घुसकर उसने खूब लड्डू खाये। शेष बचे हुए लड्डू अपने पात्र में लेकर उपाश्रय आकर पुनः सो गया। प्रातःकाल सभी साधु उठे। लड्डू खाने वाला साधु भी उठा, पर मानों उसे कुछ भी याद नहीं हो इस तरह वह अपनी नित्य क्रिया करने लगा। अपने गुरु को जाकर कहा कि मैंने आज ऐसा स्वप्न देखा है, परन्तु अन्य साधुगण वस्त्र-पात्र आदि की प्रतिलेखन क्रिया करने लगे तब एक पात्र में खूब लड्डू देखे। सबके बीच यह भारी आश्चर्य प्रकट हुआ काफी पूछ परख की, परन्तु कोई सत्य प्रकट नही हुआ। आखिर गुरु ने उसके स्वप्न के आधार पर थीणद्धि निद्रा नामक दर्शनावरणीय कर्म का भारी उदय समझकर उसे दीक्षा से निकाल दिया।

(3) हाथी मारक

एक वार की बात है कि एक छोटे साधु को रास्ते में एक हाथी ने बहुत परेशान किया। घबराकर साधु किसी तरह जान छुडाकर भागकर उपाश्रय में आ गए। दिनभर उनमें हाथी के प्रति बडा भारी क्रोध चलता रहा। इसी क्रोध के विचार में रात को सो गये।थीणद्धि निद्रा नामक दर्शनावरणीय कर्म के भारी उदय से वे साधु उठकर नगर के बंद द्वार तोडकर गांव के बाहर उस हाथी के पास गये। वज्रऋषभनाराच नामक प्रथम संघयण वाले उन्होंने थीणद्धि निद्रा के उदय में अर्घ-चक्रवर्ती अर्थात् तीन खण्ड के मालिक वासुदेव के अर्घ बल जितनी शक्ति से उस हाथी के दोनों दांत खींचकर निकाल डाले और दांतों से ही प्रहार कर हाथी को मार डाला। शेष रात्रि में लौटते समय उपाश्रय के बाहर ही दोनों दांत रखकर अन्दर आकर अपने संथारे पर सो गए। प्रातः उठकर गुरु के पास जाकर कहा कि आज मैंने ऐसा स्वप्न देखा है। कुछ देर में सभी साधु विहार के लिए निकले। बाहर निकलते ही जब हाथी के दोनों दांत देखे तब शंका पडी। गुरु ने सभी साधुओं को पूछा, किसी ने भी कोई जवाब नहीं दिया गांव के वाहर जाते ही उस साधु के उपकरण दिखाई दिये। इस प्रमाण से गुरु उस साधु को थीणद्धि निद्रा नामक दर्शनावरणीय कर्म के उदय वाला जानकर उससे साधुवेश छीनकर निकाल दिया।

साधुमंडलीमा रहे रे, एक लघु अणगार,
थीणद्धिनिद्रापरवशेरे रे, हणियो हस्तीमहंत,
सूतो भर निद्रावशे रे, भूतलीये दोय दंत ॥
अंग अशुचि शिष्यनुं रे, संशय मरियो साघ
ज्ञानी वयणे काढीयो रे, हंसवनेथी व्याघ ॥

(4) वट-वृक्ष छेदक

भूतकाल की बात है कि एक साधु विशेष वडे पात्र लेकर अन्य सभी साधुओं की

बने हुये थे। एक बार महा ज्ञानी मुनि भगवंत के आगमन पर सेठ ने इस घटना के बारे में पूछा। ज्ञानी महाराज ने कहा कि यह थीणद्धि निद्रा के कारण होता है सेठ ने पुत्रवधू को अपने घर से निकालकर मायके भेज दिया।

ट्रक भरकर खींच लाया

वर्तमान काल की बात है कि एक जगह मकान बनने का काम चल रहा था। निरीक्षकों ने मजदूरों को हुक्म दिया कि कल सुबह एक ट्रक पत्थर पहाडी से लाकर यहां डाल देना। हां कहकर छुट्टी होते ही शाम को सभी मजदूर निकल गए। एक मजदूर ने घर आकर जल्दी सोते हुए अपनी पत्नी को कहा कि मुझे सुबह जल्दी उठाना, पत्थर भरने जाना हैं। ऐसा कहता हुआ उस विचार में सो गया। थीणद्धि नामक निद्रा दर्शनावरणीय कर्म के उदय वाला वह मजदूर मध्यरात्रि में उठा नींद में ही वह ट्रक लेकर पहाडी प्रदेश में पहुंच गया। अन्य कोई मजदूर नहीं आये थे। अतः उसने अकेले ने ही वडे-वडे पत्थरों को उठाकर ट्रक भर दिया। जिन पत्थरों को चार जने मिलकर भी न उठा सकते थे उन्हें वह अकेला उठाकर ट्रक भरता गया। ट्रक भर जाने पर अकेला ही उस भारी ट्रक को मकान पर ले गया और वहां खाली करके घर आकर बिस्तर में सो गया। सुवह जव पत्नी उठाने गई तव सारा शरीर पसीने में तर था एवं भारी गरमी के कारण मानों खोल रहा था। नींद से उठकर जल्दवाजी करता हुआ तैयार हो रहा था। इतने में पत्नी ने पूछा कि आप रात में इतनी देर तक कहां गये थे? पति ने इसका कुछ भी जवाब न देते हुये कहा मुझे जल्दी काम पर जाना है, अतः इस समय देरी मत कर, मुझे जाने दे। इतना कहकर घर से निकल गया और शीघ्र ही काम पर पहुंच गया। सभी मजदूर इकट्ठे हुये थे और यह चर्चा कर रहे थे कि पत्थर का यह ट्रक यहां कौन ले आया है? सभी इन्कार कर रहे थे कि इतने में चौकीदार ने उस गजदूर का नाम बताते हुये कहा कि यह मजदूर रात को ले आया था। इस प्रकार थीणद्धि निद्रा में वह मजदूर दुगुनी, चौगुनी शक्ति से काम कर रहा था। वीरविजय जी महाराज दर्शनावरणीय कर्म की पूजा की ढाल में कहते हैं कि-

दिन चिंतित रात्रे करे रे, करणी जे नरनार
बलदेव नु बल ते समे रे, नरक गति अवतार ॥

अर्थात् थीणद्धि निद्रा के उदय से ऐसे कार्य जो भी कोई करते हैं भले ही वे वलदेव के वल जितनी शक्ति से करते हों, परन्तु वे नरक गति में जाते हैं। इस तरह थीणद्धि निद्रा वहुत ही खराव होती है। जीव को नरकगामी वनाती है।

निद्रा से नुकसान

पूर्वधर मुनि दुर्गति में गये।

महान विद्वान पूज्य आचार्य देव के भानुदत्त नामक मुनि अच्छे शिष्य थे। आचार्य महाराज ने खूव परिश्रम से उन्हें 14 पूर्व (धर्मशास्त्रों) का अभ्यास कराया। इस तरह भानुदत्त गुनि भी 14 पूर्वधारी गहान् विद्वान

बने हुये थे। एक बार महा ज्ञानी मुनि भगवंत के आगमन पर सेठ ने इस घटना के बारे में पूछा। ज्ञानी महाराज ने कहा कि यह थीणद्धि निद्रा के कारण होता है सेठ ने पुत्रवधू को अपने घर से निकालकर मायके भेज दिया।

ट्रक भरकर खींच लाया

वर्तमान काल की बात है कि एक जगह मकान बनने का काम चल रहा था। निरीक्षकों ने मजदूरों को हुक्म दिया कि कल सुबह एक ट्रक पत्थर पहाडी से लाकर यहां डाल देना। हां कहकर छुट्टी होते ही शाम को सभी मजदूर निकल गए। एक मजदूर ने घर आकर जल्दी सोते हुए अपनी पत्नी को कहा कि मुझे सुबह जल्दी उठाना, पत्थर भरने जाना हैं। ऐसा कहता हुआ उस विचार में सो गया। थीणद्धि नामक निद्रा दर्शनावरणीय कर्म के उदय वाला वह मजदूर मध्यरात्रि में उठा नींद में ही वह ट्रक लेकर पहाडी प्रदेश में पहुंच गया। अन्य कोई मजदूर नहीं आये थे। अतः उसने अकेले ने ही वडे-वडे पत्थरों को उठाकर ट्रक भर दिया। जिन पत्थरों को चार जने मिलकर भी न उठा सकते थे उन्हें वह अकेला उठाकर ट्रक भरता गया। ट्रक भर जाने पर अकेला ही उस भारी ट्रक को मकान पर ले गया और वहां खाली करके घर आकर विस्तर में सो गया। सुवह जव पत्नी उठाने गई तव सारा शरीर पसीने में तर था एवं भारी गरमी के कारण मानों खोल रहा था। नींद से उठकर जल्दवाजी करता हुआ तैयार हो रहा था। इतने में पत्नी ने पूछा कि आप रात में इतनी देर तक कहां गये थे? पति ने इसका कुछ भी जवाब न देते हुये कहा मुझे जल्दी काम पर जाना है, अतः इस समय देरी मत कर, मुझे जाने दे। इतना कहकर घर से निकल गया और शीघ्र ही काम पर पहुंच गया। सभी मजदूर इकट्ठे हुये थे और यह चर्चा कर रहे थे कि पत्थर का यह ट्रक यहां कौन ले आया है? सभी इन्कार कर रहे थे कि इतने में चौकीदार ने उस मजदूर का नाम बताते हुये कहा कि यह मजदूर रात को ले आया था। इस प्रकार थीणद्धि निद्रा में वह मजदूर दुगुनी, चौगुनी शक्ति से काम कर रहा था। वीरविजय जी महाराज दर्शनावरणीय कर्म की पूजा की ढाल में कहते हैं कि-

दिन चिंतित रात्रे करे रे, करणी जे नरनार
बलदेव नु बल ते समे रे, नरक गति अवतार ॥

अर्थात् थीणद्धि निद्रा के उदय से ऐसे कार्य जो भी कोई करते हैं भले ही वे वलदेव के वल जितनी शक्ति से करते हों, परन्तु वे नरक गति में जाते हैं। इस तरह थीणद्धि निद्रा वहुत ही खराव होती है। जीव को नरकगामी वनाती है।

निद्रा से नुकसान

पूर्वधर मुनि दुर्गति में गये।

महान विद्वान पूज्य आचार्य देव के भानुदत्त नामक मुनि अच्छे शिष्य थे। आचार्य महाराज ने खूव परिश्रम से उन्हें 14 पूर्व (धर्मशास्त्रों) का अभ्यास कराया। इस तरह भानुदत्त मुनि भी 14 पूर्वधारी महान विद्वान

आचार-विचार : नारी का

-सा. श्री प्रफुल्लप्रभाश्री जी म.

झरोखा प्रकाश के लिए है-कचरे के लिये नही,
इन्द्रियां विकास के लिये है, विकार के लिए नही।
इस जिंदगी का हर द्वार श्रेय के लिये खुला है
क्योंकि जिन्दगी—
जिन्दगी उत्थान के लिये है, पतन के लिये नही।

उद्यान में गुलाब जब डाली पर खिलता है, विकसित होता है तब वह अपनी सुवास को इधर-उधर दसों दिशाओं में बिखेरने लगता है। लेकिन यह सब कब तक? जब तक कि डाली पर वह फूल विकसित है, खिला हुआ है।

वैसे ही इस विश्व की सुन्दर सुरम्य वाटिका में नारी रूपी गुलाब भी सुसंस्कार की डाली पर सद् आचार-विचार से खिला है, विकसित है तो उसके जीवन की सुवास दशों दिशाओं में बिखरेगी। अपने गुणो की मधुर सुवास मात्र अपने आस पास ही नहीं, वल्कि दूर-दूर के क्षेत्रों को अपनी महक देगी। परन्तु वही वात कि कव तक? जब तक वह आचार-विचार की डाली पर विकसित रहेगी खिली रहेगी तव तक। जेसे ही वह आचार-विचार या सुसंस्कार की डाली से खिर गई गिर गई निश्चित हीं उसके जीवन का विनाश हे, सर्वनाश हे।

जहां आर्य सन्नारियों का नाम सदा इतिहास के पृष्ट पर स्वर्णाक्षर में त्यागिनी, तपस्विनी, वीरांगना ओर सदाचारिणी के रूप में अंकित रहा हे, वहां आज वर्तमान में जो नारी की स्थिति वनी हुई ह उसके पीछे यदि कोई मूल कारण है तो उनका आचार-विचार और सुसंस्कार की न्यूनता का है।

जिस देश में नारी की पूजा होती थी आज उसी देश में नारी की फोटुएं सरेआम बाजारों में दीवारों पर लगाई जाती है। अरे, नारी को अपने जीवन का उत्थान करना होगा, अपने जीवन को उज्जवल बनाना होगा।

तभी तो किसी कवि ने कहा है—
रात को उज्जवल बनाने का काम सितारों का है,
नदी को उज्जवल वनाने का काम किनारों का है,
इससे भी महत्त्वपूर्ण बात तो जीवन की यह हे
कि परिवार को उज्जवल वनाने का काम सन्नारियों का है।

आज वर्तमान स्थिति का अवलोकन करते हैं तो नारी शिक्षा के क्षेत्र में तो वहुत ही आगे वढ रही है, परन्तु सुसंस्कार के क्षेत्र में पिछडती जा रही है। शिक्षा बाह्य जीवन का आकर्षण है लेकिन आन्तरिक जीवन का आकर्षण तो सुसंस्कार है।

सुसंस्कारी नारी अपने जीवन के साथ-साथ अपनी संतान के जीवन का व अपने परिवारजनों के जीवन को भी सुन्दर वनाती है। जिस घर की नारी सुसंस्कारी है वही घर, परिवार आदर्श वन सकता है।

आवश्यकता ह नारी अपने जीवन को सद्आचार, सद्विचार आर व्यवहार से आगे वढने का प्रयास करे।

चातुर्मास - जेन नगर, मेरठ

आचार-विचार : नारी का

-सा. श्री प्रफुल्लप्रभाश्री जी म.

झरोखा प्रकाश के लिए है-कचरे के लिये नही,
इन्द्रियां विकास के लिये है, विकार के लिए नही।
इस जिंदगी का हर द्वार श्रेय के लिये खुला है
क्योंकि जिन्दगी—
जिन्दगी उत्थान के लिये है, पतन के लिये नही।

उद्यान में गुलाब जब डाली पर खिलता है, विकसित होता है तब वह अपनी सुवास को इधर-उधर दसों दिशाओं में बिखेरने लगता है। लेकिन यह सब कब तक? जब तक कि डाली पर वह फूल विकसित है, खिला हुआ है।

वैसे ही इस विश्व की सुन्दर सुरम्य वाटिका में नारी रूपी गुलाब भी सुसंस्कार की डाली पर सद् आचार-विचार से खिला है, विकसित है तो उसके जीवन की सुवास दशों दिशाओं में बिखरेगी। अपने गुणो की मधुर सुवास मात्र अपने आस पास ही नहीं, वल्कि दूर-दूर के क्षेत्रों को अपनी महक देगी। परन्तु वही वात कि कव तक? जब तक वह आचार-विचार की डाली पर विकसित रहेगी खिली रहेगी तव तक। जेसे ही वह आचार-विचार या सुसंस्कार की डाली से खिर गई गिर गई निश्चित हीं उसके जीवन का विनाश है, सर्वनाश हे।

जहां आर्य सन्नारियों का नाम सदा इतिहास के पृष्ठ पर स्वर्णाक्षर में त्यागिनी, तपस्विनी, वीरांगना ओर सदाचारिणी के रूप में अंकित रहा हे, वहां आज वर्तमान में जो नारी की स्थिति वनी हुई ह उसके पीछे यदि कोई मूल कारण है तो उनका आचार-विचार और सुसंस्कार की न्यूनता का है।

जिस देश में नारी की पूजा होती थी आज उसी देश में नारी की फोटुएं सरेआम बाजारों में दीवारों पर लगाई जाती है। अरे, नारी को अपने जीवन का उत्थान करना होगा, अपने जीवन को उज्जवल बनाना होगा।

तभी तो किसी कवि ने कहा है—
रागद्वेष की परिणति कम होती है इससे आत्मा निर्मल एवं उज्जवल होती है इस प्रकार छोटे-बडे अनेकों लाभ है जो कि हमें, इस 'अनुमोदना' की क्रिया से प्राप्त होते हैं । इसके साथ ही जो दुष्कृत की निन्दा गर्ह (घृणा) और पश्चाताप वाली क्रिया है उस क्रिया के करने पर ही अनुमोदना की क्रिया की पुष्टि होती है । उसके बिना अनुमोदना की क्रिया अधूरी रह जाती है । कारगर नहीं होती इसलिये यहां दोनों ही क्रियाओं का उल्लेख किया गया हे । एक क्रिया दूसरी की पूरक है । दोनों आवश्यक क्रियाएं हैं

सुकृत की अनुमोदना

अरिहंत परमात्मा, मूल पाठ सिद्ध भगवंत, आचार्य भगवंत, साधु साध्वी, श्रावक श्राविका, देव देवियां, यावत् नरक निगोद के जीवों के द्वारा किये गये, किये जा रहे, सुकृत की एवं जन्म जन्मांतर से अपने द्वारा किये गये सुकृत की, शुभ कार्यो की, अच्छे कार्यों की, हे परमात्मा ! आपकी सान्निध्यता में, आत्मा की साक्षी से

बार बार अनुमोदना करता हूँ
पुनः पुनः अनुमोदना करता हूँ
बार बार सच्चे श्रद्धा भरे निर्मल हृदय से अनुमोदना करता हूँ ।

दुष्कृत की निन्दा, महा (कृणा) और पश्चाताप

हे परमात्मा ! जन्म, जन्मांतर से, नाना योनियों में, भटकते हुए तथा इस जन्म में मेरे द्वारा किये दुष्कृतों की अशुभ कार्यों की बुरे कार्यों की बारंबार आपके सान्निध्य में आत्म साक्षी से निन्दा करता हूँ घृणा (गर्ह) करता हूँ, पश्चाताप करता हूँ ।

प्रभो ! क्षमा करो, क्षमा करो, क्षमा करो, इस विद्या को करने के बाद मन प्रफुल्लित, आनंदित होगा और हर्षित होगा ।

जब मन आनंदित होता है तो उसमें और भी कुछ करने की जिज्ञासा होगी इसलिये यहां एक छोटा सा वैराग्य के भावों से गर्भित श्लोक लिखा जा रहा जिसका लाभ उठाया जा सकता है-

वैराग्य रस का झरना
इत्रो, न किंचित्, न किंचित्
यतो यतो यामि, ततो न किंचित् ।
विचार्य, पश्यामि जगन्न किंचित्

जैन धर्म और डाक टिकिट

-श्री महेन्द्र कुमार दोसी

जैन धर्म की संस्कृति अति प्राचीन है। हमारे देश का नाम भी प्रथम तीर्थकर आदिश्वर भगवान के पुत्र भरत चक्रवर्ती महाराज के नाम से ही भारत हुआ है। जैन धर्म के महत्त्व को अन्य धर्म के अनुयायियों ने भी पहचाना तथा जाना है। इसी महत्त्व को स्वीकारते हुए डाक तार विभाग ने समय-समय पर जैन मंदिरों, आचार्य महाराज सा., महापुरुषों तथा जैन कलात्मक कृतियों पर डाक टिकिट तथा प्रथम दिवस कवर निकाले हैं।

जैन धर्म से संबंधित डाक टिकिटों का विवरण क्रम नीचे लिखे अनुसार बांट सकते हैं।

(1) मंदिर (2) महाराज साहब (3) महापुरुष (4) कलात्मक कृति (5) प्रथम दिवस कवर।

मंदिर

हमारे देश की स्वाधीनता से भी पूर्व अंग्रेजों ने जैन धर्म के महत्त्व को स्वीकार किया। उस समय अंग्रेजों का प्रमुख कार्यस्थल कलकत्ता हुआ करता था। अंग्रेज जैन धर्म की संस्कृति से बहुत अधिक प्रभावित हुए। अंग्रेजों के राज्य में जार्ज पंचम के राज्यारोहण की सिल्वर जुबली मनाई जा रही थी। इतने विशाल वैभवपूर्ण कार्यक्रम में उन्होंने तीर्थंकर भगवान को भी बहुत याद किया। उस समय कई प्रमुख अंग्रेज अधिकारी कलकत्ता स्थित श्री शीतलनाथ भगवान के मंदिर नियमित रूप से दर्शन करने आते थे। सिल्वर जुबली समारोह के अन्तर्गत प्रकाशित डाक टिकिट शीतलनाथ भगवान को समर्पित हुआ है। राजा-रानी के अलावा उस समय अन्य कोई डाक टिकिट नहीं था। किसी भी अन्य सामग्री पर प्रकाशित यह पहला डाक टिकिट है, वह भी हमारे जैन मंदिर का। इसी से इसका महत्त्व स्पष्ट होता है।

कलकत्ता के प्रसिद्ध शीतलनाथ भगवान के मंदिर पर यह डाक टिकिट 6 मई सन् 1935 को प्रकाशित हुआ था। इस टिकिट का रंग काला तथा हल्का नीला तथा मूल्य 1¼ आना है। टिकिट पर मंदिर के साथ ही किंग जार्ज-पंचम की फोटो भी है जो मानो भगवान के दर्शन कर रही हो। यह टिकिट अब दुर्लभ टिकिटों की श्रेणी में है तथा इसकी कीमत इस समय हजारों रुपयों में है। अंग्रेजों द्वारा भारत में प्रकाशित किसी अन्य धर्म पर यह पहला टिकिट था।

जैन मंदिरों की श्रृंखला में दूसरा टिकिट हमारे अति प्राचीन सबसे पवित्र शाश्वत तीर्थ तीर्थाधिराज शत्रुंजय (पालीताणा तीर्थ) पर प्रकाशित हुआ है। 15 अगस्त सन् 1949 को यह आकर्षक टिकिट भूरे काले तथा [illegible]

जैन धर्म और डाक टिकिट

-श्री महेन्द्र कुमार दोसी

जैन धर्म की संस्कृति अति प्राचीन है । हमारे देश का नाम भी प्रथम तीर्थंकर आदिश्वर भगवान के पुत्र भरत चक्रवर्ती महाराज के नाम से ही भारत हुआ है । जैन धर्म के महत्त्व को अन्य धर्म के अनुयायियों ने भी पहचाना तथा जाना है । इसी महत्त्व को स्वीकारते हुए डाक तार विभाग ने समय-समय पर जैन मंदिरों, आचार्य महाराज सा., महापुरुषों तथा जैन कलात्मक कृतियों पर डाक टिकिट तथा प्रथम दिवस कवर निकाले हैं ।

जैन धर्म से संबंधित डाक टिकिटों का विवरण क्रम नीचे लिखे अनुसार बांट सकते हैं ।

(1) मंदिर (2) महाराज साहब (3) महापुरुष (4) कलात्मक कृति (5) प्रथम दिवस कवर ।

मंदिर

हमारे देश की स्वाधीनता से भी पूर्व अंग्रेजों ने जैन धर्म के महत्त्व को स्वीकार किया । उस समय अंग्रेजों का प्रमुख कार्यस्थल कलकत्ता हुआ करता था । अंग्रेज जैन धर्म की संस्कृति से बहुत अधिक प्रभावित हुए । अंग्रेजों के राज्य में जार्ज पंचम के राज्यारोहण की सिल्वर जुबली मनाई जा रही थी । इतने विशाल वैभवपूर्ण कार्यक्रम में उन्होंने तीर्थंकर भगवान को भी बहुत याद किया । उस समय कई प्रमुख अंग्रेज अधिकारी कलकत्ता स्थित श्री शीतलनाथ भगवान के मंदिर नियमित रूप से दर्शन करने आते थे । सिल्वर जुबली समारोह के अन्तर्गत प्रकाशित डाक टिकिट शीतलनाथ भगवान को समर्पित हुआ है । राजा-रानी के अलावा उस समय अन्य कोई डाक टिकिट नहीं था । किसी भी अन्य सामग्री पर प्रकाशित यह पहला डाक टिकिट है, वह भी हमारे जैन मंदिर का । इसी से इसका महत्त्व स्पष्ट होता है ।

कलकत्ता के प्रसिद्ध शीतलनाथ भगवान के मंदिर पर यह डाक टिकिट 6 मई सन् 1935 को प्रकाशित हुआ था । इस टिकिट का रंग काला तथा हल्का नीला तथा मूल्य 1¼ आना है । टिकिट पर मंदिर के साथ ही किंग जार्ज-पंचम की फोटो भी है जो मानो भगवान के दर्शन कर रही हो । यह टिकिट अब दुर्लभ टिकिटों की श्रेणी में है तथा इसकी कीमत इस समय हजारों रुपयों में है । अंग्रेजों द्वारा भारत मे प्रकाशित किसी अन्य धर्म पर यह पहला टिकिट था ।

जैन मंदिरों की श्रृंखला में दूसरा टिकिट हमारे अति प्राचीन सबसे पवित्र शाश्वत तीर्थ तीर्थाधिराज शत्रुंजय (पालीताणा तीर्थ) पर प्रकाशित हुआ है । 15 अगस्त सन् 1949 को एक आकर्षक टिकिट भूरे काले तथा [illegible]

सिद्धांत अहिंसा, सत्य, अपिरग्रह, ब्रह्मचर्य, अचौर्य भी कमल की पत्तियों में लिखे गये हैं।

अभी हाल ही में 9 अगस्त, 2002 को भी जैन श्वेताम्बर पंथ के स्थानकवासी समुदाय के श्रमण संघ के महान आचार्य श्री आनंद ऋषि जी महाराज साहब की पुण्य स्मृति में बहुरंगी टिकिट कीमत 4/- रु. का निकाला गया है । पू. आचार्य की फोटो के साथ ही जैन धर्म की महत्त्वपूर्ण बात अहिंसा को भी दर्शाया गया है ।

महापुरुष

जैन धर्म के अनुयायियों ने न केवल व्यापार, उद्योग, अपितु शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किया है । विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक डा. विक्रम अम्बालाल सारा भाई को कौन नहीं जानता । हमारे वर्तमान राष्ट्रपति माननीय कलाम सा. उन्हें अपना गुरु मानते हैं । डा. विक्रम सारा भाई की प्रथम पुण्य तिथि पर 30 दिसम्बर 1972 को भूरे तथा हरे रंग में मूल्य 20 पैसे की श्रेणी में आकर्षक डाक टिकिट निकाला गया है । उनके फोटो के साथ वैज्ञानिक प्रगति के प्रतीक राकेट तथा जैन धर्म के शांती के संदेश के रूप में कबूतर भी दिखलाये गये हैं ।

महाराष्ट्र के प्रसिद्ध शिक्षा शास्त्री एवं समाजसेवी डा. भाऊराव पाटिल के उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए विभाग ने आकर्षक लाल-भूरे रंग का टिकिट दिनांक 9 मई सन् 1988 को 60 पैसे मूल्य का प्रकाशित किया है । उनकी फोटो के साथ ही पढते हुए बच्चे (साक्षरता कक्षा) भी दर्शाये गये हैं ।

प्रसिद्ध पुरातत्वज्ञ प्रोफेसर डा. जे.सी. जैन के पुरातत्व जगत में सराहनीय कार्य को दृष्टि में रखते हुए 28 जनवरी 1998 को आकर्षक टिकिट रु. 2/- मूल्य श्रेणी में निकाला है । उनकी फोटो के साथ ही सहस्रफणा पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा की फोटो भी है जो राणकपुर तीर्थ से ली गई प्रतीत होती है । साथ ही मोहनजोदडो खुदाई में मिले सभ्यता के चिह्न प्रतीक रूप में छापे गये हैं ।

स्मारक एवं कलाकृति

प्रसिद्ध स्थल खजुराहो के जैन मंदिर में कलाकृति 'युवती लिखने की मुद्रा में' पर आकर्षक टिकिट 15 अगस्त 1965 को रु. 1/- मूल्य श्रेणी में निकाला गया है ।

जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिश्वर भगवान की माता मरु देवी ऐरावत हाथी पर बैठी हुई मुद्रा में, की अति प्राचीन कलाकृति गुजरात के भुज संग्रहालय में रखी हुई है इसी कलाकृति को आकर्षक रंग में 27 जुलाई 1978 को 25 पैसे मूल्य श्रेणी में डाक टिकिट पर निकाला गया है ।

वडौदा संग्रहालय की शताब्दी के अवसर पर संग्रहालय में रखी कलाकृति पर एक साथ दो टिकिटों की मिनीयेचर शीट मूल्य रु. 6/- तथा मूल्य रु. 11/- का आकर्षक बहुरंगी टिकिट दिनांक 20 दिसम्बर 1994 को निकाल गये हैं । यह टिकिट अलग-अलग तथा साथ-साथ ही उपयोग में लिये जा सकते हैं ।

सिद्धांत अहिंसा, सत्य, अपिरग्रह, ब्रह्मचर्य, अचौर्य भी कमल की पत्तियों में लिखे गये हैं।

अभी हाल ही में 9 अगस्त, 2002 को भी जैन श्वेताम्बर पंथ के स्थानकवासी समुदाय के श्रमण संघ के महान आचार्य श्री आनंद ऋषि जी महाराज साहब की पुण्य स्मृति में बहुरंगी टिकिट कीमत 4/- रु. का निकाला गया है। पू. आचार्य की फोटो के साथ ही जैन धर्म की महत्त्वपूर्ण बात अहिंसा को भी दर्शाया गया है।

महापुरुष

जैन धर्म के अनुयायियों ने न केवल व्यापार, उद्योग, अपितु शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किया है। विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक डा. विक्रम अम्बालाल सारा भाई को कौन नहीं जानता। हमारे वर्तमान राष्ट्रपति माननीय कलाम सा. उन्हें अपना गुरु मानते हैं। डा. विक्रम सारा भाई की प्रथम पुण्य तिथि पर 30 दिसम्बर 1972 को भूरे तथा हरे रंग में मूल्य 20 पैसे की श्रेणी में आकर्षक डाक टिकिट निकाला गया है। उनके फोटो के साथ वैज्ञानिक प्रगति के प्रतीक राकेट तथा जैन धर्म के शांती के संदेश के रूप में कबूतर भी दिखलाये गये हैं।

महाराष्ट्र के प्रसिद्ध शिक्षा शास्त्री एवं समाजसेवी डा. भाऊराव पाटिल के उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए विभाग ने आकर्षक लाल-भूरे रंग का टिकिट दिनांक 9 मई सन् 1988 को 60 पैसे मूल्य का प्रकाशित किया है। उनकी फोटो के साथ ही पढते हुए बच्चे (साक्षरता कक्षा) भी दर्शाये गये हैं।

प्रसिद्ध पुरातत्वज्ञ प्रोफेसर डा. जे.सी. जैन के पुरातत्व जगत में सराहनीय कार्य को दृष्टि में रखते हुए 28 जनवरी 1998 को आकर्षक टिकिट रु. 2/- मूल्य श्रेणी में निकाला है। उनकी फोटो के साथ ही सहस्रफणा पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा की फोटो भी है जो राणकपुर तीर्थ से ली गई प्रतीत होती है। साथ ही मोहनजोदडो खुदाई में मिले सभ्यता के चिह्न प्रतीक रूप में छापे गये हैं।

स्मारक एवं कलाकृति

प्रसिद्ध स्थल खजुराहो के जैन मंदिर में कलाकृति 'युवती लिखने की मुद्रा में' पर आकर्षक टिकिट 15 अगस्त 1965 को रु. 1/- मूल्य श्रेणी में निकाला गया है।

जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिश्वर भगवान की माता मरु देवी ऐरावत हाथी पर बैठी हुई मुद्रा में, की अति प्राचीन कलाकृति गुजरात के भुज संग्रहालय में रखी हुई है इसी कलाकृति को आकर्षक रंग में 27 जुलाई 1978 को 25 पैसे मूल्य श्रेणी में डाक टिकिट पर निकाला गया है।

बडौदा संग्रहालय की शताब्दी के अवसर पर संग्रहालय में रखी कलाकृति पर एक साथ दो टिकिटों की मिनीयेचर शीट मूल्य रु. 6/- तथा मूल्य रु. 11/- का आकर्षक बहुरंगी टिकिट दिनांक 20 दिसम्बर 1994 को निकाले गये हैं। यह टिकिट अलग-अलग तथा साथ-साथ ही उपयोग में लिये जा सकते हैं।

जैन तीर्थ नांदिया

-श्रीमती रानी भण्डारी, एडवोकेट

राजस्थान की देवनगरी ''सिरोही'' ऐतिहासिक व अति प्राचीन जैन मंदिरों की नगरी है। सिरोही जिला जैन मंदिरों एवं तीर्थों का विशाल गढ है, जहां अधिकतम अतिप्राचीन जैन तीर्थ होने से सिरोही को ''देवनगरी'' के नाम से भी परिभाषित किया है। सिरोही नगरी जैन मंदिरों की नगरी स्वयं में प्रमाणित है। आबू पर्वत की शाखाओं की हारमाल का एक मोती ''नांदिया'' है। प्राकृतिक एवं रमणीय वातावरण में नांदिया जैन तीर्थ है। जो आज ''जीवित महावीर स्वामी'' जैन तीर्थ के नाम से भी सुप्रसिद्ध है। प.पू. दिव्य विभूति, अध्यात्ममूर्ति, आचार्य भगवन्त श्री कलापूर्णसूरीश्वर जी म.सा. के शब्दों में...''नांदिया'' भगवान श्री महावीर की साधना स्थली प्रमाणित है और विचरण क्षेत्र भी रहा। यहां की धरा का एक-एक कण पवित्र व वन्दनीय है। नांदिया जैन तीर्थ के दर्शन-पूजन करना ही व्यक्ति के सौभाग्य को प्रमाणित करता है। प.पू. अध्यात्ममूर्ति, आचार्य श्री कलापूर्ण सूरीश्वर जी म.सा. ने भी इस क्षेत्र में विचरण-स्थिरता के साथ एक लम्बे समय तक नांदिया में साधना की थी।

2600 वर्ष प्राचीन तीर्थ नांदिया (नंदिवर्धनपुर) भगवान के बडे भ्राता श्री नंदिवर्धन राजा ने अपने नाम का गांव बसाया था। प्रभु महावीर स्वामी जब यहां जीवित समय में विहार करते थे तब यहां प्रभुजी के देह प्रमाण भव्य देशी पाषाण (पत्थर) में आवे-हुव मूर्ति प्रभुजी की सात हाथ काया की, उसी प्रमाण अष्ट प्रतिहार्य सहित बिम्ब (मूर्ति) विराज़मान की थी जो वर्तमान में विराजमान है। प्रगट प्रभावी तीर्थंकर की मूर्ति के दर्शन-पूजन का लाभ प्राप्त करना, आत्मकल्याण का सरल व श्रेष्ठ मार्ग है।

हमारी आस्था के परम शासन नायक तीर्थकर श्री महावीर स्वामी को चन्डकौशिक का सर्पदंश का उपसर्ग भी नान्दिया में हुआ था। चन्डकौशिक नामक सर्प ने श्री महावीर स्वामी के अंगूठे को काटा, उक्त काटे गये स्थान से खून के स्थान पर दूध की धारा बहती देख चन्डकौशिक सर्प स्तब्ध रह गया, उसे अपने पूर्वभव का तत्काल स्मरण हुआ। परमात्मा के उपदेश का श्रवण करके उच्चगति को प्राप्त करने के इतिहास से सभी परिचित है। ऐसे पावन-पवित्र स्थल के दर्शनमात्र से आत्म-कल्याण निश्चित है और आत्मा मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर होती है। इस पावन स्थल पर निर्मित कलात्मक व भव्य मंदिर की प्रतिष्ठा प.पू. युवकजागृति प्रेरक, 213 दीक्षा के प्रदाता, सन्तशिरोमणि आचार्य श्री गुणरत्नसूरीश्वर जी म.सा. की पावन निश्रा में सम्पन्न हुई थी।

यह पावन एवं पवित्र स्थली नान्दिया पूर्णरूप से धर्म की नगरी प्रमाणित है। यह गौरवमयी धरती प.पू. कलिकाल-कल्पतरु,

जैन तीर्थ नांदिया

-श्रीमती रानी भण्डारी, एडवोकेट

राजस्थान की देवनगरी ''सिरोही'' ऐतिहासिक व अति प्राचीन जैन मंदिरों की नगरी है। सिरोही जिला जैन मंदिरों एवं तीर्थों का विशाल गढ है, जहां अधिकतम अतिप्राचीन जैन तीर्थ होने से सिरोही को ''देवनगरी'' के नाम से भी परिभाषित किया है। सिरोही नगरी जैन मंदिरों की नगरी स्वयं में प्रमाणित है। आबू पर्वत की शाखाओं की हारमाल का एक मोती ''नांदिया'' है। प्राकृतिक एवं रमणीय वातावरण में नांदिया जैन तीर्थ है। जो आज ''जीवित महावीर स्वामी'' जैन तीर्थ के नाम से भी सुप्रसिद्ध है। प.पू. दिव्य विभूति, अध्यात्ममूर्ति, आचार्य भगवन्त श्री कलापूर्णसूरीश्वर जी म.सा. के शब्दों में...''नांदिया'' भगवान श्री महावीर की साधना स्थली प्रमाणित है और विचरण क्षेत्र भी रहा। यहां की धरा का एक-एक कण पवित्र व वन्दनीय है। नांदिया जैन तीर्थ के दर्शन-पूजन करना ही व्यक्ति के सौभाग्य को प्रमाणित करता है। प.पू. अध्यात्ममूर्ति, आचार्य श्री कलापूर्ण सूरीश्वर जी म.सा. ने भी इस क्षेत्र में विचरण-स्थिरता के साथ एक लम्बे समय तक नांदिया में साधना की थी।

2600 वर्ष प्राचीन तीर्थ नांदिया (नंदिवर्धनपुर) भगवान के बडे भ्राता श्री नंदिवर्धन राजा ने अपने नाम का गांव बसाया था। प्रभु महावीर स्वामी जब यहां जीवित समय में विहार करते थे तब यहां प्रभुजी के देह प्रमाण भव्य देशी पाषाण (पत्थर) में आवे-हुव मूर्ति प्रभुजी की सात हाथ काया की, उसी प्रमाण अष्ट प्रतिहार्य सहित बिम्ब (मूर्ति) विराज़मान की थी जो वर्तमान में विराजमान है। प्रगट प्रभावी तीर्थंकर की मूर्ति के दर्शन-पूजन का लाभ प्राप्त करना, आत्मकल्याण का सरल व श्रेष्ठ मार्ग है।

हमारी आस्था के परम शासन नायक तीर्थकर श्री महावीर स्वामी को चन्डकौशिक का सर्पदंश का उपसर्ग भी नान्दिया में हुआ था। चन्डकौशिक नामक सर्प ने श्री महावीर स्वामी के अंगूठे को काटा, उक्त काटे गये स्थान से खून के स्थान पर दूध की धारा बहती देख चन्डकौशिक सर्प स्तब्ध रह गया, उसे अपने पूर्वभव का तत्काल स्मरण हुआ। परमात्मा के उपदेश का श्रवण करके उच्चगति को प्राप्त करने के इतिहास से सभी परिचित है। ऐसे पावन-पवित्र स्थल के दर्शनमात्र से आत्म-कल्याण निश्चित है और आत्मा मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर होती हं। इस पावन स्थल पर निर्मित कलात्मक व भव्य मंदिर की प्रतिष्ठा प.पू. युवकजागृति प्रेरक, 213 दीक्षा के प्रदाता, सन्तशिरोमणि आचार्य श्री गुणरत्नसूरीश्वर जी म.सा. की पावन निश्रा में सम्पन्न हुई थी।

यह पावन एवं पवित्र स्थली नान्दिया पूर्णरूप से धर्म की नगरी प्रमाणित है। यह गौरवमयी धरती प.पू. कलिकाल-कल्पतरु,

श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ

-श्रीमती चेतना शाह

'हमारी संस्कृति और हमारे तीर्थ' यह लेख के माध्यम से हमने पहले (गतांक) में खारवाडा के 'श्री स्थंभन पार्श्वनाथ भगवान' के मंदिर की जानकारी प्राप्त की। इस बार हम वहीं त्रंबावटी नगरी यानि खंभात के पास में बसे हुए गांव शकरपुर की जानकारी प्राप्त करेंगे। यह गांव है तो छोटा सा पर यहां दो जिन मंदिर और एक गुरु मंदिर एक ही स्थान पर बने हुए हैं।

मैंने इस लेख को लिखते वक्त दो पुस्तकों का सहारा लिया है।

1. ''चालो स्तंभन तीर्थ'' संकलन-संपादन मुनि कल्याण बोधि विजय जी म.सा.

2. ''खंभात के जिनालय'' चंद्रकांत जी कडिया सेठ आणंद जी कल्याण जी, अहमदाबाद

अहमदाबाद से खंभात का सफर ढाई घंटे का है। खंभात के पास में पूर्व की ओर डेढ कि.मी. की दूरी पर शकरपुर गांव है। जहां चिंतामणि पार्श्वनाथ भगवान, विहरमान श्री सीमंधर स्वामी भगवान और साथ में है गुरु मंदिर इस गुरु मंदिर में विराजित हैं गुरु गौतम स्वामी। यहां के शिलालेख में विजय हीरसूरी म.सा. और विजय सेन सूरी म.सा. के नाम का उल्लेख है।

'श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ भगवान' का मंदिर सं. 1653 पहले के समय का है। श्री सीमंधर स्वामी का मंदिर सं. 1659 के आस पास का है। कई वर्षों तक इस मंदिर का वहीवट सेठ श्री रमणलाल दलसुख भाई के हाथ में था। अब इन मंदिरों की पूरी व्यवस्था, देखभाल श्री तपागच्छ अमर जैन शाला संघ के तत्वावधान में है। खंभात का प्राचीन जैन इतिहास के ग्रंथ के अनुसार इस मंदिर का जीर्णोद्धार श्री विजय नेमिसूरी म.सा. की निश्रा में हुआ था। चिंतामणि पार्श्वनाथ के जिनालय में आरस (मकराना) के पत्थर पर चौकीशी का उल्लेख है।

आज यहां जो गुरु मंदिर है उसकी स्थापना श्री विजय नेमिसूरी म.सा. ने करवाई थी। गुरु मंदिर में श्री गौतम स्वामी भगवान की साधुवेश में मूर्ति है। सं. 1947 में जयति हुअण स्तोत्र ग्रंथ की प्रस्तावना में खंभात के विस्तार के सभी जिनालयों के बाद शकरपुर गांव में ये दोनों जिनालय है ऐसा उल्लेख है लोकोक्ति ऐसी है कि इस गांव को अकबर बादशाह ने बसाया था। उस समय उसे शक्रपुर के नाम से जाना जाता था। जिनालय के चौगान में एक लेख है। इस लेख में कवि ऋषभे सं. 1670 में रचित अपने साहित्य 'कुमार पाल रास हैं यह विगत है। श्री गौतम स्वामी की मूर्ति के पीछे अशोकवृक्ष का चित्र है। महावीर स्वामी

एक परिचय

श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ

-श्रीमती चेतना शाह

'हमारी संस्कृति और हमारे तीर्थ' यह लेख के माध्यम से हमने पहले (गतांक) में खारवाडा के 'श्री स्थंभन पार्श्वनाथ भगवान' के मंदिर की जानकारी प्राप्त की। इस बार हम वहीं त्रंबावटी नगरी यानि खंभात के पास में बसे हुए गांव शकरपुर की जानकारी प्राप्त करेंगे। यह गांव है तो छोटा सा पर यहां दो जिन मंदिर और एक गुरु मंदिर एक ही स्थान पर बने हुए हैं।

मैंने इस लेख को लिखते वक्त दो पुस्तकों का सहारा लिया है।

1. ''चालो स्तंभन तीर्थ'' संकलन-संपादन मुनि कल्याण बोधि विजय जी म.सा.

2. ''खंभात के जिनालय'' चंद्रकांत जी कडिया सेठ आणंद जी कल्याण जी, अहमदाबाद

अहमदाबाद से खंभात का सफर ढाई घंटे का है। खंभात के पास में पूर्व की ओर डेढ कि.मी. की दूरी पर शकरपुर गांव है। जहां चिंतामणि पार्श्वनाथ भगवान, विहरमान श्री सीमंधर स्वामी भगवान और साथ में है गुरु मंदिर इस गुरु मंदिर में विराजित हैं गुरु गौतम स्वामी। यहां के शिलालेख में विजय हीरसूरी म.सा. और विजय सेन सूरी म.सा. के नाम का उल्लेख है।

'श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ भगवान' का मंदिर सं. 1653 पहले के समय का है। श्री सीमंधर स्वामी का मंदिर सं. 1659 के आस पास का है। कई वर्षो तक इस मंदिर का वहीवट सेठ श्री रमणलाल दलसुख भाई के हाथ में था। अब इन मंदिरों की पूरी व्यवस्था, देखभाल श्री तपागच्छ अमर जैन शाला संघ के तत्वावधान में है। खंभात का प्राचीन जैन इतिहास के ग्रंथ के अनुसार इस मंदिर का जीर्णोद्धार श्री विजय नेमिसूरी म.सा. की निश्रा में हुआ था। चिंतामणि पार्श्वनाथ के जिनालय में आरस (मकराना) के पत्थर पर चौकीशी का उल्लेख है।

आज यहां जो गुरु मंदिर है उसकी स्थापना श्री विजय नेमिसूरी म.सा. ने करवाई थी। गुरु मंदिर में श्री गौतम स्वामी भगवान की साधुवेश में मूर्ति है। सं. 1947 में जयति हुअण स्तोत्र ग्रंथ की प्रस्तावना में खंभात के विस्तार के सभी जिनालयों के बाद शकरपुर गांव में ये दोनों जिनालय है ऐसा उल्लेख है लोकोक्ति ऐसी है कि इस गांव को अकवर बादशाह ने बसाया था। उस समय उसे शक्रपुर के नाम से जाना जाता था। जिनालय के चौगान में एक लेख है। इस लेख में कवि ऋषभे सं. 1670 में रचित अपने साहित्य 'कुमार पाल रास हैं यह विगत है। श्री गौतम स्वामी की मूर्ति के पीछे अशोकवृक्ष का चित्र है। महावीर स्वामी

स्वाध्याय :
स्व को जानने का सशक्त माध्यम

-कु. शानु जैन

जिस प्रकार -

वृक्षों की शोभा फल-फूलों से होती है
सरिता की शोभा प्रवाह से होती है
चिंतन के साथ सोचो भाग्यवानों,
जीवन की शोभा स्वाध्याय से होती है।

स्वाध्याय दो शब्दों के मेल से बना है- स्व + अध्याय। स्व अर्थात् स्वयं का और अध्याय अर्थात् चिंतन, मनन करना। तात्पर्य यह है कि किसी अन्य साधना के बिना अपने आप ही अपना अध्ययन करना स्वाध्याय है। वास्तव में 'मैं कौन हूँ' ये समझना ही स्वाध्याय है। जैसा कि कहते हैं-

'भाग्य को चमकाने को पुरुषार्थ चाहिये।
भावों को दर्शाने को शब्दार्थ चाहिये।
आत्मा के निकट पहुंचने के लिए,
जीवन में स्वाध्याय का समावेश चाहिये।'

स्वाध्याय अज्ञानन्धकार को दूर करता है, प्रकाश फैलाता है शान्ति प्रदान करता है, क्रोध को विनष्ट करता है, धर्म को विस्तृत करता है और पाप को धुनता है। जिस प्रकार एक धनुर्धारी बिना बाण के लक्ष्य वेध नहीं सकता ठीक उसी प्रकार मानव भी बिना स्वाध्याय के मोक्ष रूपी लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकता।

अब प्रश्न उठता है कि जब हमारा जीवन इतना सरल और सुगम है तो स्वाध्याय की बंदिश लगाने की क्या आवश्यकता है ? तो इसका उत्तर यह दिया जा सकता है कि जैसे नदी के प्रवाह को मर्यादित रखने के लिए दो किनारों की जरूरत होती है वैसे ही स्वयं के वास्तविक स्वरूप को जानकर सच्चे आनंद की प्राप्ति करने के लिए ही स्वाध्याय की आवश्यकता अनुभव होती है। जैसे सूर्य के उदय होते ही अंधकार लुप्त हो जाता है उसी प्रकार स्वाध्याय रूपी सूर्य के महाप्रकाश में राग-द्वेष-कषाय रूपी अन्धकार टिक ही नहीं सकता।

स्वाध्याय तो जीवन का अमृत है। स्वाध्याय करने से अनेक ज्ञान की बातें हमारी दृष्टि में आती हैं, कर्म-मल का लेप दूर होता है, मन को शांति की अनुभूति होती है। अहम, दंभ, ममत्व, स्वार्थपरक भाव मिट जाते हैं और स्वाध्याय करने वाला साधक अंत में अजर अमर पद को प्राप्त करता है।

आचारांग सूत्र में कहा गया है-

''जो अपने को नहीं जानता,
वह दूसरों को क्या जानेगा ?''

अब प्रश्न उठता है कि स्वाध्याय किसका करें? तो हमें ऐसा साहित्य पढ़ना चाहिये जिससे आत्मोत्थान की प्रेरणा मिले। जिससे हमारा चित्त, वाणी, विचार सभी शुद्ध हों। जिस प्रकार मूल के बिना वृक्ष नहीं होता, नींव के बिना मकान नहीं बनता और एक अंक के बिना शून्य का कोई मूल्य नहीं होता उसी प्रकार स्वाध्याय के बिना अन्य धार्मिक क्रियाओं का कोई महत्व नहीं होता।

स्वाध्याय :
स्व को जानने का सशक्त माध्यम

-कु. शानु जैन

जिस प्रकार -

वृक्षों की शोभा फल-फूलों से होती है
सरिता की शोभा प्रवाह से होती है
चिंतन के साथ सोचो भाग्यवानों,
जीवन की शोभा स्वाध्याय से होती है।

स्वाध्याय दो शब्दों के मेल से बना है- स्व + अध्याय। स्व अर्थात् स्वयं का और अध्याय अर्थात् चिंतन, मनन करना। तात्पर्य यह है कि किसी अन्य साधना के बिना अपने आप ही अपना अध्ययन करना स्वाध्याय है। वास्तव में 'मैं कौन हूँ' ये समझना ही स्वाध्याय है। जैसा कि कहते हैं-

'भाग्य को चमकाने को पुरुषार्थ चाहिये।
भावों को दर्शाने को शब्दार्थ चाहिये।
आत्मा के निकट पहुंचने के लिए,
जीवन में स्वाध्याय का समावेश चाहिये।'

स्वाध्याय अज्ञानन्धकार को दूर करता है, प्रकाश फैलाता है शान्ति प्रदान करता है, क्रोध को विनष्ट करता है, धर्म को विस्तृत करता है और पाप को धुनता है। जिस प्रकार एक धनुर्धारी बिना बाण के लक्ष्य वेध नहीं सकता ठीक उसी प्रकार मानव भी बिना स्वाध्याय के मोक्ष रूपी लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकता।

अब प्रश्न उठता है कि जब हमारा जीवन इतना सरल और सुगम है तो स्वाध्याय की बंदिश लगाने की क्या आवश्यकता है? तो इसका उत्तर यह दिया जा सकता है कि जैसे नदी के प्रवाह को मर्यादित रखने के लिए दो किनारों की जरूरत होती है वैसे ही स्वयं के वास्तविक स्वरूप को जानकर सच्चे आनंद की प्राप्ति करने के लिए ही स्वाध्याय की आवश्यकता अनुभव होती है। जैसे सूर्य के उदय होते ही अंधकार लुप्त हो जाता है उसी प्रकार स्वाध्याय रूपी सूर्य के महाप्रकाश में राग-द्वेष-कषाय रूपी अन्धकार टिक ही नहीं सकता।

स्वाध्याय तो जीवन का अमृत है। स्वाध्याय करने से अनेक ज्ञान की बातें हमारी दृष्टि में आती हैं, कर्म-मल का लेप दूर होता है, मन को शांति की अनुभूति होती है। अहम, दंभ, ममत्व, स्वार्थपरक भाव मिट जाते हैं और स्वाध्याय करने वाला साधक अंत में अजर अमर पद को प्राप्त करता है।

आचारांग सूत्र में कहा गया है-

"जो अपने को नहीं जानता,
वह दूसरों को क्या जानेगा?"

अब प्रश्न उठता है कि स्वाध्याय किसका करें? तो हमें ऐसा साहित्य पढ़ना चाहिये जिससे आत्मोत्थान की प्रेरणा मिले। जिससे हमारा चित्त, वाणी, विचार सभी शुद्ध हों। जिस प्रकार मूल के बिना वृक्ष नहीं होता, नींव के बिना मकान नहीं बनता और एक अंक के बिना शून्य का कोई मूल्य नहीं होता उसी प्रकार स्वाध्याय के बिना अन्य धार्मिक क्रियाओं का कोई महत्व नहीं होता।

जैन धर्म में तीर्थंकर-मान्यता

-श्रीमती प्रमिला देवी भाडियां

जैन परम्परा में सर्वोपरि उपासनीय देवाधि देव अर्हन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु नामक पंच परमेष्ठी माने गये हैं। अर्हन्त आत्मसाधना द्वारा ज्ञानावरणी दर्शनावरणी, मोहनीय और अन्तराय इन चार कर्मो जो घातिया कर्म कहलाते हैं-के क्षय से बनते हैं। इन कर्मो के क्षय से उनकी आत्मा के अनन्त ज्ञान अनन्त दर्शन अनन्त सुख और अनन्त वीर्य गुण प्रगट हो जाते हैं। अर्हन्त, अरहन्त, अरि-अरिहन्त ये शब्द समानर्थक है। इन सबका एक ही अर्थ है अरि अर्थात शत्रु हन्त अर्थात नाश करने वाला। आत्मा के शत्रु कर्म हें। उनका नाश करने वाला अर्हन्त कहलाता है। सिद्ध वह आत्म कहलाती है जिसने सम्पूर्ण कर्मो का क्षय करके शुद्ध आत्मा स्वरुप की प्राप्ति कर ली है तथा जो संसार में सदा काल के लिये जन्म मरण की परम्परा से मुक्त हो चुका है। अर्हन्त और सिद्ध दोनों ही परमात्मा कहलाते है। अन्तर इतना ही है कि अर्हन्त सशरीरी परमात्मा हैं और सिद्ध अशरीरी परमात्मा है। आयु कर्म शेष रहने के कारण अर्हन्त के चार कर्म जो अघातिया कर्म कहलाते हैं अभी शेष हैं जब उनके वे चारों अघातिया कर्म नष्ट हो जाते हैं तब वे अशरीरी परमात्मा बन जाते हैं वे ही सिद्ध कहलाते हैं।

शेष तीन परमेष्ठी-आचार्य उपाध्याय और साधु साधक दशा में है और उनका लक्ष्य आत्म साधना द्वारा आत्म सिद्धि प्राप्त कर क्रमशः अर्हन्त और सिद्ध बनना है। साधु समस्त आरम्भ और परिग्रह का त्याग करके ध्यानाध्ययन द्वारा आत्म साधना करते हैं और साधुओं में विशिष्ट ज्ञानी साधु अन्य साधुओं को अध्ययन कराते हैं। उन साधुओं में से विशिष्ट ज्ञानवान आचार सम्पन्न, शासन-अनुशासन में सक्षम व्यवहार कुशल साधु को साधु साध्वी श्रावक और श्राविका यह चतुर्विध संघ अपना धर्म नायक स्वीकार करके उन्हें आचार्य पद प्रदान करता है। वह आचार्य कहलाते है। इस प्रकार साधु उपाध्याय और आचार्य ये तीन और परमेष्ठी होते हैं। ये ही पंच परमेष्ठी कहलाते हैं।

जैन परम्परा में मान्य महामंत्र णमोकार में इन्हीं पंच परमेष्ठियों को नमस्कार किया गया है। किसी व्यक्ति विशेष का नामोल्लेख न करके एतद गुणों से विभूषित आत्माओं को ही परमेष्ठी माना गया है। इससे

जैन धर्म में तीर्थंकर-मान्यता

-श्रीमती प्रमिला देवी भाडियां

जैन परम्परा में सर्वोपरि उपासनीय देवाधि देव अर्हन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु नामक पंच परमेष्ठी माने गये हैं। अर्हन्त आत्मसाधना द्वारा ज्ञानावरणी दर्शनावरणी, मोहनीय और अन्तराय इन चार कर्मो जो घातिया कर्म कहलाते हैं-के क्षय से बनते हैं। इन कर्मो के क्षय से उनकी आत्मा के अनन्त ज्ञान अनन्त दर्शन अनन्त सुख और अनन्त वीर्य गुण प्रगट हो जाते हैं। अर्हन्त, अरहन्त, अरि-अरिहन्त ये शब्द समानर्थक है। इन सबका एक ही अर्थ है अरि अर्थात शत्रु हन्त अर्थात नाश करने वाला। आत्मा के शत्रु कर्म हैं। उनका नाश करने वाला अर्हन्त कहलाता है। सिद्ध वह आत्म कहलाती है जिसने सम्पूर्ण कर्मो का क्षय करके शुद्ध आत्मा स्वरूप की प्राप्ति कर ली है तथा जो संसार में सदा काल के लिये जन्म मरण की परम्परा से मुक्त हो चुका है। अर्हन्त और सिद्ध दोनों ही परमात्मा कहलाते है। अन्तर इतना ही है कि अर्हन्त सशरीरी परमात्मा है और सिद्ध अशरीरी परमात्मा है। आयु कर्म शेष रहने के कारण अर्हन्त के चार कर्म जो अघातिया कर्म कहलाते हैं अभी शेष हैं जब उनके वे चारों अघातिया कर्म नष्ट हो जाते हैं तब वे अशरीरी परमात्मा बन जाते हैं वे ही सिद्ध कहलाते हैं।

शेष तीन परमेष्ठी-आचार्य उपाध्याय और साधु साधक दशा में है और उनका लक्ष्य आत्म साधना द्वारा आत्म सिद्धि प्राप्त कर क्रमशः अर्हन्त और सिद्ध बनना है। साधु समस्त आरम्भ और परिग्रह का त्याग करके ध्यानाध्ययन द्वारा आत्म साधना करते हैं और साधुओं में विशिष्ट ज्ञानी साधु अन्य साधुओं को अध्ययन कराते हैं। उन साधुओं में से विशिष्ट ज्ञानवान आचार सम्पन्न, शासन-अनुशासन में सक्षम व्यवहार कुशल साधु को साधु साध्वी श्रावक और श्राविका यह चतुर्विध संघ अपना धर्म नायक स्वीकार करके उन्हें आचार्य पद प्रदान करता है। वह आचार्य कहलाते है। इस प्रकार साधु उपाध्याय और आचार्य ये तीन और परमेष्ठी होते हैं। ये ही पंच परमेष्ठी कहलाते हैं।

जैन परम्परा में मान्य महामंत्र णमोकार में इन्हीं पंच परमेष्ठियों को नमस्कार किया गया है। किसी व्यक्ति विशेष का नामोल्लेख न करके एतद गुणों से विभूषित आत्माओं को ही परमेष्ठी माना गया है। इससे

श्री महावीर जी तीर्थ

राजस्थान में बम्बई-दिल्ली मार्ग पर स्थित श्री महावीर जी रेल्वे स्टेशन से चार किलोमीटर दूरी पर श्री महावीर जी का प्राचीन प्रसिद्ध जैन तीर्थ है। इस मंदिर के मूलनायक भगवान श्री महावीर स्वामी की प्रतिमा भूगर्भ से प्राप्त मल्यागिरी रंग की अति भव्य, मनमोहक एवं चमत्कारी है।

यह प्रतिमा श्वेताम्बर है जिस पर कन्दोरा लंगोट के स्पष्ट चिह्न है एवं नेत्र खुले हुए है। यह भी ऐतिहासिक तथ्य है कि इस मंदिर एवं मंदिर के चारों ओर स्थित कटला (धर्मशाला) का निर्माण श्वेताम्बर आमनाय के श्री जोधराज जी पल्लीवाल, भरतपुर राज्य के तत्कालीन दीवान ने करवाया था। इस मंदिर की प्रतिष्ठा भी संवत् 1826 में श्वेताम्बर मान्यता के विजयगच्छीय महानन्द सागरा सूरि जी द्वारा करवाई गई।

इस मंदिर का प्रबन्ध एवं अधिकार दीर्घकाल तक इसी क्षेत्र के श्वेताम्बर धर्मावलंबियों की पंचायत द्वारा होता रहा किन्तु कालान्तर में समीपवर्ती जयपुर रियासत के दिगम्बर बन्धुओं के राज्य में विभिन्न पदों पर उच्चासीन होने से उन्होंने अपने पद व अधिकार का लाभ उठाकर इस तीर्थ व इसकी व्यवस्था पर अनाधिकृत कब्जा कर लिया।

इस अनाधिकृत कब्जे के विरोध में उस क्षेत्र की जागरूक श्वेताम्बर जैन पल्लीवाल पंचायत ने स्व. श्री नारायण लाल जी पल्लीवाल के नेतृत्व में संगठित होकर इस तीर्थ को दिगम्बर समाज के कब्जे से मुक्त कराने को प्रयासरत होकर न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया। वर्ष 1973 में सम्पूर्ण श्वेताम्बर समाज की प्रतिनिधि संस्था के रूप में श्री जैन श्वेताम्बर (मूर्तिपूजक) श्री महावीर जी तीर्थ रक्षा समिति के नाम से संस्था का रजिस्ट्रेशन कराया गया। यह संस्था इसी महती ध्येय में सतत् प्रयत्नशील है। निरन्तर विभिन्न न्यायालयों में वाद-प्रतिवाद चलते रहने के परिणामतः श्वेताम्बर समाज की ओर से अब इस विवाद के सम्बन्ध में राजस्थान उच्च न्यायालय में दिनांक 2.2.95 को अपील प्रस्तुत कर न्याय चाहा गया है। दिगम्बर समाज द्वारा अपने प्रभुत्व का सदपुयोग कर विभिन्न बाधाएं खड़ी करने पर भी श्वेताम्बर समाज ने न्यायालय में उक्त तीर्थ श्वेताम्बर होने के प्रमाण में अपने 18 गवाह करवाकर अकाट्य प्रमाण प्रस्तुत कर दिये हैं।

इस समिति की ओर से इस वाद में

श्री महावीर जी तीर्थ

राजस्थान में बम्बई-दिल्ली मार्ग पर स्थित श्री महावीर जी रेल्वे स्टेशन से चार किलोमीटर दूरी पर श्री महावीर जी का प्राचीन प्रसिद्ध जैन तीर्थ है । इस मंदिर के मूलनायक भगवान श्री महावीर स्वामी की प्रतिमा भूगर्भ से प्राप्त मल्यागिरी रंग की अति भव्य, मनमोहक एवं चमत्कारी है ।

यह प्रतिमा श्वेताम्बर है जिस पर कन्दोरा लंगोट के स्पष्ट चिह्न है एवं नेत्र खुले हुए है । यह भी ऐतिहासिक तथ्य है कि इस मंदिर एवं मंदिर के चारों ओर स्थित कटला (धर्मशाला) का निर्माण श्वेताम्बर आमनाय के श्री जोधराज जी पल्लीवाल, भरतपुर राज्य के तत्कालीन दीवान ने करवाया था । इस मंदिर की प्रतिष्ठा भी संवत् 1826 में श्वेताम्बर मान्यता के विजयगच्छीय महानन्द सागरा सूरि जी द्वारा करवाई गई ।

इस मंदिर का प्रबन्ध एवं अधिकार दीर्घकाल तक इसी क्षेत्र के श्वेताम्बर धर्मावलंबियों की पंचायत द्वारा होता रहा किन्तु कालान्तर में समीपवर्ती जयपुर रियासत के दिगम्बर बन्धुओं के राज्य में विभिन्न पदों पर उच्चासीन होने से उन्होंने अपने पद व अधिकार का लाभ उठाकर इस तीर्थ व इसकी व्यवस्था पर अनाधिकृत कब्जा कर लिया ।

इस अनाधिकृत कब्जे के विरोध में उस क्षेत्र की जागरूक श्वेताम्बर जैन पल्लीवाल पंचायत ने स्व. श्री नारायण लाल जी पल्लीवाल के नेतृत्व में संगठित होकर इस तीर्थ को दिगम्बर समाज के कब्जे से मुक्त कराने को प्रयासरत होकर न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया । वर्ष 1973 में सम्पूर्ण श्वेताम्बर समाज की प्रतिनिधि संस्था के रूप में श्री जैन श्वेताम्वर (मूर्तिपूजक) श्री महावीर जी तीर्थ रक्षा समिति के नाम से संस्था का रजिस्ट्रेशन कराया गया । यह संस्था इसी महती ध्येय में सतत् प्रयत्नशील है । निरन्तर विभिन्न न्यायालयों में वाद-प्रतिवाद चलते रहने के परिणामतः श्वेताम्वर समाज की ओर से अब इस विवाद के सम्बन्ध में राजस्थान उच्च न्यायालय में दिनांक 2.2.95 को अपील प्रस्तुत कर न्याय चाहा गया है । दिगम्बर समाज द्वारा अपने प्रभुत्व का सदपुयोग कर विभिन्न बाधाएं खड़ी करने पर भी श्वेताम्बर समाज ने न्यायालय में उक्त तीर्थ श्वेताम्बर होने के प्रमाण में अपने 18 गवाह करवाकर अकाट्य प्रमाण प्रस्तुत कर दिये हैं ।

इस समिति की ओर से इस वाद में

श्री आत्मानन्द जैन सेवक मण्डल, जयपुर

-श्री ललित दुग्गड, ¡०

मुझे मंडल का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये अत्यन्त प्रसन्नता एवं गर्व का अनुभव हो रहा है । मंडल परिवार के समस्त कार्यकर्ता हमारे संघ तथा अन्य संघों द्वारा आयोजित विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पूर्ण मनोयोग एवं तन्मयता से भाग लेते हैं ।

विगत चातुर्मास में यहां विराजित सा. श्री स्वर्णप्रभा श्री जी म.सा. आदि ठाणा के सान्निध्य में हुयी चातुर्मासिक गतिविधियों में मंडल परिवार ने उल्लासपूर्वक भाग लेकर जिन शासन की शोभा में अभिवृद्धि की । पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के आठों दिन भव्य स्नात्र पूजा एवं भव्यातिभव्य अंग रचना में मंडल के कार्यकर्ताओं ने अपना योगदान दिया।

पर्वाधिराज पर्युषण की पूर्णाहुति पर मंडल परिवार द्वारा कई वर्षो बाद जयपुर के आस-पास के मंदिरों के दर्शनार्थ एक दिवसीय यात्रा (चैत्य परिपाटी) का आयोजन किया गया । इसमें संघपति के रूप में श्रीमान् मोतीलाल जी कटारिया, श्री शैलेश भाई शाह, श्री प्रकाश भाई डी.शाह, श्री कुमारपाल जी दुग्गड एवं श्रीमती लाड बाई सा सिंघी परिवार ने लाभ लिया एवं इस यात्रा की पूर्णाहुति शाम की नवकारसी का लाभ [illegible] कुशलजी भंसाली परिवार ने लिया ।

मंडल परिवार इन सभी महानुभावों [illegible] हार्दिक आभार व्यक्त करता है । एक दि[illegible] यात्रा जहां-जहां दर्शनार्थ गयी वहां के संघ [illegible] प्रतिनिधियों ने यात्रा का गर्मजोशी से [illegible] किया । मंडल परिवार उन सभी संघों [illegible] उनके पदाधिकारियों का हार्दिक आभार व्य[illegible] करता है । इस यात्रा में हमारे [illegible] कार्यकर्ताओं तथा हमारे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं [illegible] बहुत सहयोग रहा, मैं सभी का हार्दिक आ[illegible] व्यक्त करता हूँ । इस शुभ अवसर पर [illegible] परिवार द्वारा सभी संघपतियों, श्री [illegible] कुशलजी भंसाली एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं [illegible] बहुमान भी किया गया।

मंडल परिवार, संघ द्वारा आ[illegible] सुमतिनाथ जिनालय, बरखेडा तीर्थ, जनत कॉलोनी, चंदलाई मंदिरों के वार्षिकोत्सव [illegible] अन्य कार्यक्रमों में तथा वर्ष भर के [illegible] यहां पधारने वाले आचार्य भगवंतों तथ[illegible] साधु-साध्वियों के प्रवेश तथा वर्तमान [illegible] चातुर्मासार्थ विराजित प.पू. सा. दिनमणी श्री जी म.सा. आदि ठाणा के मंगल प्रवेश इत्यादि

श्री आत्मानन्द जैन सेवक मण्डल, जयपुर

-श्री ललित दुग्गड, ।०

मुझे मंडल का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये अत्यन्त प्रसन्नता एवं गर्व का अनुभव हो रहा है। मंडल परिवार के समस्त कार्यकर्ता हमारे संघ तथा अन्य संघों द्वारा आयोजित विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पूर्ण मनोयोग एवं तन्मयता से भाग लेते हैं।

विगत चातुर्मास में यहां विराजित सा. श्री स्वर्णप्रभा श्री जी म.सा. आदि ठाणा के सान्निध्य में हुयी चातुर्मासिक गतिविधियों में मंडल परिवार ने उल्लासपूर्वक भाग लेकर जिन शासन की शोभा में अभिवृद्धि की। पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के आठों दिन भव्य स्नात्र पूजा एवं भव्यातिभव्य अंग रचना में मंडल के कार्यकर्ताओं ने अपना योगदान दिया।

पर्वाधिराज पर्युषण की पूर्णाहुति पर मंडल परिवार द्वारा कई वर्षो बाद जयपुर के आस-पास के मंदिरों के दर्शनार्थ एक दिवसीय यात्रा (चैत्य परिपाटी) का आयोजन किया गया। इसमें संघपति के रूप में श्रीमान् मोतीलाल जी कटारिया, श्री शैलेश भाई शाह, श्री प्रकाश भाई डी.शाह, श्री कुमारपाल जी दुग्गड एवं श्रीमती लाड बाई सा सिंघी परिवार ने लाभ लिया एवं इस यात्रा की पूर्णाहुति शाम की नवकारसी का लाभ ... कुशलजी भंसाली परिवार ने लिया।

मंडल परिवार इन सभी महानुभावों ... हार्दिक आभार व्यक्त करता है। एक दि... यात्रा जहां-जहां दर्शनार्थ गयी वहां के संघ ... प्रतिनिधियों ने यात्रा का गर्मजोशी से ... किया। मंडल परिवार उन सभी संघों ... उनके पदाधिकारियों का हार्दिक आभार व्य... करता है। इस यात्रा में हमारे ... कार्यकर्ताओं तथा हमारे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं क... बहुत सहयोग रहा, मैं सभी का हार्दिक आ... व्यक्त करता हूँ। इस शुभ अवसर पर ... परिवार द्वारा सभी संघपतियों, श्री ... कुशलजी भंसाली एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं ... बहुमान भी किया गया।

मंडल परिवार, संघ द्वारा आ... सुमतिनाथ जिनालय, बरखेडा तीर्थ, जनत... कॉलोनी, चंदलाई मंदिरों के वार्षिकोत्सव ... अन्य कार्यक्रमों में तथा वर्ष भर के ... यहां पधारने वाले आचार्य भगवंतों तथ... साधु-साध्वियों के प्रवेश तथा वर्तमान ... चातुर्मासार्थ विराजित प.पू. सा. दिनमणी श्री जी म.सा. आदि ठाणा के मंगल प्रवेश इत्यादि

श्री सुमति जिन श्राविका संघ

-श्रीमती मीना कटारिया, *महामंत्री*

मानव की सर्वोत्कृष्ट निधि है पूजा व भक्ति । भक्ति जब संगीत के संग प्रस्फुटित होती है तो अमृत छाया प्रवाहित होती हुई तन-मन को स्वस्थ बनाती है । भक्ति भावों का गुंजन है । भाव शब्दों को संगीत अलंकार पहनाकर सार्थकता प्रदान करते हैं । संगीत के माध्यम से पूजा भक्ति करने से वीतराग प्रभु के दर्शन के साथ व्यक्तित्व को आत्मानुभूति की ओर मोडकर सहज मुक्ति की दृढ आकांक्षा प्रदान करते हैं । ध्यान-तप-योग आदि भी मुक्ति के मार्ग हैं किन्तु सभी कठिन, सामान्य व्यक्ति की पहुंच से परे हैं । इसीलिये महापुरुषों ने अनेक पद-स्तुति-स्तवनों व पूजाओं की रचना की है । महाकवियों ने भगवान के साथ पूजा करते हुए भक्ति करते हुए बातें भी की हे । इन्हीं परम्पराओं को कायम रखने के लिये कई संस्थाओं, मंडलों का गठन किया जाता है ।

श्री संघ के परम पुण्योदय से प.पू. आचार्य श्री वल्लभसूरीश्वर जी म.सा. की समुदायवर्तिनी सा. श्री राजेन्द्र श्री जी म.सा. की शिष्या सा. श्री देवेन्द्र श्री जी म.सा. की प्रेरणा से 1-10-93 को श्री सुमति जिन श्राविका संघ का गठन हुआ था । मंडल का उद्देश्य परमात्मा की भक्ति-पूजा भावना है और धार्मिक सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय भाग लेना है । स्थापना के कुछ ही महीनों में मंडल उन्नति के पथ पर चल पड़ा । मंडल का भविष्य प्रकाशमान है । प.पू. [illegible] श्री जी म.सा. के आशीर्वाद व श्री जैन श्वे. [illegible] संघ, जयपुर एवं श्री [illegible] नागौरी के सहयोग से श्री जिन सुमति श्राविका संघ आज जयपुर में नये आयाम कायम कर रहा है । मंडल की संरक्षिका श्रीमती सुशीला जी छजलानी का सहयोग भी हमेशा रहता है । पूजा पढाना हमारी नियमित दिनचर्या का हिस्सा सा हो गया है । अंतरायकर्म निवारण पूजा हो या वास्तुक पूजा हो, बरखेडा में पूजा हो या जनता कॉलोनी मंदिर में सत्तरह भेदी पूजा हो मंडल सदैव अपनी सेवाएं देता आ रहा है । पूजाओं में संघ की तरफ से एवं व्यक्तिगत आधार पर मंडल को जो भेंट दी जाती है उसके लिये हम बहिनें सभी का धन्यवाद ज्ञापित करती हैं । प्राप्त राशि में से सामाजिक व धार्मिक कार्यो में अपना योगदान देते हैं व मंडल की सदस्याओं को गणवेश या प्रतीक चिह्न आदि भेंट स्वरूप देते हैं ।

श्री जिन सुमति श्राविका संघ द्वारा प्रत्येक माह की पहली तारीख को सामूहिक सामायिक की जाती हे व 15 ता. को स्नात्र पूजा पढाई जाती हे जिसका लाभ भी मंडल की बहनों द्वारा ही लिया जाता है ।

समय-समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते है । इसी श्रृंखला में हर वर्ष की भांति गत वर्ष भी पर्यूषण पर्व पर प.पू. महत्तरा सा. श्री सुमंगला श्री जी म.सा. की सुशिष्याएं प.पू. सा. स्वर्णप्रभा श्री जी म.सा., सा. अमृतप्रभा श्री जी म.सा. [illegible] श्री जी म.सा. की निश्रा में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया था । जिसमें सम्मानित मंडल,

श्री सुमति जिन श्राविका संघ

-श्रीमती मीना कटारिया, *महामंत्री*

मानव की सर्वोत्कृष्ट निधि है पूजा व भक्ति। भक्ति जब संगीत के संग प्रस्फुटित होती है तो अमृत छाया प्रवाहित होती हुई तन-मन को स्वस्थ बनाती है। भक्ति भावों का गुंजन है। भाव शब्दों को संगीत अलंकार पहनाकर सार्थकता प्रदान करते हैं। संगीत के माध्यम से पूजा भक्ति करने से वीतराग प्रभु के दर्शन के साथ व्यक्तित्व को आत्मानुभूति की ओर मोडकर सहज मुक्ति की दृढ आकांक्षा प्रदान करते हैं। ध्यान-तप-योग आदि भी मुक्ति के मार्ग हैं किन्तु सभी कठिन, सामान्य व्यक्ति की पहुंच से परे हैं। इसीलिये महापुरुषों ने अनेक पद-स्तुति-स्तवनों व पूजाओं की रचना की है। महाकवियों ने भगवान के साथ पूजा करते हुए भक्ति करते हुए बातें भी की हे। इन्हीं परम्पराओं को कायम रखने के लिये कई संस्थाओं, मंडलों का गठन किया जाता है।

श्री संघ के परम पुण्योदय से प.पू. आचार्य श्री वल्लभसूरीश्वर जी म.सा. की समुदायवर्तिनी सा. श्री राजेन्द्र श्री जी म.सा. की शिष्या सा. श्री देवेन्द्र श्री जी म.सा. की प्रेरणा से 1-10-93 को श्री सुमति जिन श्राविका संघ का गठन हुआ था। मंडल का उद्देश्य परमात्मा की भक्ति-पूजा भावना है और धार्मिक सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय भाग लेना है। स्थापना के कुछ ही महीनों में मंडल उन्नति के पथ पर चल पड़ा। मंडल का भविष्य प्रकाशमान है। प.पू. [illegible] श्री जी म.सा. के आशीर्वाद व श्री जैन श्वे. [illegible] संघ, जयपुर एवं श्री [illegible] नागौरी के सहयोग से श्री जिन सुमति श्राविका संघ आज जयपुर में नये आयाम कायम कर रहा है। मंडल की संरक्षिका श्रीमती सुशीला जी छजलानी का सहयोग भी हमेशा रहता है। पूजा पढाना हमारी नियमित दिनचर्या का हिस्सा सा हो गया है। अंतरायकर्म निवारण पूजा हो या वास्तुक पूजा हो, बरखेडा में पूजा हो या जनता कॉलोनी मंदिर में सत्तरह भेदी पूजा हो मंडल सदैव अपनी सेवाएं देता आ रहा है। पूजाओं में संघ की तरफ से एवं व्यक्तिगत आधार पर मंडल को जो भेंट दी जाती है उसके लिये हम बहिनें सभी का धन्यवाद ज्ञापित करती हैं। प्राप्त राशि में से सामाजिक व धार्मिक कार्यो में अपना योगदान देते हैं व मंडल की सदस्याओं को गणवेश या प्रतीक चिह्न आदि भेंट स्वरूप देते हैं।

श्री जिन सुमति श्राविका संघ द्वारा प्रत्येक माह की पहली तारीख को सामूहिक सामायिक की जाती हे व 15 ता. को स्नात्र पूजा पढाई जाती हे जिसका लाभ भी मंडल की बहनों द्वारा ही लिया जाता है।

समय-समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते हे। इसी श्रृंखला में हर वर्ष की भांति गत वर्ष भी पर्युषण पर्व पर प.पू. महत्तरा सा. श्री सुमंगला श्री जी म.सा. की सुशिष्याएं प.पू. सा. स्वर्णप्रभा श्री जी म.सा., सा. अमृतप्रभा श्री जी म.सा. श्री [illegible] श्री जी म.सा. की निश्रा में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया था। [illegible]

स्वरोजगार महिला प्रशिक्षण शिविर

-सुश्री सरोज कोचर, *शिविर संयोजिका*

आज से लगभग 15 वर्ष पूर्व भारत गौरव, कलिकाल चिन्तामणि, परमार क्षत्रियोद्धारक, परम पूज्य गच्छाधिपति आचार्य श्री विजयइन्द्रदिन्न सूरीश्वर जी म.सा. की सद्प्रेरणा से आपके पावन सान्निध्य में विजय इन्द्रदिन्न साधर्मिक सेवा कोष की स्थापना की गई थी। साधर्मी भाई बहिनों के सहायतार्थ इस कोष के माध्यम से शिक्षा स्वास्थ्य, स्वावलम्बन के क्षेत्र में विविध कार्य किये जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में गत वर्षों की भांति इस वर्ष कोंकण दीपक वर्तमान गच्छाधिपति श्रीमद्विजय रत्नाकर सूरीश्वर जी म.सा. के शुभाशीर्वाद से दिनांक 30 मई से 30 जून तक स्वरोजगार महिला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन विजयानन्द विहार में किया गया। श्री जैन श्वेताम्बर तपागच्छ संघ द्वारा निर्मित बहुद्देशीय श्री विजयानन्द विहार में आयोजित इस शिविर में भवन के नाम के अनुरूप आनन्द की लहर रही। सम्पूर्ण सुख-सुविधाओं से युक्त इस भवन में 32 प्रशिक्षकों से 1828 शिविरार्थियों ने विभिन्न प्रशिक्षण प्राप्त किये।

प्रभु सुमतिनाथ के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, प्रार्थना के साथ शिविर का शुभारम्भ 30 मई को किया गया शिविर में निम्नलिखित प्रशिक्षकों ने अपनी कर्मठता से निःशुल्क सेवाएं दी जिसके लिए श्री संघ की ओर से इनका अभिनन्दन किया गया।

1828 शिविरार्थियों को शिविर में पुष्प निर्माण, गिफ्ट पैकिंग, पाककला, बान्दरवार, पर्स बैग, क्रोशिया, विशिष्ट मेहन्दी, साधारण मेहन्दी, लैण्ड स्केप पैंटिंग, मौली पैंटिंग, क्ले पैंटिंग, डाइज पैंटिंग, स्टेंसिल पेंटिंग, मधुवनी पैंटिंग, ग्लास पैंटिंग, मखमली, कशीदा, सॉफ्ट टॉयज, मिनी सॉफ्ट टॉयज, टाई एण्ड डाई, ऊन के आसन, ऊन के खिलौने, कढाई, जरदौजी, मोती के आभूषण, जूट का सामान, सिलाई, कार्ड मैकिंग, काटन टॉयज, पेपर बैग, नृत्य, कैलीग्राफी, अंग्रेजी भाषा प्रशिक्षण, संस्कृत सम्भाषण का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के पश्चात् प्रत्येक कक्षा में परीक्षा आयोजित की गई जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। शिविर में जरूरतमंद 22 शिविरार्थियों को प्रशिक्षण सामग्री निःशुल्क दी गई। जिससे वे सीखकर स्वावलम्बी बन सकें।

इस सम्पूर्ण प्रशिक्षण में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री वीर बालिका

स्वरोजगार महिला प्रशिक्षण शिविर

-सुश्री सरोज कोचर, *शिविर संयोजिका*

आज से लगभग 15 वर्ष पूर्व भारत गौरव, कलिकाल चिन्तामणि, परमार क्षत्रियोद्धारक, परम पूज्य गच्छाधिपति आचार्य श्री विजयइन्द्रदिन्न सूरीश्वर जी म.सा. की सद्प्रेरणा से आपके पावन सान्निध्य में विजय इन्द्रदिन्न साधर्मिक सेवा कोष की स्थापना की गई थी । साधर्मी भाई बहिनों के सहायतार्थ इस कोष के माध्यम से शिक्षा स्वास्थ्य, स्वावलम्बन के क्षेत्र में विविध कार्य किये जा रहे हैं । इसी श्रृंखला में गत वर्षो की भांति इस वर्ष कोंकण दीपक वर्तमान गच्छाधिपति श्रीमद्‌विजय रत्नाकर सूरीश्वर जी म.सा. के शुभाशीर्वाद से दिनांक 30 मई से 30 जून तक स्वरोजगार महिला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन विजयानन्द विहार में किया गया । श्री जैन श्वेताम्बर तपागच्छ संघ द्वारा निर्मित वहुद्देशीय श्री विजयानन्द विहार में आयोजित इस शिविर में भवन के नाम के अनुरुप आनन्द की लहर रही । सम्पूर्ण सुख-सुविधाओं से युवत इस भवन में 32 प्रशिक्षकों रो 1828 शिविरार्थियों ने विभिन्न प्रशिक्षण प्राप्त किये ।

प्रभु सुमतिनाथ के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, प्रार्थना के साथ शिविर का शुभारम्भ 30 मई को किया गया शिविर में निम्नलिखित प्रशिक्षकों ने अपनी कर्मठता से निःशुल्क सेवाएं दी जिसके लिए श्री संघ की ओर से इनका अभिनन्दन किया गया ।

1828 शिविरार्थियों को शिविर में पुष्प निर्माण, गिफ्ट पैकिंग, पाककला, बान्दरवार, पर्स बैग, क्रोशिया, विशिष्ट मेहन्दी, साधारण मेहन्दी, लैण्ड स्केप पैंटिंग, मौली पैंटिंग, क्ले पैंटिंग, डाइज पैंटिंग, स्टेंसिल पेंटिंग, मधुवनी पैंटिंग, ग्लास पैंटिंग, मखमली, कशीदा, सॉफ्ट टॉयज, मिनी सॉफ्ट टॉयज, टाई एण्ड डाई, ऊन के आसन, ऊन के खिलौने, कढाई, जरदौजी, मोती के आभूपण, जूट का सामान, सिलाई, कार्ड मैकिंग, काटन टॉयज, पेपर बैग, नृत्य, कैलीग्राफी, अंग्रेजी भाषा प्रशिक्षण, संस्कृत सम्भाषण का प्रशिक्षण दिया गया ।

प्रशिक्षण के पश्चात् प्रत्येक कक्षा में परीक्षा आयोजित की गई जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया । शिविर में जरूरतमंद 22 शिविरार्थियों को प्रशिक्षण सामग्री निःशुल्क दी गई । जिससे वे सीखकर स्वावलम्बी बन सकें ।

इस सम्पूर्ण प्रशिक्षण में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री वीर बालिका

उसका सदुपयोग करना चाहिए ।

